कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी 10:32 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 253, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अंतरिक्ष उड़ानों के लिए गंभीर खतरा बना कचरा 18

वांटेड से मिली सिंघम बनाने की प्रेरणा : रोहित 17

## एक नजर

### तटरक्षक बल के दो जहाज अदम्य और अक्षर लांच

**नई दिल्ली।** भारतीय तट रक्षक ने सोमवार को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा निर्मित दो फास्ट पेट्रोल वेसल (एफपीवी) जहाज अदम्य और अक्षर एक साथ लॉन्च किए। भारतीय तटरक्षक के प्रवक्ता ने बताया कि ये जहाज उन आठ जहाजों का हिस्सा है जिनके लिए जीएसएल से 473 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है। ये दोनों 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ बनाए गए हैं। ये उन्नत जहाज सुरक्षा, निगरानी और नियंत्रण प्रणालियों से लैस हैं और इनसे तटरक्षकों को अपतटीय संपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों की रक्षा में मदद मिलेगी। इनकी लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर, अधिकतम गति 27 समुद्री मील है और इसका वजन 320 टन है।

### महाराष्ट्र में वाहन से 21 लाख का गुटखा जब्त

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर में पुलिस ने एक वाहन से 21.50 लाख रुपये से अधिक मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पाद जब्त किए। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रतिबंधित गुटखा की खेप के बारे में मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मियों ने रविवार रात भादवड़ नाका पर एक वाहन को रोका और उत्पादों को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि वाहन चालक और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन नियमों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# नए रास्ते और नए लक्ष्य तय किए आज नतीजे हमारे सामने : मोदी

## वडोदरा में सैन्य विमान बनाने वाले देश के पहले निजी केंद्र का लोकार्पण

- मोदी के साथ इस मौके पर मौजूद रहे स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज

वडोदरा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने सोमवार को वडोदरा में टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया, जो सैन्य विमान बनाने वाली भारत की पहली निजी इकाई है, जहां सी295 विमान का निर्माण किया जाएगा। मोदी ने कहा कि एक दशक पहले कोई भी कल्पना नहीं कर सकता था कि भारत में इतने बड़े पैमाने पर रक्षा विनिर्माण हो सकता है। लेकिन हमारी सरकार ने एक नए रास्ते पर चलने और भारत के लिए नए लक्ष्य तय करने का फैसला किया, जिसके परिणाम आज हमारे सामने हैं।

भारत और स्पेन के बीच साझेदारी को नई दिशा मिलने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह परियोजना न केवल दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करेगी बल्कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को भी गति प्रदान करेगी। मोदी ने एयरबस और टाटा की टीम को शुभकामनाएं दीं और स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। एयरबस सी295 एक मध्यम सामरिक परिवहन विमान है जिसे शुरुआत में स्पेनिश एयरोस्पेस कंपनी सीएएसए द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था, जो अब यूरोपीय बहुराष्ट्रीय एयरबस डिफेंस एंड स्पेस डिवीजन का हिस्सा है। सी295 का उपयोग चिकित्सकीय आपात स्थिति में फंसे लोगों को निकालने, आपदा प्रतिक्रिया और समुद्री गश्ती कार्यों के लिए भी किया जा सकता है।



स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज और टाटा संस के अध्यक्ष नटराजन चंद्रशेखरन के साथ टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### टाटा-एयरबस जैसी परियोजनाओं से पैदा होंगे रोजगार

मोदी ने कहा कि भारत के रक्षा क्षेत्र में बदलाव इस बात का उदाहरण है कि कैसे एक सही योजना और साझेदारी संभावनाओं को समृद्धि में बदल सकती है। कौशल और रोजगार सृजन पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि टाटा-एयरबस कारखाने जैसी परियोजनाएं हजारों नौकरियां पैदा करेंगी। उन्होंने कहा कि यह कारखाना 18,000 विमान हिस्सों के स्वदेशी निर्माण का समर्थन करेगा, जिससे पूरे भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए अपार अवसर उपलब्ध होंगे।

### स्वदेशी नागरिक विमानों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा

पिछले दशक में भारत के विमानन क्षेत्र के अभूतपूर्व विकास और परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि सरकार देश के सैकड़ों छोटे शहरों को हवाई संपर्क प्रदान कर रही है, साथ ही साथ भारत को विमानन और रखरखाव, मरम्मत और संचालन (एमआरओ) क्षेत्र का केंद्र बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पारिस्थितिकी तंत्र भविष्य में मेड इन इंडिया नागरिक विमानों का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह देखते हुए कि विभिन्न भारतीय एयरलाइन ने 1200 नए विमानों का ऑर्डर दिया है, मोदी ने कहा कि नवनिर्मित कारखाना भारत और दुनिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए नागरिक विमानों के डिजाइन से लेकर निर्माण तक में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

# सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने दी धमकी



**पटना।** बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से मिली धमकी के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पूर्णिया के सांसद ने शाह को लिखे अपने दो पन्नों के पत्र को मीडिया के साथ साझा किया, जिसकी प्रतियां बिहार के मुख्यमंत्री और राज्य के अन्य शीर्ष अधिकारियों को भेजी गई हैं। इक्कीस अक्टूबर को लिखे गए इस पत्र को सोमवार को सार्वजनिक किया गया, जब मीडिया के एक वर्ग ने बिश्नोई के एक कथित सहयोगी द्वारा दुबई के नंबर से की गई कॉल की ऑडियो क्लिप प्रसारित की।

अपने वाई श्रेणी के सुरक्षा कवर को जेड श्रेणी में अपग्रेड करने की मांग के अलावा, यादव ने बिहार भर में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में शिरकत के दौरान पुलिस एस्कॉर्ट की भी मांग की है। इस बीच, पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि हमें मीडिया के माध्यम से सांसद के आरोप के बारे में पता चला है। हम इसकी जांच कर रहे हैं।

# समझौते से निपटेंगे वरासत नामांतरण व पैमाइश विवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला**

- राजस्व परिषद जल्द जारी करेगा विशेष अदालत की गाइडलाइन

### राजस्व मामलों की स्थिति

- कुल न्यायालय 3058
- कुल वाद 22.70 लाख
- कुल निस्तारित वाद 21.41 लाख
- कुल विचाराधीन 1.29 लाख
- एक साल पुराने विचाराधीन 18000
- तीन साल पुराने विचाराधीन 7000
- पांच साल पुराने विचाराधीन 13000

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व मुकदमों का बोझ कम करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। समझौते से वरासत, नामांतरण और पैमाइश जैसे विवादों को निपटाने के निर्देश दिए हैं। राजस्व परिषद जल्द ही सभी जिलाधिकारियों को समझौते से मामले को निपटाने को लेकर विशेष अदालत की गाइडलाइन जारी करने की तैयारी में है।

प्रदेश के राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, वरासत दर्ज करने और पैमाइश कराने जैसे मामले लाखों की संख्या में विचाराधीन हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों राजस्व परिषद और राजस्व विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिया था कि वादों के निस्तारण में तेजी लाकर लोगों को राहत दी जाए।

राजस्व परिषद ने पिछले दिनों इसको लेकर विभागीय बैठक में कार्ययोजना तैयार की है। राजस्व परिषद ऐसे मामलों को आपसी समझौते और विशेष अदालत लगाकर निपटाने की तैयारी कर रहा है। इससे राजस्व न्यायालयों का भार कम होगा और लोगों को राहत भी मिलेगी। राजस्व परिषद के सूत्रों के अनुसार उच्च स्तर पर यह तय किया गया है कि नामांतरण, वरासत और पैमाइश कराने संबंधी मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जिन मामलों में विवाद नहीं होगा या फिर उस पर छोटी मोटी आपत्तियां होंगी हों उसको समझौते के आधार पर निपटाया जाएगा।

राजस्व परिषद इस संबंध में जल्द ही सभी जिलाधिकारियों को निर्देश भेजने जा रहा है। इसके साथ ही राजस्व न्यायालय के लिए बनाए गए कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली पर रोजाना इसकी जानकारी भी दर्ज की जाएगी, जिससे लोगों को निस्तारित होने वाले मामलों की सूचना उन्हें मिल सके। राजस्व परिषद का कहना है छोटे-मोटे मामले समझौते से निस्तारित होने के बाद न्यायिक अधिकारियों को अन्य वादों को निस्तारित करने का समय मिलेगा।

# भाजपा और कांग्रेस समेत चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन



नामांकन करतीं भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल (बाएं) और कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत। ● अमृत विचार

ब्यूरो, देहरादून

**केदारनाथ उपचुनाव**

- भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के नामांकन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे

**अमृत विचार :** केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के नामांकन के पहले दिन भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों समेत चार नामांकन पत्र दाखिल किए गए। भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के नामांकन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा मौजूद रहे।

नामांकन के पहले दिन सोमवार सुबह से ही तहसील परिसर में चहल-पहल थी। उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी डॉ. आशुतोष भंडारी परंपरागत वाद्य यंत्र ढोल दमों के साथ सबसे पहले नामांकन कराने पहुंचे। भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, कुलदीप रावत भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में अरबों की विकास योजना की घोषणा हुई हैं और उनका कार्य भी शुरू हुआ है। विकास के मुद्दे पर जनता के बीच जाएंगे। दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी एकतरफा भारी मतों से सीट जीतेंगी। कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल, जिला अध्यक्ष कुंवर सजवाण, प्रमुख प्रदीप थपलियाल शामिल हुए। नामांकन के बाद मनोज रावत ने कहा कि केदारनाथ यात्रा को डाइवर्ट करना और यात्रा के नाम पर स्थानीय छोटे व्यापारियों को परेशान करना, उनकी आजीविका को तोड़ने का पाप बीजेपी ने किया है। जनता चुनाव में इनको सबक सिखाएगी। निर्दलीय प्रत्याशी त्रिभुवन सिंह चौहान ने भी नामांकन किया।

# पिथौरागढ़ से फरार दो ठग भाइयों को एसटीएफ ने दिल्ली से पकड़ा

संवाददाता, पिथौरागढ़

- सस्ते में जमीन दिलाने के नाम पर 25-30 करोड़ की ठगी का आरोप

**अमृत विचार :** स्पेशल टास्क फोर्स ने पिथौरागढ़ से फरार चल रहे दो ठग भाइयों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। दोनों वहां पहचान छिपाकर रह रहे थे। पिथौरागढ़ पुलिस ने दोनों पर इनाम भी घोषित कर रखा है। दोनों भाइयों पर हल्द्वानी में सस्ते में जमीन दिलाने के नाम पर 25-30 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप है।

स्पेशल टास्क फोर्स ने पिथौरागढ़ जिले के जौलजीवी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम गराली निवासी दो सगे भाइयों जगदीश सिंह बोरा व कमलेश सिंह बोरा को पटेलनगर, नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों भाइयों ने वर्ष 2019 में शेयर मार्केट, अलग-अलग स्कीमो में धनराशि इन्वेस्ट कर अत्यधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर पिथौरागढ़ के लगभग 40-50 व्यक्तियों से लगभग 25-30 करोड़ रुपये हड़प लिए। कई व्यक्तियों को हल्द्वानी में सस्ते दाम में जमीन दिलाने के नाम पर एडवांस में पैसा लेकर ठगी की गई। दोनों ने बाकायदा गैंग बनाकर लोगों के साथ ठगी की। बाद में इनके खिलाफ पिथौरागढ़ जिले के अलग-अलग थानों में धोखाधड़ी के कई मुकदमे दर्ज हुए। पुलिस का दबाव बढ़ने पर दोनों पिथौरागढ़ से फरार हो गए, तब पुलिस की ओर से इन पर इनाम घोषित कर दिया गया। एसटीएफ के निरीक्षक यशपाल सिंह बिष्ट के नेतृत्व में टीम ने दोनों को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। उन्हें पिथौरागढ़ पुलिस को सौंप दिया है।

# जम्मू में सेना के वाहन पर हमला, एक आतंकी ढेर

जम्मू, एजेंसी

- आतंकवादियों ने सेना की एम्बुलेंस पर चलाई थीं गोलियां

जम्मू के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सोमवार सुबह सेना के एक वाहन पर आतंकवादियों की गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों और आंतकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया।

सेना के प्रवक्ता ने कहा कि एक आतंकवादी का शव और हथियार बरामद कर लिया गया है और अभियान जारी है। इससे पहले अभियान में तीन आतंकवादियों के मारे जाने की खबरें आई थीं। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि हम अखनूर में हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों के मारे जाने की खबरों का खंडन करते हैं। सेना के वाहन पर हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि सीमावर्ती जिलों के लिए हाल ही में जारी अलर्ट के बाद सुरक्षा बल क्षेत्र पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। आतंकवादियों ने आज तड़के जम्मू के अखनूर के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास बट्टल केरी-जोगवान इलाके में सेना की एक एम्बुलेंस पर गोलीबारी की। अखनूर के सुंदरबनी सेक्टर के खौर इलाके में बट्टल के अस्सान मंदिर के पास तीन आतंकवादियों को देखा गया। आतंकवादियों ने सेना की एम्बुलेंस पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी की, जिसका माकूल जवाब दिया गया जिसमें एक आतंकी मारा गया।

# छात्रसंघ चुनाव के लिए छात्रनेता ने पेट्रोल डालकर खुद को लगाई आग

संवाददाता, अल्मोड़ा



अस्पताल में भर्ती दीपक लोहनी।

- अध्यक्ष पद की तैयारी कर रहे दीपक लोहनी ने किया आत्मदाह का प्रयास
- गर्दन, हाथ और पेट का कुछ हिस्सा झुलसा, अस्पताल में किया गया भर्ती

**अमृत विचार:** एसएसजे परिसर में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को मालरोड स्थित चौघानपाटा में आक्रोशित छात्रों का सैलाब उमड़ पड़ा। टाइगर ग्रुप से अध्यक्ष पद की तैयारी कर रहे दीपक लोहनी ने भारी पुलिस बल के समक्ष खुद पर पेट्रोल डाल आत्मदाह का प्रयास किया। डॉक्टरों के अनुसार छात्र की गर्दन, हाथ और पेट का कुछ हिस्सा झुलसा है।

छात्रसंघ चुनाव को लेकर दायर जनहित याचिका हाईकोर्ट से निरस्त होने के बाद छात्रों का आक्रोश सातवें आसमान पर है। छात्र नेता जल्द चुनाव कराने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। बीते दिनों एनएसयूआई से अध्यक्ष पद के दावेदार अमित बिष्ट ने चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर सोशल मीडिया पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन इस बीच छात्रसंघ अध्यक्ष पद के अन्य दावेदार दीपक लोहनी ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह का प्रयास किया। जिससे वह करीब 14 फीसदी झुलस गया। जिला अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। सीओ विमल प्रसाद ने बताया कि झुलसने वाला छात्र सुरक्षित है और जिला अस्पताल में उसका उपचार जारी है।

# वक्फ बिल पर जेपीसी की बैठक में फिर हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक पर प्रस्तुतिकरण में बदलाव का आरोप
- आप सांसद संजय सिंह समेत कई सदस्यों ने बैठक बीच में छोड़ी

वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति की बैठक सोमवार को हुई जिसमें से कई विपक्षी सदस्य दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रस्तुतिकरण का विरोध करते हुए बैठक से बाहर निकल गए।

विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि समिति के समक्ष पेश हुए दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक ने दिल्ली सरकार की जानकारी के बिना प्रस्तुतिकरण में बदलाव किया है। आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह, द्रमुक सांसद मोहम्मद अब्दुल्ला, कांग्रेस के नसीर हुसैन और मोहम्मद जावेद समेत अन्य कुछ विपक्षी सदस्य बैठक छोड़कर बाहर निकल गए। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त और दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक अश्विनी कुमार ने मुख्यमंत्री की मंजूरी के बिना वक्फ बोर्ड की प्रारंभिक रिपोर्ट को पूरी तरह बदल दिया।

### पिछली बैठक में टीएमसी नेता ने तोड़ी थी बोतल

इससे पहले 22 अक्टूबर को हुई वक्फ समिति की बैठक में भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के बीच गरमागरम बहस हुई थी। बैठक में कल्याण बनर्जी ने कथित तौर पर गुस्से में कांच की बोतल समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल की तरफ फेंक दी थी। इसके बाद कल्याण बनर्जी को एक दिन के लिए बैठक से निष्कासित कर दिया गया था।

**तकनीक का इस्तेमाल** ग्लाइडर्स इंडिया की इकाई में अभी तक एआई तकनीक से होती थी कपड़े की जांच

# पैराशूट निर्माण के उपकरणों की होगी एआई जांच

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- अब टेप और वेब की प्रोटोटाइप एआई बेस्ड टेप एंड वेबिंग इंस्पेक्शन मशीन से जांच

**अमृत विचार :** पैराशूट की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए पैराशूट में लगने वाले 'टेप' और 'वेब' की जांच की जाएगी। भारत सरकार का उपक्रम व रक्षा मंत्रालय के पीएसयू ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड ने नवंबर महीने से जांच की यह नई प्रक्रिया लागू करने का फैसला लिया है। अभी तक पैराशूट के कपड़े की जांच ही 'एआई' के जरिए की जा रही है।

विश्वस्तरीय पैराशूट निर्माण के लिए ग्लाइडर्स इंडिया की ओर से एआई का प्रयोग पिछले 7 महीने से किया जा रहा है। लेकिन अभी पैराशूट के कपड़े की जांच में एआई का इस्तेमाल हो रहा है। अब टेप और वेब की सुरक्षा बढ़ाने के लिए



संस्थान ने अपनी 'आरएंडडी' रिसर्च एंड डेवलपमेंट टीम की मदद से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड एक ऐसी मशीन तैयार की है, जिससे पैराशूट में लगने वाले टेप और वेब की गुणवत्ता को भी जांचा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के तहत किए गए इस शोध के बाद कंपनी ने यह मशीन तैयार की है। 'फैब्रिकेशन ऑफ प्रोटोटाइप एआई बेस्ड टेप एण्ड वेबिंग इंस्पैक्शन मशीन' को खासतौर पर पैराशूट के टेप और वेब की जांच के लिए तैयार किया गया है। बीते दो माह से प्रयोग के तहत मशीन के साथ ही मैनुअल करीके से भी पैराशूट के टेप और वेब की सुरक्षा और गुणवत्ता जांच की जा रही थी। प्रयोग सफल होने के बाद अब निर्णय लिया गया है कि नवंबर से मशीन से जांच प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### पैराशूट की गुणवत्ता होगी और बेहतर

कंपनी की उत्पादन इकाई ओपीएफ के महाप्रबंधक एमसी बालासुब्रमण्यिम ने बताया कि इस नई सुविधा से पैराशूट की गुणवत्ता और अधिक बेहतर हो सकेगी। इसके अलावा निर्माण कार्य की क्षमता का विकास भी हो सकेगा। निर्माणी की ओर से पूर्व में पैराशूट के कपड़े को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से जांचने का कार्य शुरू किया गया था। यह शोध ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड कंपनी ने आईआईटी दिल्ली की सहायता से किया था।

### मानवीय चूक होने का खतरा हुआ कम

दोनो संस्थानों के साथ हुए एमओयू के तहत आईआईटी के वैज्ञानिकों ने आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस से पैराशूट के कपड़े का परीक्षण करने की तकनीक दी थी। इस गुणवत्ता जांच से परीक्षण के दौरान मानवीय गलती का खतरा कम हो गया था। इसके बाद जीआईएल ने अपनी तकनीक विकसित कर कपड़े की जांच से एक कदम आगे बढ़कर पैराशूट के अन्य उपकरणों की भी एआई से जांच सुनिश्चित की है।

# हवाई अड्डों पर एनआईए ने तैनात की साइबर विंग

नई दिल्ली, एजेंसी

- विमानों में बम होने की धमकियों के मद्देनजर लिया फैसला

15 दिनों के भीतर भारतीय विमानन कंपनियों की 410 से अधिक फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) एक्शन में है। ईमेल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म से आने वाली धमकियों के मद्देनजर सोमवार को एनआईए ने इंटरनेशनल एयपोर्ट्स पर अपनी साइबर विंग के अफसरों को तैनात किया है। साइबर विंग के अधिकारी फ्लाइट में बम की धमकी मिलते ही जांच शुरू कर देंगे। धमकी देने वाले को ट्रेस करने से लेकर अफसर हवाई जहाज की भी सुरक्षा भी तय करेंगे। इसके अलावा कई एयरपोर्ट्स पर बॉम्ब थ्रेट असेसमेंट कमेटी की टीमें भी तैनात की गई हैं। एयरपोर्ट में सुरक्षा बढ़ाने के लिए एनआईए के साथ कई एजेंसियां काम कर रही हैं।

### 60 से अधिक उड़ानों में बम रखे होने की धमकी

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानन कंपनियों की 60 से अधिक उड़ानों में सोमवार को फिर बम रखे होने की धमकी मिली। पंद्रह दिन में संचालित 410 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में बम रखे होने की झूठी धमकियां मिली हैं। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया और इंडिगो की करीब 21-21 उड़ानों और विस्तारा की करीब 20 उड़ानों को सोमवार को धमकियां मिलीं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए सोमवार को एयरलाइन की कई उड़ानों में बम रखे होने की धमकी मिली। जिसके बाद तय सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया गया।

# भाजपा सरकार लोगों को बेघर करने पर उतारू

## पूछड़ी के ग्रामीणों ने कही बात, संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर एसडीएम परिसर में उपवास पर बैठे

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** भाजपा के बुलडोजर राज के खिलाफ संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर सोमवार को ग्राम पूछड़ी, कालू सिद्ध तथा जन संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना देकर उपवास रखा। साथ ही मांग से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया।

तहसीलदार कुलदीप पांडे के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने पूछड़ी व उत्तराखंड में लोगों के घर तोड़े जाने पर रोक लगाने, सभी वन ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा देने, जंगल का काला कानून भारतीय वन अधिनियम, 1927 उत्तरांचल संशोधन 2001 को रद करने, उत्तराखंड में जो व्यक्ति जहां पर निवास कर रहा है उसे वहीं पर नियमित कर मालिकाना हक देने व किसी भी व्यक्ति को हटाने से पूर्व उसको पुनर्वासित करने व पूछड़ी क्षेत्र में लागू बीएनएस की धारा 163 हटाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि चुनाव से पूर्व भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने वादा किया था कि सभी वन ग्राम वासियों को बिजली, पानी व राजस्व ग्राम का अधिकार मिलेगा, परंतु सत्ता पर आते ही सांसद अपना वादा भूल गये हैं। भाजपा सरकार लोगों को बेघर करने पर उतारू है।



रामनगर एसडीएम कार्यालय के बाहर उपवास पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में भारतीय वन अधिनियम 1927 उत्तराखंड संशोधन 2001 नाम का काला कानून लागू है, जिसमें वनधिकारी को ही न्यायालय के अधिकार भी दे दिए गए हैं। इस कानून को तत्काल रद किया जाना चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि बुलडोजर राज के खिलाफ जनता का संघर्ष जारी रहेगा। आगामी रणनीति के लिए 4 नवंबर को दिन में 12 बजे से व्यापार भवन में समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सभा को महिला एकता मंच की ललिता रावत, रेनू, सरस्वती, उपपा नेता प्रभात ध्यानी, आसिफ अली, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित महिला, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी सिंबल, आइसा के सुमित, भाकपा-माले के अमन, मोहनराम, किसान संघर्ष समिति के ललित उप्रेती, ठेका मजदूर कल्याण समिति के किशन शर्मा अंजलि समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### सोलर वाटर टैंक खराब होने से ग्रामीण परेशान

**भीमताल :** नगर के विभिन्न वार्डों में पानी की समस्या न हो, इसके लिए नगर पंचायत ने नौ सोलर लिफ्टिंग पंप लगाये थे। सौर ऊर्जा से संचालित इन पंपों को लगाने का उद्देश्य जनता को पानी की समस्या से निजात दिलाना था, लेकिन वर्तमान में सोलर टैंक खराब होने से लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। जब से नगर पंचायत का कार्यकाल समाप्त हुआ है तब से इन सोलर पंपों को देखने वाला कोई नहीं है। हालत यह है कि वर्तमान में छह सोलर टैंक खराब पड़े हैं। लाखों रुपये की योजना का लाभ लोगों को नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों में नगर पालिका के खिलाफ रोष व्याप्त है। लोगों ने कई बार नगर पालिका को सोलर वाटर टैंक खराब होने की सूचना दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इधर, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र चनौतिया ने बताया कि उनके कार्यकाल में नियमित तौर पर इन टैंकों का निरीक्षण किया जाता था, जो चीज बदलनी होती थी उसको बदला जाता था। बताया कि वर्तमान में उन्होंने कई बार नगर पंचायत को इन खराब टैंकों के बारे में जानकारी दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### बिना डीएल व दस्तावेज के वाहन चलाने पर युवकों की बाइक सीज

**नैनीताल :** एसएसपी के निर्देश पर तल्लीताल पुलिस की ओर से बिड़ला क्षेत्र में गश्त की है। गश्त के दौरान अनाउंसमेंट कर क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की। इस दौरान पुलिस ने बिना डीएल व दस्तावेज बाइक चलाने पर दो युवकों की बाइक सीज की। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर पुलिस की ओर से रोजाना शाम को गश्त की जा रही है। तल्लीताल पुलिस ने बिड़ला व भोटिया बैंड में गश्त की इस दौरान कई नशेड़ी युवक पुलिस के हाथ लगे। जिनकी मौके पर ही काउंसलिंग की गई। वहीं लोगों से वार्ता कर क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने की मांग की। गश्त के दौरान दो बाइकों में युवक तेज गति में चल रहे थे। उनको रोककर जांच की तो दोनों युवकों के पास डीएल व दस्तावेज नहीं थे। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि दोनों बाइकें सीज कर दी हैं। बताया कि शहर के ऊपरी क्षेत्र में भी गश्त कर आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी।















**आज का मौसम**

ज्यादातर समय धूप खिली रहेगी।

| 31.0° | 18.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.23 | सूर्यास्त 17.28 |

# पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ महापंचायत में गरजे ग्रामीण

## विधायक के खिलाफ नारेबाजी कर चोरगलिया में निकाला जुलूस, सामूहिक गिरफ्तारी देने का ऐलान, आज मंडलायुक्त को सौंपेंगे ज्ञापन

संवाददाता, चोरगलिया

**अमृत विचार :** पशु चिकित्सक का तबादला होने से चोरगलिया के ग्रामीणों में आक्रोश है। बीते रविवार को ग्रामीणों ने इसको लेकर लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट का एक कार्यक्रम के दौरान भारी विरोध किया था। ग्रामीणों ने विधायक का करीब एक किलोमीटर तक पैदल पीछा करते हुए जमकर नारेबाजी की और मुर्दाबाद के नारे लगाये। इधर, इस मामले में पुलिस की कार्रवाई से ग्रामीणों का आक्रोश और अधिक बढ़ गया है। सोमवार को ग्रामीणों ने महापंचायत कर बाजार में जुलूस निकाला। साथ ही झूठे मुकदमे वापस नहीं लेने पर सामूहिक गिरफ्तारी की चेतावनी दी। मंगलवार (आज) को ग्रामीण इस संबंध में मंडलायुक्त दीपक रावत को ज्ञापन सौंपेंगे।

सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण महापंचायत के लिए सिंचाई विभाग के बंगले के परिसर में एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि विधायक के कहने पर ही उनके समर्थक ने झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों व ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि पुलिस ने झूठे मुकदमे वापस नहीं लिये तो क्षेत्र के सभी लोग सामूहिक रूप से गिरफ्तारी देंगे। महापंचायत में ग्रामीणों ने कहा कि वह रविवार को प्रभात तारा जूनियर हाईस्कूल में आयोजित दुग्ध संघ के बोनस वितरण कार्यक्रम में विधायक के सामने अपनी समस्या रखने गये थे, लेकिन विधायक ने उन्हें अनदेखा कर दिया। इससे पशुपालकों, महिलाओं व ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। इतना ही नहीं विधायक ने चारों ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्यों के अनुरोध को भी अनसुना कर दिया। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक भुवन पंत का तबादला करने से पशुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि शीघ्र पशु चिकित्सक को बहाल किया जाये, अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा। महापंचायत के बाद ग्रामीणों ने चोरगलिया बाजार में विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। साथ ही मंगलवार की सुबह 10 बजे मंडलायुक्त दीपक रावत को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। महापंचायत में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप फर्त्याल, ग्राम प्रधान नंदन बोरा, हेमू बजेठा, कमल दुर्गपाल, राजेंद्र जंगी, पूर्व प्रधान मोहन सिंह चौहान, छत्रपति बेलवाल, बीडीसी सदस्य सुरेश भारती, दीपक आर्य, विनोद बजेठा आदि ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।



महापंचायत के बाद चोरगलिया बाजार में नारेबाजी कर जुलूस निकालते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

घटना के तुरंत बाद नया गांव कटान चोरगलिया निवासी सुधीर जांगी पुत्र नवीन चंद्र जांगी ने चोरगलिया थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि प्रभात तारा जूनियर हाईस्कूल में दुग्ध संघ के बोनस वितरण कार्यक्रम में भुवन पोखरिया, मुकेश थुवाल और इन्दर जांगी ने उनके साथ गाली-गलौज की। उन्हें न सिर्फ मारने दौड़े बल्कि कार्यक्रम में उपस्थित विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट को भी गाली दी। उनकी गाड़ी को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया और गाड़ी के आगे लेट गए। विधायक के साथ धक्का-मुक्की की और उनके पीछे दौड़े। चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश कुमार जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 131, 324(2), 352, 62 मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## अतिक्रमित भूमि पर सर्वे आज होगा पूरा

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन से सटी अतिक्रमण भूमि पर प्रशासन समेत छह विभागों का डोर टू डोर संयुक्त सर्वे समाप्ति की ओर है। संभावना है कि आज सर्वे पूरा हो जाएगा। रेलवे की हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी लगभग 30 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण है।

रेलवे के डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डीजीपीएस) सर्वे के बाद रेलवे, जल संस्थान, बाल विकास, खाद्य आपूर्ति, ऊर्जा निगम, राजस्व, नगर निगम की संयुक्त टीम ने डोर टू डोर सर्वे किया। इसमें वार्ड 32, 33, 34, 35, 36 समेत छह वार्डों में टीम ने सर्वे किया। यहां मकान के तलों की संख्या, मकान में रह रहे लोगों की संख्या एवं पूरा ब्योरा नाम, उम्र आदि, मकान के मालिकाना हक के दस्तावेज, क्रय करने की दशा में विक्रेता का नाम, बिजली-पानी के बिल आदि जानकारियां जुटाई गईं हैं। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को इक्का-दुक्का गलियां रह गई हैं उनका सर्वे भी कर लिया जाएगा। इसके बाद रिपोर्ट रेलवे व अन्य अधिकारियों को सौंपी जायेगी।

## एक नजर

### ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**हल्द्वानी :** बरेली रोड निवासी एक महिला ने पति व ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कहा कि पति और सास शहर से लगे एक इलाके में फैक्ट्री लगाने की बात पर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। शादी के दौरान मायके पक्ष ने हैसियत के अनुसार ससुरालियों को दहेज दिया था, लेकिन अब ससुराली उसे फैक्ट्री लगाने के लिए दो करोड़ नकद और जमीन की मांग कर रहे हैं। जिस कारण वह मानसिक तनाव में हैं। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को मामले में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति व सास पर दहेज उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चाकू के साथ युवक पकड़ा

**हल्द्वानी :** पुलिस ने देर रात एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान चंबल पुल से चौफुला की तरफ एक युवक तेजी से दौड़ रहा था। जिसे रोककर पुलिस ने पूछताछ की। तलाशी लेने पर चाकू बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम कृष्णा विश्वास पुत्र भोला विश्वास निवासी ग्राम गवईया सराय माधव टांडा पीलीभीत उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पहाड़ी जिलों में बर्फबारी और बारिश की संभावना

**हल्द्वानी :** मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ आदि जिलों में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में बारिश होने की भी संभावना है। इधर, सोमवार को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत, युवती घायल

**नैनीताल :** हल्द्वानी निवासी युवतियां मस्जिद तिराहे से कोतवाली की ओर आ रही थी। इस दौरान तेज गति में टैक्सी स्कूटी में युवक कोतवाली से मस्जिद की ओर जा रहे थे तभी आगे से आती युवतियों की स्कूटी से भिड़ गए। स्कूटी सवार एक युवती गंभीर रूप से चोटिल हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती को टैक्सी वाहन के माध्यम से अस्पताल भिजवाया। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि हल्द्वानी निवासी ज्योति को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# धनतेरस व दीपावली को चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** धनतेरस और दीपावली त्योहार को देखते हुए पुलिस ने शहर के साथ ही बाजार में चौकसी बढ़ा दी है। बाजार के पास और मुख्य चौराहों पर लगे लाउडस्पीकर के जरिये पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कंट्रोल रूम में पुलिस कर्मी 24 घंटे ड्यूटी दे रहे हैं।

धनतेरस 29 अक्टूबर यानि आज मनाया जायेगा, लेकिन एक दिन पहले ही शहर की सड़कों और बाजार में लोगों की भारी भीड़ रही। लोग को जागरूक करने व यातायात दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने जगह-जगह लगे लाउडस्पीकर का सहारा लिया। ऐसा ही एक स्पीकर कालू सिद्ध तिराहे पर लगा है। सीसीटीवी कंट्रोल रूम से संचालित इस स्पीकर से पुलिस बाजार जाने वालों को सलाह दे रही थी कि वह अपने पर्स, सामान व छोटे बच्चों का ध्यान रखें। भीड़ के बीच जेबकतरे और चोर हो सकते हैं। धनतेरस से पहले ही बाजार में महिला व पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। संदिग्धों पर नजर रखने के लिए सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता है। बाजार में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कंट्रोल रूम से पूरे जिले पर नजर रखी जा रही है।



शहर के मुख्य बाजार में तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

### बाजार में वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी

**हल्द्वानी :** शहर के मुख्य बाजार में दाखिल होने के लिए दो चौड़े रास्ते हैं, जहां से चारपहिया वाहनों का आवागमन होता है। वाहनों को बाजार में घुसने से रोकने के लिए ताज चौराहे की ओर बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस तैनात की गई है। इसके अलावा सिंधी चौक से बाजार को जाने वाले रास्ते पर भी पुलिस तैनात है। त्योहार के मद्देनजर बाजार में दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर भी पाबंदी लगा दी गई है।

# व्हाट्सएप पर दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पति ने मोटर साइकिल के लिए पार की प्रताड़ना की हद
- मातृत्व सुख से रखा वंचित अप्राकृतिक संबंध बनाये

**अमृत विचार :** मोटर साइकिल के लिए पति ने प्रताड़ना की सारी हदें पार कर दीं। पत्नी को मातृत्व सुख से वंचित रखा। उसके साथ जबरन आप्रकृतिक संबंध बनाये और जब विरोध किया तो उसे बुरी तरह पीटा। हद तो तब हो गई जब पति उसे किराए के कमरे में छोड़कर चला गया और व्हाट्सएप पर तीन तलाक भेज दिया।

बनभूलपुरा निवासी पीड़िता ने बताया कि उसका निकाह 23 मई 2022 को मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। शादी में मायके वालों ने सामर्थ्यानुसार दहेज दिया, लेकिन पति और उसका परिवार इससे संतुष्ट नहीं था। शादी के कुछ समय बाद से ससुराली परेशान करने लगे। पति और सास मोटर साइकिल के लिए ताने मारने लगे।

आरोप है कि मोटर साइकिल न लाने पर पति ने उसे मातृत्व सुख से वंचित रखा। बच्चा न हो इसलिए पति जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाता था। मना करने के बावजूद जब पति बाज नहीं आया तो उसने सास से शिकायत की, लेकिन सास ने भी अपने बेटे का पक्ष लिया। प्रताड़ना की वजह से पीड़िता मानसिक तनाव में आ गई।

17 जनवरी 2023 को पति और ससुरालियों ने उसे घर से निकाल दिया और खुद को बचाने के लिए पति ने महिला हेल्प लाइन में शिकायत कर दी। पीड़िता ने भी बनभूलपुरा थाने में तहरीर दी तो रिश्तेदारों ने समझौता करा दिया। कहा कि अब पति उसे लेकर किराए के घर में अलग रहेगा।

बीती 4 अगस्त को पति यह कहते हुए किराए के कमरे में छोड़कर चला गया कि मैं अपने परिवार को बचाने के लिए किराए के घर में रहने आया था। जिसके बाद पति ने व्हाट्सएप पर तीन बार तीन तलाक लिखकर भेज दिया। इधर, बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दो दरोगा समेत सात को किया बहाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीपावली से ठीक पहले एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने निलंबित पुलिस कर्मियों को बहाली का तोहफा दिया है। ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर निलंबित किए गए दो दरोगा और पांच सिपाहियों को जल्द तैनाती भी मिलेगी।

इसी वर्ष जुलाई, अगस्त और सितंबर माह में एसएसपी ने दो दरोगा और पांच सिपाहियों को निलंबित किया था। तब से ये सभी पुलिस लाइन से संबद्ध थे। नई पहल करते हुए एसएसपी ने दीपावली से ठीक पहले इन्हें बहाली का तोहफा दिया है। बहाली के बाद से निलंबित किए गए कर्मियों के परिवार में भी खुशी का माहौल है।

एसएसपी ने बताया कि जिन्हें बहाल किया गया है उनमें दो उप निरीक्षक, एक हेड कांस्टेबल और 4 कांस्टेबल हैं। सभी को भविष्य में ड्यूटी के प्रति लापरवाही न बरतने के लिए प्रेरित किया है। हमारा प्राथमिक उद्देश्य कर्मियों की भलाई है। यह कदम पुलिस के मनोबल को बढ़ाने में सहायक होगा।

- ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर किया था एसएसपी ने निलंबित



# पर्यटकों ने देर रात होटल में काटा हंगामा, चालान


**नैनीताल, अमृत विचार :** दिल्ली के पर्यटकों ने शराब के नशे में एक होटल में देर रात जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन पर्यटकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की और हिदायत देकर छोड़ दिया।

दिल्ली निवासी एक महिला व दो पुरुष पर्यटक घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे थे। शाम के समय शहर घूमकर वह रात को होटल के कमरे में पहुंचे। होटल में पहुंचकर पर्यटकों ने पार्टी की। जिसके बाद उनका आपस में ही विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो रात एक बजे होटल में हंगामा काट दिया। मौके पर पहुंचे होटल कर्मियों से मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन पर्यटक शांत नहीं हुए। जिस पर होटल कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पर्यटकों को थाने ले गई। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि दिल्ली निवासी हेमलता, देवेंद्र व नंद किशोर का मेडिकल करने के बाद तीनों का चालान कर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

# दंत चिकित्सक अवकाश पर, मरीज हो रहे परेशान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर के सरकारी अस्पतालों में दंत चिकित्सक अवकाश पर चल रहे हैं। जिस वजह से मरीजों को खासी परेशानी हो रही है। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में जूनियर चिकित्सक मरीजों का इलाज कर रहे हैं। जबकि बेस अस्पताल में कोई अन्य चिकित्सक न होने की वजह से मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

यहां तैनात एकमात्र दंत चिकित्सक तीन नवंबर तक अवकाश पर रहेंगे। चिकित्सक पांच नवंबर से ओपीडी में मरीजों को देखेंगे। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि दंत चिकित्सक नहीं होने की सूचना मरीजों को दी जा रही है। इधर, डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में वरिष्ठ दंत चिकित्सक अवकाश पर हैं। उनकी जगह जूनियर चिकित्सक मरीजों को देख रहे हैं। यहां दंत रोग विभाग में रोजाना ओपीडी में 40 से 50 मरीज आते हैं। जबकि बेस अस्पताल के दंत रोग विभाग की ओपीडी में 30 से 40 मरीज पहुंचते हैं।







आप सभी को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
SJ
SURESH SONS
JEWELLERS
GOLD • SILVER • DIAMOND
HAPPY DHANTERAS
20% OFF
ON MAKING CHARGES OF GOLD JEWELLERY.
40% OFF
ON MAKING CHARGES OF DIAMOND JEWELLERY.
OFFERS VALID FOR 15 DAYS ONLY.
148, Patel Chowk/169, Sahukara Line, Haldwani
+91 9761795848 | +91 70784 86778

## एक नजर

### सारा की जिला कार्यकारी समिति के कार्यों की समीक्षा

**भीमताल :** विकास भवन सभागार में सीडीओ अशोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में सारा स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन ऑथोरिटी की जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर 429 ग्रामों के लिए बनायी गई कार्ययोजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों की समीक्षा की गई। ब्लॉक स्तर पर 80 ग्रामों के लिए बनाई गई कार्ययोजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों की स्थिति जांची गई। सारा योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए फार्मेट पर कार्य योजना, जल शक्ति मंत्रालय के पहाड़ों में बारिश योजना के अंतर्गत सारा द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सूचना पोर्टल पर अपलोड करने की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रमेश सिंह गर्ब्याल व जल निगम के अधिशासी अभियंता अशोक प्रजापति आदि रहे।

### दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ समापन, विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# जिला स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट में सक्षम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे दो दिवसीय जिला स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया। जिसमें सक्षम मित्तल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी शोएब अहमद व विशिष्ट अतिथि विशाल विनायक ने कहा कि हार और जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेल होता है।

टेबल टेनिस एसोसिएशन नैनीताल के सचिव व राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष समित टिक्कू ने बताया कि प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रेफरी आशीष वैश्य, अभिषेक लोहनी, दीपक पांडे, आशीष रौतेला, शिवांग डसीला एवं अपूर्व बोहरा रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, डीके कांडपाल, योगेश पांडे, अंकित राय, रोहन सांगुड़ी, कमल सिंह मर्तोलिया, अभिषेक, किशन तिवाड़ी आदि मौजूद रहे।



ट्रॉफी और प्रमाण पत्र के साथ विभिन्न वर्गों के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### विभिन्न वर्गों में ये खिलाड़ी रहे विजेता

- **अंडर- 11 (बालक वर्ग)-** अथर्व जुयाल, वंश टम्टा, भावेश जोशी, कन्हैया द्विवेदी, (बालिका वर्ग)- मानवी कोरंगा, ख्याति शर्मा, ईशानी जोशी, अन्विका सक्सेना।
- **अंडर- 13 (बालक वर्ग)-** चिराग परगाई, अथर्व जुयाल, वंश जोशी, सचिन बिष्ट, (बालिका वर्ग)- मानवी कोरंगा, विदुषी शर्मा, कयती शर्मा, दिव्यांशी भट्ट।
- **अंडर- 15 (बालक वर्ग)-** सुमित सिंह गड़िया, एकलव्य ढींगरा, अक्षज जुयाल, चिराग परगाई, (बालिका वर्ग)- गरिमा बिष्ट, भूमिका, मानवी कोरंगा, विदुषी शर्मा।
- **अंडर- 17 (बालक वर्ग)-** सक्षम मित्तल, हिमांशु नयाल, शिवांग डसीला, भास्कर जोशी, (बालिका वर्ग)- गरिमा बिष्ट, ज्योतिका परगाई, भूमिका सूठा, मानवी कोरंगा।
- **अंडर- 19 (बालक वर्ग)-** सक्षम मित्तल, प्रियांश जोशी, शिवांग डसीला, सुमित सिंह गड़िया, (बालिका वर्ग)- दिव्या जोशी, भूमिका सूठा, ज्योतिका परगाई, गरिमा बिष्ट।
- **ओपन महिला वर्ग-** दिव्या जोशी, गरिमा बिष्ट, मानवी कोरंगा, ऋतु कुकरेती।
- **ओपन पुरुष वर्ग-** सक्षम मित्तल, कल्पित चौसाली, हिमांशु नयाल, आशीष वैश्य।

## दीपावली पर्व को देखते हुए भीमताल बाजार में छापेमारी

**भीमताल:** दीपावली को देखते हुए उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने भीमताल बाजार में छापेमारी की। उपजिलाधिकारी ने बताया कि लिए गए सैंपलों को जांच के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के आदेश पर खाद्य सुरक्षा विभाग, ड्रग विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भीमताल में एक्सपायरी खाद्य पदार्थ एवं ड्रग के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान 6 खाद्य प्रतिष्ठानों एवं 3 मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। एक प्रतिष्ठान से नमूना लिया गया। एक प्रतिष्ठान पर लाइसेंस डिस्पले लगाने के निर्देश दिए।

# तहसील में जल्द होगी उप निबंधक की तैनाती

### मंडलायुक्त दीपक रावत ने किया अधिकारियों के साथ निरीक्षण, जनसमस्याएं सुनीं

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने सोमवार को नगर पंचायत कालाढूंगी, मूसाबंगर, बजूनिया हल्दू तथा राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। साथ ही लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

मंडलायुक्त रावत ने सर्वप्रथम नगर पंचायत परिषद भवन कार्यालय एवं शापिंग काम्प्लैक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारों ने भूतल पर पार्किंग की समस्या रखी। जिस पर आयुक्त ने शीघ्र पार्किग की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल व जनप्रतिनिधियों ने बताया कि प्रभारी लॉलिंग प्रबन्धक पश्चिमी की ओर से स्थानीय लोगों को कार्य नहीं दिया जा रहा है। बाहरी लोगों से कार्य कराया जा रहा है। जिस पर आयुक्त ने दोनों पक्षों को जनसुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये। उन्होंने एसडीएम एवं ईओ नगर पंचायत से कहा कि जिन स्थानों पर सड़क मरम्मत करने योग्य हो वहां शीघ्र मरम्मत कराई जाए। एडवोकेट गोपाल सिंह बिष्ट व तारा चंद्र पांडे ने कहा कि तहसील में उपनिबंधक सप्ताह में केवल शुक्रवार को कार्यालय में उपस्थित रहते है। उन्होंने आयुक्त से प्रत्येक दिन उपनिबंधक की तैनाती का अनुरोध किया। जिस पर आयुक्त ने कहा कि शीघ्र तहसील के लिए स्थायी उप रजिस्ट्रार की तैनाती की जायेगी। आयुक्त रावत मूसाबंगर व बजूनिया हल्दू में किसानों से मुलाकात की तथा जलजीवन मिशन के कार्यों का घर-घर जाकर निरीक्षण किया। इसके बाद आयुक्त ने राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग सड़क एवं भवन का निरीक्षण किया। प्राचार्य कोटाबाग नवीन भगत ने बताया कि महाविद्यालय का भवन एक वर्ष पूर्व बना है, लेकिन प्रथम वर्षाकाल में भवन की छत से पानी टपक रहा है। जिस आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुये जनसुनवाई में निमार्ण एजेंसी एवं प्राचार्या को उपस्थित रहने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विधायक बंशीधर भगत, ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, दीवान बिष्ट, तारादत्त पांडे, एसडीएम रेखा कोहली, तहसीलदार मनीषा बिष्ट व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।


मंडलायुक्त दीपक रावत को काला पत्थर दिखाते समिति के अध्यक्ष राजकुमार पांडे। ● अमृत विचार

### पर्यटन से जोड़ी जाएगी ब्रिटिश आयरन फाउंड्री

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने कालाढूंगी स्थित ब्रिटिश काल में बनाई गई उत्तर भारत की पहली आयरन फाउंड्री का निरीक्षण किया। इन आयरन फाउंड्री में पहाड़ों पर पाए जाने वाले काले पत्थर को निकाल कर गलाया जाता था और कच्चे लोहे का निर्माण किया जाता था। कालाढूंगी क्षेत्र में काला पत्थर ज्यादा पाया जाता था जिस कारण यहां में उत्तर भारत की सबसे बड़ी आयरन फाउंड्री का निर्माण किया गया था। मंडलायुक्त ने आयरन फाउंड्री का निरीक्षण कर इसे पर्यटन क्षेत्र से जोड़ने की सरकार की मनसा बताई। कॉर्बेट ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजकुमार पांडे व सचिव मोहन पांडे ने बताया कि कुमाऊं कमिश्नर हैनरी रामजे ने जंगल को बचाने के लिए आयरन फाउंडी को बंद कराया था। मंडलायुक्त ने कहा यह ईको टूरिज्म की बेहतरीन साइड बन सकती है। जो भी सरकार द्वारा होगा इसको बढ़ावा दिया जाएगा। आयरन फाउंड्री वन विभाग द्वारा प्रस्तावित कॉर्बेट हेरिटेज सफारी का हिस्सा भी रहेगा।

## रामरतन नागर के निधन पर शिव सैनिकों ने जताया शोक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शिवसेना प्रदेश उपप्रमुख रूपेंद्र नागर के पिता रामरतन नागर का आकस्मिक निधन हो गया। रेलवे बाजार स्थिति शिव सेना कुमाऊं मंडल कार्यालय में शिव सैनिकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवगंत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, विधायक सुमित हृदयेश, फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. दयाल शरण, समाजसेवी डॉ. रेनू शरण, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ीमुकेश पाल, त्रिलोक सिंह, हेमन्त कुमार, अशोक सिंधी, प्रमोद आर्य, अभिषेक कश्यप, राजेश साहू आदि ने शोक प्रकट किया।








## सत्यापन न होने पर होटल का चालान

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस ने दस्तावेज न होने पर बरेली निवासी युवक की बाइक सीज कर दी। पूछताछ में पता लगा कि युवक बिना सत्यापन एक होटल में काम कर रहा है। पुलिस ने होटल स्वामी का भी 83 पुलिस एक्ट में चालान किया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को तल्लीताल डांठ में पुलिस चेकिंग अभियान कर रही थी। एक युवक को बाइक में आता देख पुलिस ने बाइक रोक दस्तावेज दिखाने को कहा तो युवक ने बाइक के दस्तावेज नहीं होने की बात कही। जिस पर पुलिस ने बरेली निवासी चन्दन श्रीवास्तव की बाइक सीज कर दी। पूछताछ में पता चला कि वह नैनीताल के एक होटल में बिना सत्यापन के ही काम करता है। युवक की जानकारी के बाद पुलिस होटल में पहुंच गई जहां उन्होंने होटल संचालक से कर्मचारियों का सत्यापन मांगा। लेकिन होटल संचालक कई कर्मचारियों का सत्यापन नहीं दिखा पाया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि लॉंगव्यू होटल स्वामी फरहान सिद्दीकी का 83 पुलिस एक्ट में चालान किया है।






















### अंधविश्वास के चलते अमावस्या पर कई तांत्रिक देते हैं उल्लू की बलि, कार्बेट समेत वन प्रभागों में कर्मी चौकस

# उल्लू की सुरक्षा को रहेगी चप्पे- चप्पे पर नजर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** अंधविश्वास के चलते दीपावली में तांत्रिक अपनी तंत्र विद्या में सिद्धि पाने के लिए उल्लुओं की बलि चढ़ाने की जुगत में रहते हैं। दीपावली पर उल्लू की मांग बढ़ जाती है।

मां लक्ष्मी का वाहन कहे जाने वाले उल्लू के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर कॉर्बेट प्रशासन के अलावा रामनगर वन प्रभाग हो या तराई पश्चमी वन प्रभाग सभी स्थानों पर वन कर्मी पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर है। जिसको लेकर कॉर्बेट पार्क के वनकर्मियों द्वारा दिन और और रात में गश्त तेज की गई है ताकि जंगलों की वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा में कोई कमी न रहे। दीपावली के शुभ मौके पर लोग लक्ष्मी की पूजा करते हैं, परंतु कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अंधविश्वास के चलते मां लक्ष्मी का वाहन कहे जाने वाले उल्लू की जान के पीछे पड़ जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि तांत्रिक जादू टोना तंत्र-मंत्र और साधना विद्या में उल्लू का प्रयोग करते हैं। उनकी सोच सम्भवतः यही रहती होगी कि उल्लू की बलि दिए जाने से तंत्र मंत्र विद्या को अधिक बल मिलता है। इसकी बलि दी जाने से जादू टोना बहुत कारगार सिद्ध होते हैं। अंधविश्वास के चलते एक विलुप्त होती प्रजाति को खतरा बढ़ गया है। यह खतरा तब और अधिक बढ़ जाता है जब दीपावली का त्योहार आता है।


डाल पर बैठा उल्लू। ● संजय छिमवाल।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व ने उल्लू की तस्करी करने वालों पर लगाम कसने के लिए जंगल में गश्त बढ़ा दी है। वन्यजीव प्रेमी संजय छिम्मवाल है कि उल्लुओं के मारे जाने से ईको सिस्टम पर भी इसका असर पड़ता है। कहते हैं कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुसार उल्लूओं का शिकार करना, व्यापार करना या किसी अन्य प्रकार का उपयोग एक दंडनीय अपराध है। भारत में पाई जाने वाली सभी उल्लू प्रजातियों को वन्य जीव और वनस्पति की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन के तहत भी सूचीबद्ध किया गया है, जो इनके अंतरराष्ट्रीय व्यापार को प्रतिबंधित करता है। पंडित गोपाल दत्त शर्मा कहते है कि मां लक्ष्मी का वाहन उल्लू है। उल्लू को बुद्धि का पक्षी भी माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र में उल्लू को भाग्यवान और धन विस्तार करने का प्रतीक माना गया है। दीपावली के दिन उल्लू के दर्शन करना शुभ माना जाता है। ऐसे में उल्लू की हत्या करना जघन्य अपराध है।

# लावारिस वाहनों को करें नीलाम

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के कोतवाल को निर्देश दिए हैं। बता दें कि सोमवार को नैनीताल जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा रामनगर कोतवाली के वार्षिक निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ एसपी सिटी जगदीश चंद्र भी मौजूद रहे।

कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करते हुए एसएसपी ने व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। एसएसपी ने कोतवाली के कर्मचारियों के आवास, मालखाना, कर्मचारी बैरिक, शस्त्रों व अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कोतवाली में लंबे समय से खड़े लावारिस वाहनों के निस्तारण के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान कोतवाली के सभी अभिलेख सही पाए गए। कहा कि दिवाली पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रामनगर में नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई नशा तस्करों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा चुकी है। कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।


रामनगर में कोतवाली का निरीक्षण करते एसएसपी। ● अमृत विचार

कहा कि नैनीताल जिले में भी लगातार नशे के बड़े तस्करों को लगातार पकड़ा जा रहा है, उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी गतिमान है। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले व बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर

### नैनीताल कबड्डी टीम का चयन आज

**कालाढूंगी :** राज्य जूनियर बालिका कबड्डी (चैंपियनशिप) प्रतियोगिता के लिए नैनीताल जिले की टीम का मंगलवार को चयन होगा। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव मनमोहन सिंह बसेड़ा ने बताया 7और9 नवंबर को सरदार सिंह रावत राजकीय इंटर कॉलेज नैनबाग टिहरी गढ़वाल में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। नैनीताल जिले की टीम का चयन सुबह 10 बजे से राजकीय इंटर कालेज कालाढूंगी में होगा। महिला वर्ग 65 किलो आयु वर्ग में 15 दिसंबर 2024 तक खिलाड़ी की आयु 20 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने आधार कार्ड और स्थाई निवास प्रमाण पत्र एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाएं।

### शेर नाले पर पुल निर्माण शुरू होने से खुशी की लहर

**चोरगलिया :** शेर नाले पर पुल निर्माण शुरू होने से चोरगलिया क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। भाजयुमो के प्रदेश सह संयोजक पान सिंह मेवाड़ी ने कहा कि वह शेर नाले पर पुल निर्माण के लिए छात्र जीवन से ही संघर्ष करते आये हैं। उन्होंने ग्रामीणों के साथ नंगे पांव पद यात्रा भी की और सरकार के हर सक्षम पटल पर जनता की आवाज उठाई। मुख्यमंत्री से लेकर सांसद व विधायक से पुल निर्माण के लिए प्रयास किये। अब पुल निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।


पान सिंह मेवाड़ी।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुई प्रतियोगिताएं

### भीमताल स्थित हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में किया गया जगमग दीप संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन

- पारंपरिक पहाड़ी शैली में मनाया गया रोशनी का त्योहार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** हरमन माइनर डिग्री कॉलेज, भीमताल में रोशनी का त्योहार दिवाली पर्व के अवसर पर 'जगमग दीप संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्सव की शुरुआत पारंपरिक शैली में रंगीन रंगोली और जटिल तोरण सहित सुंदर सजावट से की गई।

कार्यक्रम में पारंपरिक पहाड़ी शैली में रोशनी का त्योहार मनाकर परंपरा, संस्कृति और समुदाय का एक अनूठा सार प्रस्तुत किया गया, जिसमें ऐपण कला और देवी लक्ष्मी की शिल्पकला शामिल थी। प्रिंसिपल डॉ. मुक्ता ने छात्रों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। 'जगमग दीप संगम' थीम पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रंगोली, दिया थाली, ऐपण, सजावटी सामान, शोपीस आदि प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम स्थान पर डौली-पूनम, दिक्षा, हिमानी, करीना-दिव्यांशी, चेतना तथा द्वितीय स्थान पर हर्षिता-हिमानी, हर्षिता, कंगना, पायल-श्रद्धा, सोनालिका और तृतीय स्थान पर साक्षी-ज्योति, हिमानी, यामिनी, हेमा आदि रहे।


हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में आयोजित दीप संगम कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

स्वनिर्मित माता लक्ष्मी की मूर्ति के लिए खूशबू एवं साथी विजयी रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरमन माइनर स्कूल की प्रधानाचार्या महिमा भट्ट एवं बुग्याल्स की अकाउंट मैनेजर भाग्यलक्ष्मी तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पूनम मेहता एवं भारती बुधलाकोटी रहे। यहां डॉ. बीना नेगी चौधरी, डॉ. बिनीता राय, गणेश चंद्रा, आरएस खाती, शीतल सिंह मौर्य, पूजा आर्या, नितिन भगवाल, दीपक, शालिनी, नीरज, रामकृष्ण आर्य, राहुल कुमार, मुकेश आर्य, धीरज गुरूंग, दीपा, भुवन पलड़िया, तनुजा आदि रहे।

### ऑल सैंट्स की तीन छात्राएं ऑल इंडिया गोल्फ प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल के ऑल सेंट्स कॉलेज की तीन छात्राओं का चयन राज भवन गोल्फ क्लब, नैनीताल से गुड़गांव में आयोजित ऑल विमेंस गोल्फ एसोसिएशन ऑफ इंडिया गोल्फ प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया। नैनीताल से गुड़गांव में आयोजित शिविर के लिए ऑल सेंट्स कॉलेज की अमायरा बजाज, पंखुरी वर्मा और शुभांगी कुंवर का चयन किया गया। गुड़गांव के डी एल एफ गोल्फ कोर्स में जहां एक और पूरे विश्व की दिग्गज महिला गोल्फ खिलाड़ियों ने हीरो इंडिया विमेंस ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया। वहीं पूरे देश भर के विद्यालयों से उभरते हुए गोल्फ खिलाड़ियों ने इन दिग्गज खिलाड़ियों से खेल की तकनीकियों को जाना और गोल्फ की अनेक बारीकियों से परिचित हुईं। प्रशिक्षण शिविर में उभरते हुए खिलाड़ियों ने न केवल गोल्फ के क्षेत्र में दिग्गज खिलाड़ियों से खेल की तकनीकियों को जाना, बल्कि उनके खेल को देखा, उनसे खेल की चर्चा की और इस खेल के ज्ञान में इजाफा किया।


ऑल सेंट्स स्कूल की चयनित छात्राएं। ● अमृत विचार

# अनदेखी का दंश झेल रहा पं. दीनदयाल पार्क

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** पर्यटन नगरी भीमताल में पार्किंग के समीप पं. दीनदयाल पार्क देखरेख और सौंदर्यीकरण के अभाव में बदहाल पड़ा है। पार्क में रैलिंग और बैंच टूटी पड़ी है। जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर आंखें मूंदकर बैठे हैं।

पार्क का प्रवेश द्वार, दीवारें और प्रतीक्षालय रंगाई-पुताई नहीं हो पाने के कारण बदरंग पड़ा है। पार्क में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति लगी है। इन्हीं के नाम से सरकार राष्ट्रीय शहरी मिशन के अंतर्गत कई योजनाएं चला रही है फिर भी पार्क की सुध लेने वाला कोई नहीं है। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि वर्ष 2016-17 से लगातार पार्क के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई एवं देखरेख की मांग की जा रही है। कई बार नगर के युवाओं ने पार्क की साफ-सफाई कर नगर एवं जिला प्रशासन को चेताया, लेकिन आज तक जिम्मेदार अधिकारियों ने पार्क की सुध नहीं ली है। इसी वजह से सुंदर पार्क प्रशासन की अनदेखी का दंश झेल रहा है।

### नेचर गाइडों की भर्ती लिखित परीक्षा के आधार पर हो

**रामनगर :** पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष यतिन रौतेला ने रामनगर वन प्रभाग में चल रही नेचर गाइड भर्ती प्रक्रिया लिखित परीक्षा के आधार पर किए जाने की मांग की है। प्रभागीय वनाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि विभाग द्वारा कार्बेट हेरिटेज सफारी/कालाढूंगी इको टूरिज्म जॉन हेतु 36 नेचर गाइडों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। यतिन का कहना है कि उनको ज्ञात हुआ है कि भर्ती प्रक्रिया साक्षात्कार के आधार पर की जा रही है। उन्होंने यह भी कि प्रदेश सरकार ने आदेश दिए थे कि इंटरव्यू स्थगित कर लिखित परीक्षा कराई जाए जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

### दीपावली पर पेंट व पटाखों के धुंए से करें बचाव

**नैनीताल :** दीपावली के दौरान पेंट व पटाखों के धुंए से कई लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. दुग्ताल की ओर से इन दिनों अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को उपचार के साथ दीपावली में बचाव की भी जानकारी दी जा रही है। डॉ. दुग्ताल ने बताया कि दीपावली के दौरान घरों में पेंट किया जाता है। साथ ही दीपावली में बच्चे पटाखे जलाते हैं। कई लोगों को पेंट की दुर्गंध से एलर्जी होती है। वहीं पटाखों से निकलने वाला धुआं कई हानिकारक कैमिकल छोड़ता है, जो बच्चों की आंखों में जलन पैदा कर सकता है। जिससे आंखों में दर्द भी होता है। वहीं अस्थमा के मरीजों को पटाखों के धुंए से दिक्कतें हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि अस्थमा के मरीज पटाखों के धुंए से दूर रहें।

# पत्नी और तीन बच्चे अजमेर से बरामद

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मित्र पुलिस ने एक माह से गुमशुदा एक परिवार के मां और उसके तीन बच्चों को बरामद किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि बीती 28 सितंबर को पीरूमदारा निवासी बालम सिंह रावत की पत्नी माया रावत, उसके तीन बच्चे कविता, रिया व मानसी घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। उन्होंने बताया कि एसआई मोहन चंद्र, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार की अगुवाई में एक टीम गठित की गई। टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे मुखबिर तंत्र के माध्यम से सार्थक प्रयास किए। उन्होंने बताया कि गुमशुदा माया रावत और उसकी तीनों पुत्रियों को अजमेर राजस्थान से बरामद कर पीरुमदारा चौकी लाया गया। चारों को पति के सुपुर्द किया गया।


रामनगर में पति को पत्नी और बच्चे सौंपती पुलिस। ● अमृत विचार



ग्रामीण हाट में ग्राफिक एरा के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# छात्रों ने जानी किसानों की दिक्कतें

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने आरोही संस्था की ओर से आयोजित 21वें ग्रामीण हाट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यूनिवर्सिटी के भीमताल परिसर के ड्रामेटिक्स क्लब के सदस्यों ने हाट में छात्राओं को उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए नुक्कड़ नाटक पेश किया। निधि जोशी ने नाटक का निर्देशन किया। जबकि राशिका गुरुंग ने छात्रों और अभिभावकों को यूनिवर्सिटी की ओर से चलाये जाने वाले पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। छात्रों ने पारम्पारिक ऐपण कला प्रस्तुत की। जिसमें छात्रा युक्ता को पुरस्कृत किया गया। युक्ता, राहुल और मोहित ने ग्रामीणों से आजीविका अर्जित करने में आ रही परेशानियों के बारे में पूछा।

### पटवाडांगर सड़क हुई गड्ढों से मुक्त

**नैनीताल :** पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता के निर्देश पर समीपवर्ती पटवाडांगर मार्ग में एक सप्ताह पूर्व हुआ आधा अधूरा पैच कार्य पूरा किया जा चुका है। सड़क के गड्ढों में पैच लगने के बाद अब सड़क गड्ढा मुक्त हो गई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि बल्दियाखान पटवाडांगर के तीन किलोमीटर लंबी सड़क पर पीडब्लूडी की ओर से एक सप्ताह पूर्व पैच कार्य कराया गया था। पैच कार्य को सप्ताह भर ही हुआ था कि पैच कार्य उखड़ने लगा। रेता सड़क में फैलने से दो पहिंया सवारों का रपटने का भय बना हुआ था। जिसकी शिकायत मिलने पर खबर लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने ठकेदार से तुरंत कार्य पूरा कराया।

# रामनगर में आज से लागू होगा नया ट्रैफिक प्लान

संवाददाता, रामनगर

- पुलिस-प्रशान ने दीपावली पर्व को देखते हुए उठाया कदम
- वाहनों की पार्किंग के लिए जारी की नई व्यवस्था

**अमृत विचार :** पुलिस ने दीपावली पर्व को देखते हुए मंगलवार से एक नवंबर तक प्रातः 9 बजे से रात 10 बजे तक शहर में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को पुलिस द्वारा निर्धारित कर दिया है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि रामनगर मुख्य बाजार पांचों गली/कोसी रोड में समस्त छोटे-बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कोसी रोड की तरफ व उसके आसपास से आने वाले समस्त वाहन पायते वाली पार्किंग में खड़े कराए जाएंगे। लखनपुर की तरफ व उसके आसपास से आने वाले समस्त वाहन (बड़े/छोटे) पर्वतीय सभा वाली पार्किंग में खड़े कराए जाएंगे। भवानीगंज की तरफ व उसके आस-पास से आने वाले समस्त वाहन दुर्गा मंदिर भवानीगंज पार्किंग में खड़े कराये जाएंगे। नन्दा लाइन बम्बाघेर की तरफ व उसके आस-पास से आने वाले समस्त वाहन बैण्ड वाली गली/नन्दा लाइन पार्किंग में खड़े किए जाएंगे। उपरोक्त पार्किंग के फुल होने पर फॉरेस्ट ग्राउण्ड पार्किंग में समस्त वाहन पार्क कराए जाएंगे।

**बदलाव** गेरू-चूने की दुकान लगाये व्यवसायियों में निराशा, बाजार में गेरू 30 व रंगोली मिट्टी 20 रुपये किलो उपलब्ध

# आधुनिकता की चकाचौंध में गुम हुई गेरू की लिपाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जैसे-जैसे आधुनिक चीजें लोगों की जरूरत का हिस्सा बन रही हैं, वैसे-वैसे लोग अपनी पारंपरिक चीजों को भूलते जा रहे हैं। दीपावली त्योहार पर पहले घरों में गेरू से लिपाई होती थी, लेकिन आज आधुनिकता की चकाचौंध में लोग गेरू को भूल चुके हैं।

इससे गेरू और चूना लाकर दुकान लगाये बैठे व्यवसायियों को निराशा मिल रही है। बाजार में 30 रुपये में गेरू और 20 में रंगोली बनाने के लिए मिट्टी उपलब्ध है, लेकिन ग्राहक इन्हें खरीदने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। व्यवसायियों का पूरा दिन खरीदारों की रात तकते गुजर रहा है। 40 वर्षों से नल बाजार में दीपावली पर गेरू मिट्टी की दुकान लगाने वाले 58 वर्षीय व्यवसायी उमेश सागर का कहना है कि वह दीपावली से दो सप्ताह पूर्व पैसे की व्यवस्था कर धारचूला से गेरू मिट्टी मंगाते हैं। पहले धनतेरस तक 60 से 80 फीसदी गेरू बिक जाता था, लेकिन अब कोई इसे खरीदने के लिए नहीं आ रहा है। तीन दिन से दुकान लगाने के बावजूद अब तक लोग मात्र दाम पूछने आ रहे हैं।


गेरू मिट्टी और दीये के खरीदारों का इंतजार करते व्यवसायी। ● अमृत विचार


40 सालों में बहुत बदलाव हुआ है। लोग आधुनिकता की रेस में हैं। पुरानी पारंपरिक संस्कृति को पीछे छोड़ दिया है।
**-उमेश सागर,** गेरू व्यवसायी


पारंपरिक मिट्टी के दीयों की खरीदी अब लोग पहले की तुलना में कम कर रहे हैं। तेल की महंगाई और आधुनिकता इसका बड़ा कारण है।
**- आनंद सागर,** दीया व्यवसायी


विधायक भगत ने भीमपुरी में कांग्रेसियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। ● अमृत विचार

# पूर्व प्रधान हुए भाजपा में शामिल

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** विधायक बंशीधर भगत ने दिवाली से पूर्व ग्रामसभा भीमपुरी में कांग्रेस पार्टी के मजबूत स्तंभ पूर्व प्रधान पूरन चंद्र एवं जीवन चन्याल को उनके समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल किया। विधायक भगत ने पूरन चंद्र के आवास पर पहुंचकर उनके सामाजिक कार्य एवं राजनीतिक अनुभव को देकते हुए भाजपा परिवार से जुड़ने को कहा। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि कांग्रेस में अब गिने चुने शेष रह चुके हैं। विधायक ने कहा कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनावों में कांग्रेस कार्यकर्ता ढूंढने से भी नहीं मिलेगा। इस मौके पर हरीश गुर्रों, मोहन लाल, ग्राम प्रधान अनिल चन्याल, पूर्व प्रधान पूरन चंद्र, बिशन राम, गौरी आर्या, पूर्व प्रधान जीवन चन्याल, पान सिंह भंडारी, मोहन चंद्र, अंकिता देवी, अनिता देवी शामिल रहे।

# एमबीपीजी कॉलेज में छात्र नेताओं का धरना-प्रदर्शन शुरू

## छात्रसंघ चुनाव नहीं कराये जाने से आक्रोश, उच्च शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर लगाये नारे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में छात्र नेताओं का धरना प्रदर्शन सोमवार से शुरू कर दिया है। छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्रनेता दिनभर कॉलेज परिसर में डटे रहे। हालांकि किसी तरह की अराजकता देखने को नहीं मिली। पूर्व छात्रनेता भी उनके समर्थन में धरने पर बैठे। छात्र नेताओं ने कहा कि जब तक चुनाव कराए जाने का निर्णय नहीं आएगा, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

एनएसयूआई से अध्यक्ष पद के दावेदार रक्षित बिष्ट कपड़े, बर्तन व अन्य सामान के साथ धरने पर बैठे। बताया कि उन्हें एक आतंकवादी के तौर पर पेश किया जा रहा है, जिससे उसकी छवि खराब हुई है। वह किराये के कमरे में रहता हैं, लेकिन रविवार को मकान मालिक ने कमरा खाली करवा दिया। जिससे वह सड़क पर आ गया है। बताया कि वह छात्रों के अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन पुलिस का इस्तेमाल कर बलपूर्वक उनकी आवाज दबाई जा रही है। इस दौरान छात्रनेताओं ने शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के विरुद्ध नारेबाजी की। छात्र नेता हर्ष शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि शासन-प्रशासन की ओर से उन पर मुकदमे लगाए जाने का डर दिखाया जा रहा है। कहा कि अपनी मांग को लेकर विरोध करना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उन्हें इससे रोका जा रहा है।



एमबीपीजी कॉलेज में धरने पर बैठे पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व छात्र नेता। ● अमृत विचार

### धरना प्रदर्शन से अभाविप प्रत्याशी गायब

**हल्द्वानी :** छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्र नेताओं के धरना प्रदर्शन से अभाविप प्रत्याशियों ने अपने हाथ पीछे खींच लिये हैं। छात्रसंघ चुनाव निरस्त करने का निर्णय आने के बाद छात्र नेताओं ने विरोध शुरू कर दिया था, जिसमें दोनों संगठनों के प्रत्याशी शामिल थे। लेकिन अब अभाविप प्रत्याशी धरना-प्रदर्शन में नजर नहीं आ रहे हैं। एमबीपीजी कॉलेज में सोमवार को भी एनएसयूआई प्रत्याशी दिनभर धरने पर बैठे रहे।

### छात्रनेता का प्रवेश निरस्त करने की मांग

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह रौतेला ने छात्र नेता रक्षित बिष्ट के लगाए आरोपों को झूठा बताया है। उन्होंने वायरल वीडियो की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। साथ ही रक्षित का प्रवेश निरस्त करने की मांग की है। बीते शुक्रवार की शाम कोतवाल राजेश यादव और प्राचार्य एनएस बनकोटी से फोन पर हुई वार्ता के बाद वे छात्र नेताओं की ओर से किये जा रहे धरना प्रदर्शन की स्थिति का जायजा लेने कॉलेज पहुंचे। इस दौरान कुछ छात्रों जिनमें मुख्य रुप से रक्षित बिष्ट शामिल है, उनपर मदिरा सेवन का आरोप लगाते हुए अभद्रता की। अधिकांश कार्मिक और पुलिस कर्मी उनके साथ थे, जिस पर उन्होंने छात्रों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सहयोग नहीं किया गया। उन्होंने रक्षित को निष्कासित करने की मांग की है। कहा कि आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो सभी कार्मिक कार्य बहिष्कार करेंगे।

### शीघ्र छात्रसंघ चुनाव कराए सरकार: आर्य



**नैनीताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड में छात्र संघ चुनाव न होने पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर राजनीति की पौध खत्म करने का आरोप लगाया है। यशपाल आर्य ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि छात्रसंघ चुनाव न केवल छात्रों की समस्याओं का समाधान है बल्कि युवाओं की नेतृत्व क्षमता को भी सशक्त बनाने का माध्यम है। छात्र देश का भविष्य हैं। छात्र राजनीति ही ऐसी कड़ी है जिससे युवा राजनीति कि पौध तैयार होती है। लेकिन भाजपा सरकार ने उसी छात्र राजनीति को खत्म कर दिया है। न नगर निकाय चुनाव का कुछ पता है न छात्रसंघ चुनाव का। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार से आग्रह है कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं और युवाओं में राजनीतिक नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए नियमित रूप से छात्रसंघ चुनाव कराया जाना प्रदेश के युवाओं के लिए नितान्त आवश्यक है। एक स्वाभाविक लोकतांत्रिक व्यवस्था में छात्रसंघ चुनाव अपरिहार्य और अनिवार्य हैं। लिहाजा राज्य सरकार जल्द छात्रसंघ चुनाव करवाए।

## सार-संक्षेप

### बच्चों ने रंगोली, नृत्य और दीपक सजाओ में दिखाई प्रतिभा




सुंदर रंगोली के साथ सिंथिया स्कूल की छात्राएं।

**हल्द्वानी :** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में दीपावली से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस दौरान रंगोली, नृत्य, दीपक सजाओ, तोरण सज्जा, झालर सज्जा, मटकी सजाओ और अंतर सदन आदि प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पिंकी चौहान, ईशा बिष्ट, प्रवीण सैमुएल, शिवानी सिंह आदि के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। यहां एकेडमिक कॉर्डिनेटर बीबी जोशी, एससी मिश्रा, महेश चंद्र जोशी, कॉर्डिनेटर प्रदीप मित्रा, सुनीता तिवारी, वीएस बजेठा, हेमा तिवारी, कविता लोहनी, आईडी जोशी, प्रकाश शर्मा, केसी पंत मौजूद रहे।



सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों के साथ दिनेश खुल्वे व अन्य। ● अमृत विचार

### वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

**हल्द्वानी :** वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम रुकमणि बिष्ट ने अपने पिता स्व. खीम सिंह मटियाली की स्मृति में आयोजित किया था। इस दौरान दिनेश खुल्बे, मंडल अध्यक्ष दीपक बहुगुणा, ममता पलड़िया, तारा चंदोला, रंजीत सिंह मटियाली, जानकी बिष्ट, लीला तिवारी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, पुष्पेंद्र सिंह बिष्ट मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक की भूमिका समाज की सबसे बड़ी धरोहर है, उनका उम्र अनुभव और ज्ञान समाज को प्रेरित करता है।



देहरादून में यूआरआरडीए चीफ से मिलते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

### ओखलकांडा ब्लॉक में कई मार्गों के डामरीकरण की मांग

**हल्द्वानी :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने सोमवार को राजधानी देहरादून में यूआरआरडीए चीफ राजेश कुमार से मुलाकात कर कहा कि ओखलकांडा ब्लॉक के छीड़ाखान से अधोड़ा-मीडार मोटर मार्ग पर डामरीकरण के लिए 19 करोड़, सालियाकोट मोटर मार्ग के लिए 6 करोड़, पतलोट से पश्यां मोटर मार्ग को 5 करोड़ स्वीकृत होकर निविदा हुए पांच माह हो चुके हैं। फिर भी अभी तक कागजी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है, जिस वजह से काम शुरू नहीं हो पाया है। इस वजह से ग्रामीणों को परेशनी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कुमार ने जल्द ही मोटर मार्गों का डामरीकरण शुरू कराने का आश्वासन दिया।

### मोहन कांडपाल बने पहाड़ी आर्मी के जिलाध्यक्ष



**हल्द्वानी :** पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने मोहन कांडपाल निवासी भगवानपुर को नैनीताल का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह पहाड़ के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। उनकी नियुक्ति पर जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, मेयर जोगेंद्र रौतेला, विधायक सुमित हृदयेश, पूनम टम्टा, रणवीर रावत, जेपी बड़ूनी, मोहन पाठक, हुकुम सिंह कुंवर, हेमंत पाठक ने शुभकामनाएं दी हैं।

### पांच नवंबर से शुरू होगा छठ पर्व

**हल्द्वानी :** छठ पर्व को लेकर पूर्वी समाज के लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। छठ सेवा समिति के महामंत्री मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि पर्व की शुरुआत पांच नवंबर को नहाए-खाए से होगी। छह को खरना होगा। जबकि सात को डूबते सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा। आठ को उगते सूरज को अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान महिलाएं 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखती हैं।

### दमुवाढूंगा क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया

**हल्द्वानी :** त्योहार से पहले ही शहर के अलग-अलग इलाकों में पेयजल किल्लत शुरू हो गई है। गौला नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने से पेयजल किल्लत गहराने लगी है। दमुवाढूंगा क्षेत्र में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इलाकों के अंतिम छोर के घरों में नहीं पहुंच रहा है। लोग निजी टैंकरों से प्यास बुझा रहे हैं। जल संस्थान के जेई सतीश बिष्ट ने बताया कि गौला बैराज से रविवार को सिल्ट सफाई के कारण पानी नहीं मिल पाया है।

# हल्द्वानी पहुंचने पर पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह का हुआ स्वागत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह सोमवार को कमलुवागांजा रोड स्थित जीएनजी क्रिकेट एरिना पहुंचे। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों व युवा खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया। आरपी सिंह दो दिन से कुमाऊं की वादियों का लुत्फ उठा रहे हैं। मैदान में 20 मिनट युवा खिलाड़ियों से मिलने के बाद वह कैंची धाम दर्शन के लिए रवाना हुए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, लीला कांडपाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, अमित कांडपाल, जगमोहन बगडवाल, नवीन टम्टा, तेजू बघेल, मोनू तिवारी, अमर पाल, सुनील साह, विशाल भोजक, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, निश्चल जोशी, जीएनजी के मैनेजर दिग्विजय कनवाल, नितिन कुमार, मनोज पंत ने उनका स्वागत किया।



जीएनजी एरिना में आरपी सिंह के साथ क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## छह नवंबर से लगेंगे परीक्षण शिविर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग और बुजुर्ग लाभार्थियों को दीपावली के बाद सहायक उपकरण देने के लिए जांच की जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि इसके लिए जिले में छह से आठ नवंबर तक तीन दिन कैंप लगाए जाएंगे।

सुबह 11 बजे से तीन बजे तक होने वाले इस परीक्षण में ऐसे लाभार्थियों को चिन्हित किया जाएगा जिन्हें केंद्र या राज्य सरकार की किसी सामाजिक योजना में सहायक उपकरण नहीं मिला है। छह नवंबर को हल्दूचौड़, सात को रामनगर और आठ को हल्द्वानी महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने लाभार्थियों से शिविर में पहुंचकर परीक्षण कराने की अपील की है।

# ठगी के शिकार कारोबारी ने दी आत्मदाह की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति से लेकर मंडलायुक्त तक गुहार लगाकर थक चुका पेंट कारोबारी बीमारी और आर्थिक तंगी की चपेट में है। 19 लाख की ठगी का शिकार हुआ कारोबारी पिछले एक साल से न्याय के लिए भटक रहा है। निराश होने पर उसने राज्य स्थापना दिवस पर आत्मदाह की चेतावनी दी है।

हल्दूचौड़ निवासी राहुल पांडेय पेंट कारोबारी हैं और उनकी दोनों किडनी फेल हो चुकी हैं। बैंक से लोन लेकर घर पर पेंट की दुकान खोली। आरोप है कि बनभूलपुरा निवासी सोनू सैफी ने उनसे पेंट खरीदा। शुरुआत में वह भुगतान कर गया। एक दिन अचानक आया और कहा कि उसे बड़े कॉलेज में पुताई का बड़ा ठेका मिला है। इसके लिए लाखों का माल चाहिए। ठेकेदार पेमेंट सही टाइम पर कर रहा था तो भरोसे में 19 लाख का माल राहुल ने दे दिया। पांच माह गुजर जाने के बाद भी जब पेमेंट नहीं मिला तो राहुल ने तगादा शुरू किया। इस पर आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। राहुल ने इससे पहले 22 सितंबर को फेसबुक पर लाइव आकर अपने परिवार के साथ आत्महत्या करने की धमकी दी थी। तब मंडलायुक्त ने कार्रवाई का भरोसा दिया था। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में राहुल ने राज्य स्थापना दिवस (9 नवंबर) को अपने घर पर आत्मदाह की चेतावनी दी है।

# धनतेरस पर बन रहा विशेष योग, जमकर बरसेगा धन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** धनतेरस का त्योहार मंगलवार (आज) को मनाया जायेगा। इस धनतेरस पर कुछ विशेष योग बन रहे हैं, जिससे पर्व और भी विशेष बनेगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि हस्त नक्षत्र, त्रिपुष्कर योग, लक्ष्मी नारायण योग, एंद्र योग व सूर्य बुध की युति से बुधादित्य योग बन रहा है।

शनि महाराज के अपनी स्वराशि कुंभ में विराजमान होने से शश पंच महापुरुष योग बन रहा है, जिससे सभी राशियों को लाभ मिलेगा। धनतेरस का पर्व धन, धान्य, समृद्धि के साथ ही स्वास्थ्य, आरोग्यता से जुड़ा हुआ माना जाता है। इसलिए इस दिन धन के लिए देवी लक्ष्मी व कुबेर और आरोग्य के लिए भगवान धनवंतरि की पूजा-अर्चना की जाती है। ज्योतिषाचार्य डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि धनतेरस पर शाम 6.10 बजे से पूजन होगा।

दक्षिण दिशा में यम देवता के निमित्त दीपदान कर समस्त रोग-शोक दूर करने व अल्प मत्यु निवारण के लिए पूजन करने से समस्त भय दूर होते हैं। धनतेरस पर भौम प्रदोष पड़ रहा है जो शिव पूजा के लिए भी अति उत्तम मूहूर्त है। धनतेरस पर खरीदारी का मूहूर्त प्रातः 8:56 बजे से मध्यान्ह में अभिजित मुहूर्त सहित सायं काल 8:55 बजे तक विभिन्न लाभदायक मूहूर्त हैं।

## ऑनलाइन सर्टिफिकेशन के प्रति जागरूक किया

**नैनीताल :** मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में एक दिवसीय पेंशनर्स जागरूकता शिविर लगाया गया। इसमें प्रोजेक्टर से सभी पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनर्स को ऑनलाइन डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की चरणबद्ध प्रक्रिया के बारे में बताया। आईएफएमएस पोर्टल में लॉग इन करने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया, ताकि पेंशनर्स स्वयं के मोबाइल फोन से वार्षिक ब्योरा व पेंशन रसीद निकाल सकें।

गोल्डन कार्ड व राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण से चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। साथ ही पेंशनर्स की गोल्डन कार्ड के अंशदान कटौती के रिफंड, पेंशन पुनरीक्षण संबंधी समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया।

# बॉक्सिंग में अमन ने स्वर्ण, पीहू और उज्ज्वल ने जीता रजत पदक

**खेल**

- पिथौरागढ़ में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता
- पीहू आर्या को बेस्ट चैलेंजर से किया सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पिथौरागढ़ में 24 से 27 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में केजीएम बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ी अमन कुमार ने स्वर्ण, पीहू और उज्ज्वल ने रजत पदक जीता है। प्रतियोगिता में पीहू आर्या को बेस्ट चैलेंजर से सम्मानित किया गया। बॉक्सिंग कोच पंकज कुमार ने बताया कि वर्तमान में अमन साई (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) हॉस्टल काशीपुर में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के आजीवन अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण, महासचिव गोपाल सिंह खोलिया, कोषाध्यक्ष नवीन टम्टा, भारतीय बॉक्सिंग कोच ललित प्रसाद, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, बॉक्सिंग कोच जीवन प्रकाश, किशन लाल, मोहन बिष्ट, भुवन तिवारी आदि ने बधाई दी है।



जीएनजी एरिना में आरपी सिंह के साथ क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े लोग।

**बाजार** दीपावली त्योहार को लेकर हल्द्वानी बाजार में मांग बढ़ने से व्यापारियों के चेहरे खिले, फूल और साज-सज्जा के सामान से दुकानें पटी

# ग्राहकों को लुभा रहे आर्टिफिशियल फूल और फल

रजनी मेहता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** धनतेरस और दीपावली त्योहार को लेकर हल्द्वानी का बाजार पूरी तरह से सज चुका है। लोग जरूरत के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में ज्यादातर दुकानें सजावटी सामान से सजी हैं। आर्टिफिशियल फूल और फल, फूलों की लड़ियां, पान की पत्तियां और गुलदस्ते लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

बाजार में फूल और साज-सज्जा के सामान की दुकानें लगाने वाले व्यापारियों के अनुसार फूलों की फिनिशिंग इतनी अच्छी होती है कि ग्राहक इनके आर्टिफिशियल होने का अंदाजा नहीं लगा पाते हैं। अक्सर ग्राहकों को ऐसे डेकोरेटिव सामान की जरूरत होती है जो लंबे समय तक टिके। गंदा होने पर लोग इसे धोकर दूसरे त्योहारों में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बाजार में इस समय गेंदा, गुलाब, लिली, सूर्यमुखी के आर्टिफिशियल फूल ग्राहकों को काफी लुभा रहे हैं। इनकी कीमत 50 रुपये से 500 तक है। ग्राहकों को आर्टिफिशियल फूलों में लाल रंग के छोटे पौंधे खूब पसंद आ रहे हैं।



हल्द्वानी बाजार में एक दुकान के बाहर बिक्री के लिए रखे गये आर्टिफिशियल फूल। ● अमृत विचार

### बोले विक्रेता



आर्टिफिशियल फूल-पत्तियों की काफी डिमांड है। लोग इनकी मालाओं को घरों में सजाने के लिए लेकर जाते हैं। फूलों को घरों में पॉट में रखकर सालों तक रखते हैं। इन्हें धोकर दोबारा प्रयोग किया जा सकता है। **-राज जायसवाल**



पिछले पांच सालों से लगातार दीपावली पर दुकानें लगाते हैं। बहुत से फूल बिक चुके हैं। पौंधों के अलावा घास के सजावटी पौंधे भी ग्राहकों को काफी पसंद आ रहे हैं। इनकी बहुत खरीदी हो चुकी है। **-विशु शर्मा**



### लकड़ी के पॉट कर रहे आकर्षित

बाजार में लकड़ी के पॉट भी ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार बांस की लकड़ी होने के कारण इनकी सजावट करने में आसानी होती है। बाजार में आर्टिफिशियल फूलों के लिए कई तरह के पॉट हैं, लेकिन छोटे फूलों के लिए लकड़ी के पॉट ही पसंद आ रहे हैं।



कामधेनुगुणा विद्या ह्यकाले फलदायिनी।
प्रवासे मातृसदृशा विद्या गुप्तं धनं स्मृतम्॥

विद्या कामधेनु के समान गुणों वाली है, बुरे समय में भी फल देनेवाली है, प्रवास काल में मां के समान है तथा गुप्त धन है।

## संपादकीय

# तेल बाजार में अस्थिरता

त्योहारों के मौसम में खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। पिछले एक माह के दौरान ताड़, सूरजमुखी, सोयाबीन और सरसों के तेल काफी महंगे हो गए हैं। ताड़ के तेल की कीमतों में 37 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। गनीमत है कि मूंगफली के तेल की कीमतें चार फीसदी ही बढ़ी हैं। ये सभी रोजाना इस्तेमाल में आने वाले खाद्य तेल हैं। देश में खाद्य तेलों का उत्पादन पूरा नहीं होता, इसलिए करीब 58 फीसदी हिस्सा आयात करना पड़ता है। खाद्य तेलों की मांग बढ़ रही है और आयात पर अत्यधिक निर्भरता की वजह से, तिलहन और खाद्य तेल बाजारों में अस्थिरता है। चिंता की बात है कि खाद्य तेल अर्थव्यवस्था में अस्थिरता का कारण भी बनते हैं। खाद्य तेलों की मांग अस्थिर होने की वजह से, कीमत में कोई भी बढ़ोतरी मुद्रास्फीति में योगदान देती है। खाद्य तेल घरेलू भोजन का आधार हैं तो होटल, रेस्तरां, ढाबों और मिठाई की दुकानों की भी बुनियादी जरूरत हैं। इसका असर न केवल आम आदमी के घरेलू बजट पर असर पड़ा है, इससे व्यवसायों की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि टमाटर की कीमत 247 फीसदी, आलू के दाम 180 फीसदी, लहसुन के 128 फीसदी बढ़े हैं। अन्य सब्जियां भी 89 फीसदी महंगी हुई हैं। नमक, खाद्य तेल, आटे के दाम भी बढ़े हैं। खाद्य तेलों की कीमतों में यह उछाल सरकार द्वारा सोयाबीन, पाम और सूरजमुखी के कच्चे तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने के कारण हुआ है। ऐसे में खाद्य तेलों की बढ़ती घरेलू मांग, भारी कमी और आयात के कारण राजकोष पर पड़ने वाले खर्च को देखते हुए पाम ऑयल के क्षेत्र को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। केंद्र सरकार लगातार तेल पाम के उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है। खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता हासिल करना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्राथमिकता है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक तिलहन फसलों को रणनीतिक रूप से बनाए रखने और विविधता लाने तथा अनाज की खेती के लिए संभावित रूप से खोए गए क्षेत्रों पर फोकस करने से नौ राज्यों में देश के खाद्य तेल उत्पादन में 20 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, जिससे 7.36 एमटी तिलहन उत्पादन जुड़ सकता है और आयात निर्भरता 2.1 एमटी कम हो सकती है। कुल मिलाकर खाद्य तेलों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए चुनिंदा तिलहन का रकबा बढ़ाने और मौजूदा खेती की उपज बढ़ाने की ज़रूरत है। रबी के सीज़न में जिन इलाकों में फसल नहीं होती, वहां भी तिलहन का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।

# आर्थिक आतंकवाद है विमानों में बम की धमकी



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

कहीं न कहीं हमारे तंत्र में आत्मविश्वास की कमी की वजह से भी ऐसी अफरा-तफरी मचती है। हमारा सुरक्षा तंत्र इतना लचर भी नहीं होना चाहिए कि एक फर्जी धमकी से हम भयभीत हो जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

हाल के दिनों में भारतीय उड़ानों में बम होने की झूठी कॉल खूब मिल रही हैं, जिससे एयरलाइंस को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विमान कंपनियों और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि धमकियों के बीच इन मामलों में एक नया चलन भी सामने आया है। पहले एक ही हैंडल से कई उड़ानों से जुड़ी धमकियां दी जाती थीं, लेकिन अब अलग-अलग हैंडल से अलग-अलग एयरलाइंस की उड़ानों के बारे में धमकियां दी जा रही हैं।

यह सवाल हर भारतीय को परेशान कर रहा है कि भारतीय एयरलाइंस के जहाजों को लेकर दी जा रही धमकियों की यह बाढ़ सी क्यों आ रही है? आखिर फ्लाइट्स को डिजिटली धमकी देने वालों तक हमारा खुफिया तंत्र क्यों नहीं पहुंच पा रहा है? बार-बार मिलने वाली फर्जी धमकियों से जहां इन विमानन कंपनियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, वहीं यात्रियों को उड़ान में देरी व सुरक्षा जांच के चलते भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विमानन कंपनियों के आर्थिक नुकसान व यात्रियों पर मानसिक दबाव के मद्देनजर जो तत्परता सरकार की तरफ से दिखाई जानी चाहिए थी, वो नजर नहीं आ रही है।

इस घटनाक्रम से आम यात्रियों में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षा बोध पैदा हो रहा है। हालांकि, अधिकांश धमकियां फर्जी ही निकली हैं, लेकिन इन अपराधियों तक पहुंचना जरूरी है। चिंता यह भी कि यदि भविष्य में किसी आतंकी साजिश के प्रति कोई वास्तविक सचेतक सूचना भी आएगी तो संभव है, उसे गंभीरता से न लिया जाए। अतः हर स्तर पर सावधानी बरती जानी जरूरी है। वहीं ऐसी हरकत करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। इस तरह लगातार मिल रही धमकियों की वजह से निरंतर फ्लाइट्स देर से उड़ान भर रही हैं, यात्री और उनके परिजन परेशान हो रहे हैं। विमानन कंपनियों को अपनी फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ रही हैं।

इस घटनाक्रम से आम यात्रियों में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षा बोध पैदा हो रहा है। हालांकि, अधिकांश धमकियां फर्जी ही निकली हैं, लेकिन इन अपराधियों तक पहुंचना जरूरी है। चिंता यह भी कि यदि भविष्य में किसी आतंकी साजिश के प्रति कोई वास्तविक सचेतक सूचना भी आएगी तो संभव है, उसे गंभीरता से न लिया जाए। अत: हर स्तर पर सावधानी बरती जानी जरूरी है। वहीं ऐसी हरकत करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। इस तरह लगातार मिल रही धमकियों की वजह से निरंतर फ्लाइट्स देर से उड़ान भर रही हैं, यात्री और उनके परिजन परेशान हो रहे हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बम की एक झूठी धमकी से एयरलाइन यानी विमानन कंपनी को 3 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो सकता है। दरअसल, किसी विमान में बम होने की सूचना मिलने पर फ्लाइट को अपने निर्धारित एयरपोर्ट के बजाय नजदीकी हवाई अड्डे पर उतारा जाता है। इससे तेल की खपत तो ज्यादा होती ही है, विमान की जांच करने, यात्रियों को होटलों में ठहराने और उन्हें उनके डेस्टिनेशन तक पहुंचाने के लिए विमान की व्यवस्था भी करनी पड़ती है। इन सब पर करीब तीन करोड़ रुपये तक खर्च हो जाते हैं। अगर इंटरनेशनल फ्लाइट है तो रूट पर किसी अन्य देश से समन्वय बनाने और लैंडिंग में होने वाली देरी और भारी पड़ती है।

इसे यूं समझें कि 14 अक्टूबर को एयर इंडिया की बोइंग 777 उड़ान मुंबई से न्यूयॉर्क के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के कुछ समय बाद ही एयरलाइन को बम की धमकी मिली, जिसके चलते विमान को दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। उड़ान के दौरान विमान का वजन लगभग 340-350 टन था, लेकिन लैंडिंग के लिए इसे 250 टन तक कम करना जरूरी था। इसके लिए विमान से 100 टन तेल को उड़ान भरने के सिर्फ 2 घंटे बाद ही बाहर फेंकना पड़ा। इस तेल की कीमत ही लगभग 1 करोड़ रुपये थी। तेल की बर्बादी के साथ ही, दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग के चार्ज, यात्रियों और क्रू के ठहरने का खर्च, छूटी हुई कनेक्टिंग फ्लाइट्स का मुआवजा, विमान की जांच और नए फ्लाइट क्रू की व्यवस्था जैसी अतिरिक्त लागत भी जुड़ गई। इस पूरी प्रक्रिया से एक उड़ान को 3 करोड़ रुपये से भी अधिक का नुकसान हुआ।

एक अन्य घटना में, एयर इंडिया की एक फ्लाइट को बम की धमकी के कारण कनाडा के दूरस्थ इलाके इक्वालुइट में लैंड करना पड़ा। इस कारण विमान को तीन दिनों से अधिक समय तक ग्राउंडेड रखा गया, जिससे एयरलाइन को 15-20 करोड़ रुपये तक का नुकसान हुआ। कई यात्री विमान में देरी होने पर अपनी कनेक्टिंग फ्लाइट मिस कर जाते हैं तो वे एयरलाइन को अदालत में घसीटने की धमकी देते हैं। ऐसे में हर्जाना देकर समझौता करना होता है।

अक्सर दो तरह की धमकियां दी जाती हैं। एक धमकी ऐसी होती है जिसमें किसी विशेष फ्लाइट संख्या का नाम दिया गया हो। दूसरा सामान्य तरीके से जैसे कहा जाए कि एयर इंडिया की पांच उड़ानों में बम है। एक अधिकारी ने बताया कि जोखिम आकलन किया जाता है। खतरे का स्रोत देखा जाता है, चाहे वह एक्स (पूर्व ट्विटर), वॉट्सऐप, कॉल या ईमेल के माध्यम से आया हो। इसका मूल्यांकन मैट्रिक्स के आधार पर, कोड तय किया जाता है। इसमें लाल (बहुत गंभीर), एम्बर (गंभीर) या हरा (फर्जी कॉल की सबसे अधिक संभावना)।

ऊपरी तौर पर ऐसे घटनाक्रम का आर्थिक नुकसान विमानन कंपनियों को हो रहा है, लेकिन बाद में उसका असर आखिर यत्रियों की जेब पर ही पड़ना स्वाभाविक है। कुल मिलाकर नुकसान देश का ही है। बम धमकियों के कारण उड़ानें बाधित हो रही हैं और वित्तीय घाटा बढ़ रहा है, ऐसे में भारतीय विमानन क्षेत्र को और अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जब तक कि सख्त निवारक कार्रवाई नहीं की जाती। वर्तमान में, फर्जी बम धमकियों के खिलाफ कार्रवाई मौजूदा आपराधिक कानूनों के तहत पुलिस द्वारा की जाती है। हालांकि, सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने और विमानन उद्योग पर बढ़ते वित्तीय और परिचालन तनाव को रोकने के लिए सख्त उपायों पर विचार कर रही है।

सरकार की तरफ से इस दिशा में सख्त नियम बनाने का काम चल रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा है कि सरकार इस मुद्दे को और अधिक प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए नागरिक उड्डयन नियमों में संशोधन पर काम कर रही है। नायडू ने कहा, हम इन धमकियों को गंभीरता से ले रहे हैं और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। मंत्रालय अंतर्राष्ट्रीय नियमों की समीक्षा कर रहा है और फर्जी बम धमकियों के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को नो-फ्लाई लिस्ट में डालने पर विचार कर रहा है, साथ ही ज़रूरत पड़ने पर विधायी संशोधनों पर भी विचार कर रहा है।

कमोबेश ऐसी ही स्थिति ट्रेनों के मार्ग पर लगातार अवरोधक लगाने की घटनाओं से भी सामने आई है। जिसके सामने तंत्र लाचार नजर आता है। सरकार को समझना चाहिए कि ऐसे अफरा-तफरी के माहौल से विमानन कंपनियों की सेवा व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति लोगों में अविश्वास पैदा होता है। वास्तव में होना तो यह चाहिए कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था इतनी चाक-चौबंद हो कि ऐसी फर्जी धमकियों पर विचलित होने के बजाय उड़ानों का संचालन सहज ढंग से हो सके।

कहीं न कहीं हमारे तंत्र में आत्मविश्वास की कमी की वजह से भी ऐसी अफरा-तफरी मचती है। हमारा सुरक्षा तंत्र इतना लचर भी नहीं होना चाहिए कि एक फर्जी धमकी से हम भयभीत हो जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। देखना यह भी जरूरी है कि फर्जी धमकी देने वाले सुरक्षित कैसे बच रहे हैं। लगातार विस्तार पाती डिजिटल दुनिया में होने वाले साइबर अपराधों की तह तक पहुंचने वाला हमारा तंत्र कमजोर क्यों नजर आ रहा है। क्यों हम धमकी भेजने वाले के ई-मेल पते को ट्रेस नहीं कर पा रहे हैं। आधुनिक तकनीक से डिजिटल निगरानी को वक्त की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# चिकित्सक का प्राकट्य दिवस



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चिकिस्सा शास्त्र यानी आयुर्वेद को पंचम वेद की मान्यता प्राप्त है। हमारे यहां बड़े-बड़े वैद्य और शल्य चिकित्सक(सर्जन) हुए हैं। देवों के देव भगवान शंकर स्वयं सबसे बड़े वैद्य और सर्जन हैं। औषधियों का पोषक चंद्रमा उनके सिर पर है। देवघर(झारखंड)में उनका प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग 'वैद्यनाथ'नाम से ही प्रसिद्ध है। हर कालखंड में महान् वैद्य हुए हैं। इनमें वैदिक काल के अश्विनीकुमार,पौराणिक काल के धन्वंतरि और रामायण काल के सुषेण विशेष प्रसिद्ध हैं। धन्वंतरि की कथा श्रीमद्भागवत, विष्णुपुराण, महाभारत और ब्रह्म वैवर्त पुराण में आई है। वे पुराण प्रसिद्ध सागर मंथन से प्रकट हुए। कथानुसार देव और दानवों ने अमृत लब्धि हेतु समुद्र का मंथन किया। उससे 14 मुख्य रत्न निकले, जिनमें धन्वंतरि भी हैं। वे कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को आविर्भूत हुए थे, जिसे धन तेरस कहते हैं। वे भगवान विष्णु के अंश मान्य हैं। उनका आसन कमल है। उनकी चार भुजाएं हैं, जिनमें शंख, चक्र, अमृत कलश और आयुर्वेद की पुस्तक है। इस कारण धन तेरस इन्हीं वैद्य रत्न की जयंती के रूप में मनाई जाती है। चूंकि वे कलश हाथ में लिए थे,अतः इस दिन नवीन पात्र क्रय करने की परंपरा है। हालांकि अब तो लोग मोटर कार तक उसी दिन खरीदने लगे हैं।'ब्रह्म वैवर्त'पुराण में धन्वंतरि और नागदेवी 'मनसा' का संवाद आया है और उन्हें सभी वेदों का पारंगत और मंत्र तंत्र विशारद कहा गया है।(सर्व वेदेषु निष्णातो मंत्र तंत्र विशारदः)।

राजा परीक्षित को जब शृङ्गी ऋषि ने शाप दिया कि सातवें दिन उन्हें तक्षक डस लेगा और उनकी मृत्यु हो जाएगी,तो उन्होंने धन्वंतरि महाराज को बुलवा भेजा। तक्षक ने छल किया और लकड़ी का सुंदर बेत बनकर मार्ग में लेट गया। धन्वंतरि ने उसे उठा लिया। इस बीच उन्हें पीठ में खुजली लगी और उसी से पीठ खुजलाने लगे।मौका पाकर तक्षक ने पीठ में डस लिया। वे पीठ देख भी नहीं सकते थे। उनकी दृष्टि में भी अमृत था। यदि दृष्टिपात भी कर पाते, तो भी बाल बांका न होता; किंतु विकट परिस्थिति वश वे विवश हो गए और मार्ग में ही उनकी मृत्यु हो गई।

# कमजोर बच्चों से कैसे मजबूत होगा देश



संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में बच्चों के पोषण की स्थिति को लेकर समय-समय पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन सामने आते रहते हैं।

कमजोर बच्चों की समस्या पूरे देश के बच्चों में है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के हालिया सर्वे से यह बात उजागर हुई है। सर्वे के मुताबिक पोषण के स्तर में सुधार के बावजूद भारत में 6 से 23 माह तक की उम्र के 77 प्रतिशत बच्चों को उचित पोषक तत्वों से भरपूर खुराक नहीं मिलती। सबसे ज्यादा खराब स्थिति उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात की है। जहां 80 प्रतिशत से भी ज्यादा बच्चे उचित पोषक खुराक की कमी से ग्रस्त पाए गए हैं। सर्वे में भारत के 707 जिलों को शामिल किया गया था। जिनमें केवल दक्षिण, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के 95 जिलों की स्थिति थोड़ी बेहतर पाई गई। यहां 60 प्रतिशत या उससे कम बच्चे पोषक खुराक की कमी से ग्रस्त मिले। जबकि बाकी जिलों में 70 प्रतिशत या उससे अधिक बच्चों में यह समस्या पाई गई। उत्तर प्रदेश में 86.1 प्रतिशत, राजस्थान में 85.1 प्रतिशत , गुजरात में 84 प्रतिशत , महाराष्ट्र में 81.9 प्रतिशत तथा मध्य प्रदेश में 81.6 प्रतिशत बच्चे पोषक खुराक की कमी से ग्रस्त पाए गए हैं।

डब्लूएचओ के सर्वे में कहा गया है कि पोषक भोजन की कमी बालकों के मुकाबले बालिकाओं में और खासकर समाज के पिछड़े वंचित तबकों में ज्यादा है। ये वे परिवार हैं जिन्हें आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए भी भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता और जिनकी पैदाईश कम उम्र की शादीशुदा महिलाओं से हुई है। डब्लूएचओ और यूनिसेफ दोनों ने मिलकर बच्चों के लिए आवश्यक न्यूनतम भोज्य विविधता (एमडीडी) के पैमाने तय करते हुए सूचकांक तैयार किए हैं। जिनके आधार पर पता किया जा सकता है कि किस जिले, प्रदेश या देश के बच्चों में पोषण की स्थिति कैसी है। सर्वोच्च सूचकांक हासिल करने के लिए बच्चों किस तरह का दूध, खुराक, नाश्ता या भोजन दिया जाना चाहिए, दोनों संस्थाओं ने इसके ब्यौरे वाला चार्ट भी तैयार किया है। जिसके मुताबिक उचित शारीरिक एवं मानसिक विकास (वजन, लंबाई, बुद्धि, मेधा, स्मरण शक्ति आदि) के लिए बच्चों को जन्म के 6 से 23 माह के दौरान आठ तरह के विविध खाद्य पदार्थों में से कम से कम पांच तरह के खाद्य पदार्थ खिलाए जाने चाहिए। इनमें स्तनपान, अनाज, कंद-मूल, दालें और नट, दूध, दही, छाछ, पनीर और घी, अंडा व मांस, विटामिन से भरपूर फल एवं सब्जियां तथा सामान्य फल एवं सब्जियां शामिल हैं।

भारत में बच्चों के पोषण की स्थिति को लेकर समय-समय पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन सामने आते रहते हैं। जिनमें कमोबेश इसी तरह की अथवा इससे भी खराब स्थिति बयान की जाती है। मसलन, कुछ समय पहले एक रिपोर्ट जामा नेटवर्क की ओर से प्रकाशित की गई थी। जिसमें कहा गया कि भारत में 19.3 प्रतिशत बच्चे भुखमरी का शिकार हैं। रिपोर्ट ने इस मामले में भारत को गिनी और माली जैसे सबसे गरीब मुल्कों के बाद तीसरी श्रेणी में रख दिया। इसमें भी यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश की हालत सबसे खराब बताई गई थी। यह अलग बात है कि भारत सरकार ने अपने सर्वेक्षणों के आधार पर इन रिपोर्टों को हमेशा खारिज किया है। सरकार के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार भारतीय बच्चों में न्यूनतम भोज्य विविधता (मिनिमम डायटरी डायवर्सिटी-एमडीडी ) की दर 87.4 प्रतिशत से गिरकर 75 प्रतिशत से कुछ अधिक पर आ गई है। ऐसा अंडों, कंद-मूल तथा विटामिन-ए युक्त फलों एवं सब्जियों की खुराक बढ़ने से संभव हुआ है।

लेकिन इसके बावजूद नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 बच्चों में कुपोषण की गंभीर स्थिति को स्वीकार करता है। इसके अनुसार 17 राज्यों में से 11 में 5 वर्ष तक की उम्र के मुकाबले बच्चों की लंबाई कम है। जबकि 17 में से 13 राज्यों में बच्चों का वजन उम्र के लिहाज से कम है। ये बच्चे जल्दी-जल्दी बीमार होते रहते हैं। बिहार और गुजरात में तो 40 प्रतिशत बच्चे कम वजन के पाए गए हैं। हालांकि सर्वे के मुताबिक कुल मिलाकर ठिगने बच्चों का प्रतिशत कम ( 38 प्रतिशत से घटकर 36 प्रतिशत ) हुआ है। यह सुधार खासकर हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, सिक्किम, झारखंड, मध्य प्रदेश, मणिपुर, छत्तीसगढ़ एवं बिहार में दिखाई दिया है। इसके अलावा लगभग सभी राज्यों में शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। इस मामले में असम में सबसे ज्यादा सुधार (1000 शिशुओं में 48 की जगह केवल 32 की मृत्यु ) हुआ है। जबकि बिहार में शिशु मृत्यु दर अब भी ऊंची (1000 शिशुओं में 47 मौतें) बनी हुई है। ऐसा मुख्यतः अस्पतालों में प्रसव सुविधाएं बढ़ने तथा टीकाकरण की कामयाबी से हुआ है।

## सोशल फोरम

# समर्पण नहीं शिरकत की जरूरत



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

प्रेम पर इन दिनों अनेक कोनों से हमले हो रहे हैं। प्रेम आज विवाद और हिंसा का विषय बना हुआ है। अतःप्रेम के सवाल पर गंभीरता के साथ विचार करना समीचीन होगा। सवाल यह है प्रेमी युगल प्रेम के अलावा क्या करते हैं? प्रेम का जितना महत्व है उससे ज्यादा प्रेमेतर कार्य-व्यापार का महत्व है।

प्रेम के जिस रूप से हम परिचित हैं उसमें समर्पण को हमने महान बनाया है। यह प्रेम की पुंसवादी धारणा है। प्रेम को समर्पण नहीं शिरकत की जरूरत होती है। प्रेम पाने का नहीं देने का नाम है। समर्पण और लेने के भाव पर टिका प्रेम इकतरफा होता है। इसमें शोषण का भाव है। यह प्रेम की मालिक और गुलाम वाली अवस्था है। इसमें शोषक-शोषित का संबंध निहित है।

प्रेम का मतलब कैरियर बना देना, रोजगार दिला देना, व्यापार करा देना नहीं है। बल्कि ये तो ध्यान हटाने वाली रणनीतियां हैं, प्रेम से पलायन करने वाली चालबाजियां हैं। प्रेम गहना, कैरियर,आत्मनिर्भरता आदि नहीं है।

प्रेम सहयोग भी नहीं है। प्रेम सामाजिक संबंध है, उसे सामाजिक तौर पर कहा जाना चाहिए, जिया जाना चाहिए। प्रेम संपर्क है, संवाद है और संवेदनात्मक शिरकत है। प्रेम में शेयरिंग केन्द्रीय तत्व है। इसी अर्थ में प्रेम साझा होता है,एकाकी नहीं होता। सामाजिक होता है ,व्यक्तिगत नहीं होता।

प्रेम का संबंध दो प्राणियों से नहीं है बल्कि इसका संबंध इन दो के सामाजिक अस्तित्व से है। प्रेम को देह सुख के रूप में सिर्फ देखने में असुविधा हो सकती है। प्रेम का मार्ग देह से गुजरता जरूर है किंतु प्रेम को मन की अथाह गहराईयों में जाकर ही शांति मिलती है, प्रेमी युगल इस गहराई में कितना जाना चाहते हैं उस पर प्रेम का समूचा कार्य -व्यापार टिका है। प्रेम का तन और मन से गहरा संबंध है, इसके बावजूद भी प्रेम का गहरा संबंध तब ही बनता है जब आप इसे व्यक्त करें, इसका प्रदर्शन करें। प्रेम बगैर प्रदर्शन के स्वीकृति नहीं पाता। प्रेम में स्टैंड लेना जरूरी है।

**-फेसबुक वॉल से**

# कैसे दिवाली मनाते हैं मुसलमान, ईसाई और यहूदी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

यूं तो यहूदी धर्म को इजराईल के साथ जोड़कर देखा जाता है। पर भारत के मुंबई, केरल, दिल्ली वगैरह में बसे हुए यहूदी दिवाली को मनाते हैं। राजधानी का एकमात्र जूदेह हयम सिनगॉग में छोटी दिवाली और फिर दिवाली पर दीये जलाए जाएंगे। यह सारे उत्तर भारत में यहुदियां की एकमात्र सिनगॉग है।

अब प्रकाश पर्व का माहौल बन चुका है। कुछ ही दिन के बाद सर्वत्र प्रकाश होगा। अगर कोई ये सोच रहा है कि दिवाली को सिर्फ हिंदू ही मना रहे हैं, तो यह कहना सही नहीं होगा। दिवाली पर लाखों मुसलमान, ईसाई और यहूदी भी दीये जलाएंगे। दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया को गुजरे करीब 25 साल से दिवाली पर रोशन किया जा रहा है। यहां शुरुआती वर्षों में, दिवाली पर फूलों से रंगोली बनाई जाती थी। बाद में, इधर दीये जलाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। दरगाह को 2022 से धनतेरस पर भी रोशन किया जाने लगा है।

मुंबई में हाजी अली दरगाह को भी रोशन किया जाता है। बिहार के छपरा में कई मुस्लिम परिवार हैं जो हर साल दिवाली का त्योहार मनाते हैं। दरअसल भारत एक ऐसा देश है जहां सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते हैं और त्योहारों को साथ मिलकर मनाते हैं। दिवाली, हिंदुओं का प्रमुख त्योहार, भारत में अन्य धर्मों के लोगों द्वारा भी मनाया जाता है।

राजधानी में प्रोटेस्टेंट ईसाइयों से जुड़ी प्रमुख संस्था दिल्ली ब्रदरहुड हाउस (डीबीएस) दीपावली के अवसर पर 1925 में बने 'ब्रदर्स हाउस को रोशन करती है। इधर रहते हैं गिरिजाघरों से जुड़े पादरी। ये राजधानी के अलग-अलग गिरिजाघरों से जुड़े हुए हैं। दि ब्रदरहुड ऑफ द एसेंडेड क्राइस्ट, जो 1877 में भारत में स्थापित हुआ था, का कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से संबंध है। अब इसे दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी कहते हैं। ये अपने दिल्ली-सोनीपत की सीमा पर संचालित सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल में भी दिवाली पर लाइटिंग करते हैं। इधर रहने वाले सभी पादरी देश के अलग-अलग भागों से हैं। ये गिरिजाघरों में पादरी का काम देखने के अलावा वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर, स्कूल और दूसरे समाज सेवा के काम भी करते हैं। मूल रूप से तमिलनाडू के रहने वाले सोलोमन जॉर्ज कहते हैं, 'हम भारत में रहते हुए दिवाली से कैसे दूर रह सकते हैं? यह असंभव है। दिवाली प्यार, भाईचारे का त्योहार है, और खुद को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने का त्योहार है।' डीबीएस ने ही देश के प्रख्यात सेंट स्टीफंस कॉलेज की स्थापना की थी। यहां पर रहने वाले पादर मानते हैं कि रोशनी के इस पर्व को खुशियों का पर्व भी कहा सकता है। दीपावली के आने से पहले ही सारे माहौल में प्रसन्नता छा जाती है।

मशहूर लेखक तथा मौलाना आजाद उर्दू यूनिवर्सिटी के पूर्व चांसलर फिरोज बख्त अहमद कहते है, " दीपोत्सव तो अंधकार से प्रकाश की तरफ लेकर जाने वाला त्योहार है। अंधकार व्यापक है, रोशनी की अपेक्षा। क्योंकि अंधेरा अधिक काल तक रहता है, अधिक समय तक रहता है। दिन के पीछे भी अंधेरा है रात का। दिन के आगे भी अंधेरा है रात का।" फिरोज बख्त अहमद भी दिवाली पर अपने घर और दफ्तर को दीयों से रोशन करते हैं। दिवाली में, मुस्लिम और ईसाई अपने हिंदू पड़ोसियों के साथ दीये जलाते हैं, मिठाइयां बांटते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं।

यूं तो यहूदी धर्म को इजराईल के साथ जोड़कर देखा जाता है। पर भारत के मुंबई, केरल, दिल्ली वगैरह में बसे हुए यहूदी दिवाली को मनाते हैं। राजधानी का एकमात्र जूदेह हयम सिनगॉग में छोटी दिवाली और फिर दिवाली पर दीये जलाए जाएंगे। यह सारे उत्तर भारत में यहुदियां की एकमात्र सिनगॉग है। इसके रेब्बी एजिकिल आइजेक मालेकर मालेकर कहते बैं कि दिवाली पर जब अंधेरा घना होने लगेगा तो वे दीये जलाकर प्रकाश करेंगे। भारत के यहूदी मानते हैं कि वे भारत में रहकर आलोक पर्व से दूर नहीं रह सकते हैं। हम यहूदी हैं,पर हैं तो इसी भारत के।

भारत के सुप्रीम कोर्ट के करीब दरगाह मटका पीर में भी दिवाली पर दीपोत्सव होगा। दिवाली पर मटका पीर में आलोक सज्जा की पुरानी रिवायत है। हज़रत शेख़ अबूबकर तूसी हैदरी क़लन्दरी का उपनाम मटका पीर इसलिए पड़ा था क्योंकि वो अपने पास एक मटका रखते थे। वो मटके का पानी लोगों पिलाते तो लोगों के दुःख-दर्द दूर हो जाते। इसीलिए बाबा के दर्शनों के लिए लोगों की भीड़ लगने लगी। ये सिलसिला अब भी बदस्तूर जारी है।

उधर, इस्लामिक विद्वान इमाम उमेर इलियासी वायरल बुखार से पीड़ित होने के बावजूद आजकल अपने साथियों को बता रहे हैं कि इंडिया गेट के करीब स्थित गोल मस्जिद के बाहर दिवाली पर दीये किस तरह से जलाए जाएंगे। यह परंपरा, उनके पिता मौलाना जमील इलियासी ने 1960 के दशक में शुरू की थी। वे ऑल इंडिया इमाम कॉन्फ्रेंस के संस्थापक थे। वे साइकिल पर मिठाई के डिब्बे खरीद कर लाते थे ताकि दिवाली से पहले उन्हें अपने दोस्तों और मुलाजिमों को बांट दें। उन्हें इंडिया गेट का फकीर भी कहते थे। शायद इसलिए कि गोल मस्जिद इंडिया गेट से चंद कदमों की दूरी पर है।

राजधानी दिल्ली में स्थित बिशप हाउस पर भी दिवाली पर आलोक सज्जा की जाएगी। क्या है बिशप हाउस? ये देश के प्रोटेस्टेंट ईसाई समाज के प्रमुख बिशप का मुख्यालय है। ये ही भारत है। भारत की सांस्कृतिक एकता और धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। मुस्लिम और ईसाई भी इस त्यौहार को मनाते हैं, जो दर्शाता है कि भारत में धर्म की सीमाएँ पार करके सभी एक साथ आ सकते हैं और त्यौहारों को एक-दूसरे के साथ मना सकते हैं। यह हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और हमारे लोगों के बीच आपसी प्रेम और सद्भाव का प्रमाण है।

# प्रासंगिकता खो चुका है मार्क्सवाद



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

हमें नहीं भूलना चाहिए किमार्क्सवाद एक राजनीतिक थ्योरी है जिसका उदय राजतंत्र की समाप्ति के लिए एक साधन और एक वैकल्पिक शासन व्यवस्था के रूप में हुआ था। क्रांति के माध्यम से राजतंत्र की समाप्ति और गणतंत्र की स्थापना इसका ध्येय था।

आज भारत एक गणतंत्र है जहां आम लोगों की इच्छा के अनुसार सरकारें बन-बिगड़ रही हैं। सवाल है कि हमें और क्या चाहिए और मार्क्सवाद इसमें किस रूप में सहायक है। इतने संघर्षों के बाद जो हमें आजादी मिली है, मार्क्सवादी शासन प्रणाली के आने से वह वैसे ही छिन जाएगी जैसा कि रूस और चीन में छीनी गई थी।

1917 के महज चार वर्षों बाद ही लेनिन ने नई एकनोमिक पालिसी लाकर, समाजवादी उत्पादन प्रणाली को 'गुड बाय ' कह दिया था। वे मूर्ख तो नहीं थे। 1978 के बाद माओ की सभी नीतियां पलट दी गईं। चीन में खुशहाली इसके बाद आई। चीन में संपत्ति पर व्यक्ति का अधिकार है राज्य का नहीं। तो फिर। तो फिर कहां के और किस समाजवाद के लिए हम पलक पांवड़ा बिछाए हुए हैं। हमारी क्या मजबूरी है कि मार्क्स के आंतरिक अंतरविरोधों और प्रतिकूल नतीजों को देखने के बाद भी मार्क्सवाद का दामन थामें रखना चाहते हैं?

यातना शिविर का मजा रूसी लेखकों की तरह भले हमने नहीं चखा है, परंतु पढ़ा तो जरूर है कि रूस और चीन में लेखकों को क्या-क्या यातनाएं दी गईं। स्मृति इतनी यदि कम है तो कोई क्या कर सकता है।

औरों की क्या कहें, मार्क्स की थ्योरी को तो स्वयं ग्राम्सी ने गलत बता कर खारिज कर दिया। मार्क्स के विचारों को मार्क्स के बहुत से अन्य शिष्यों ने भी गलत सिद्ध कर दिया। कह दिया कि सब कुछ अर्थ से तय नहीं होता। महत्वपूर्ण संस्कृति होती है। तो हमें और किसकी प्रतिक्रिया का इंतज़ार है?

## एक नजर

### गर्म पानी से गिरने झुलसा युवक

**काशीपुर :** मुरादाबाद रोड डिजाइन सेंटर निवासी संजय गर्म पानी गिरने से झुलस गया। परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज करने के बाद छुट्टी दे दी है।

### खनन सामग्री से भरा डंपर सड़क किनारे पलटा

**बाजपुर :** खनन सामग्री से भरा डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा पलटा। चालक ने किसी तरह कूदकर जान बचाई जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। बताया गया कि डंपर रविवार की देर सायं इटव्वा से रुद्रपुर की ओर जा रहा था और ग्राम मडैया हट्टू के नजदीक यह हादसा हो गया। जिसमें डंपर भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

### अवैध लकड़ी से भरी पिकअप पकड़ी

**खटीमा :** तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के प्रभागीय वनाधिकारी व उप प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन में वनकर्मियों ने रात्रि गश्त के दौरान उत्तर प्रदेश बॉर्डर सोनपहर पुल के पास बॉर्डर पर एक पिकअप को रोका। इसमें मिश्रित सोखता प्रकाष्ठ लदा हुआ था। जांच उपरांत पिकअप को बिना अनुमति के अवैध रूप से मिश्रित सोखता लकड़ी को ले जाते हुए पाया गया। टीम ने पिकअप को कब्जे में लेकर खटीमा रेंज कार्यालय में खड़ा कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। टीम में धन सिंह अधिकारी, जयवीर, अनुज मिश्रा, नबी अहमद आदि शामिल थे।

### बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर में युवक घायल

**काशीपुर :** मोहल्ला लाहोरियान निवासी नवीन बाइक पर सवार होकर बाजार जा रहा था। रतन सिनेमा रोड पर ई–रिक्शा से उसकी बाइक भिड़ गई। इससे वह चोटिल हो गया। राहगीरों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद छुट्टी दे दी है।

### पुलिस ने 5 हजार लीटर लहन किया नष्ट

**काशीपुर :** आईटीआई पुलिस ने अवैध शराब की भट्टी तोड़कर करीब 5000 लीटर लहन नष्ट किया है। नशे के खिलाफ व अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए चल रहे अभियान के तहत आईटीआई पुलिस टीम ने ग्राम छोटी बरखेड़ी क्षेत्र अंतर्गत एक अवैध शराब की भट्टी तोड़ी है। इस दौरान टीम ने पांच हजार लीटर लहन नष्ट कर उपकरण कब्जे में लिए। टीम में उप निरीक्षक जीवन सिंह, कांस्टेबल रमेश सिंह और अमित राणा शामिल रहे।

# ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमला, घेरी कोतवाली

## रविवार देर रात्रि पाटल मारकर किया घायल, हालत नाजुक, जल्द कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर



एसएसआई का घेराव करते पूर्व विधायक ठुकराल, भाजपा नेता ग्रोवर व समर्थक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लंबाखेड़ा के ग्राम प्रधान पर रविवार की देर रात्रि जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह गुस्साए समर्थकों के साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, पूर्व पंचायत सदस्य राजेश बजाज के साथ कोतवाली का घेराव किया और एसएसआई को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। आगाह किया कि यदि जल्द ही प्रधान के हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो आंदोलन किया जाएगा।

सोमवार को कोतवाली पहुंचे पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि लंबाखेड़ा के प्रधान विक्रम सिंह पर सोची समझी साजिश के तहत घात लगाकर हमला किया गया। बताया कि हमलावरों ने पाटल से गर्दन पर वार किया था, लेकिन प्रधान ने प्रहार को हाथ से रोक दिया। इसके बाद हमलावरों ने ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया। आनन-फानन में घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत नाजुक बनी हुई है। हमलावरों की मंशा हत्या करना था। बावजूद कई घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा, जबकि घटनास्थल पर कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं।

उन्होंने एसएसआई से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस अवसर पर नरेश तपाली, सोमनाथ बाटला, संजय ठुकराल, तनु बाटला, वीरेंद्र जुनेजा, सनी वासन, राकेश बाटला, अशोक वासन, अमर सिंह, सूरज सिंह, विनोद बत्रा, सरबजीत सिंह, अनुराग बत्रा, राम सिंह, राजन, सुनील, पिंटू, रवि, ध्यान सिंह, मुकेश, अक्षय मदान, अंकित बाटला, कालू बत्रा, दीपक सागर, सुशील सागर आदि मौजूद रहे।

### रात्रि से सुबह तक विधायक लेते रहे अपडेट



घायल विक्रम सिंह।

लंबाखेड़ा के प्रधान विक्रम सिंह पर जानलेवा हमला होने की खबर मिलते ही स्थानीय विधायक शिव अरोरा ने घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और तत्काल एसएसपी से फोन पर वार्ता कर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। इसके अलावा सोमवार की सुबह भी विधायक प्रधान के परिजनों के संपर्क रहे और आलाधिकारियों से संपर्क कर गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया।

### घायल प्रधान के भाई ने पुलिस को दी तहरीर

**रुद्रपुर :** ग्राम जाफरपुर निवासी प्रधान के भाई राम सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके भाई पर हमलावरों ने पहले पाटल से प्रहार किया, फिर सरिया पैर में मारी और कंधे पर तलवार मारकर अधमरा कर दिया। उसके भाई की पुरानी चुनावी रंजिश चली आ रही है। आशंका जताई कि कई बार धमकियां देने के बाद गांव के रहने वाले नामजद आरोपियों ने घात लगाकर हमला किया है। घायल के भाई ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### नशेड़ियों का अड्डा बनने लगा लंबाखेड़ा गांव

**रुद्रपुर :** पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश बजाज ने घेराव के दौरान बताया कि लंबाखेड़ा गांव थाना दिनेशपुर व कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र में आता है। वर्तमान में पूरे गांव में स्मैक, चरस, अफीम व गांजा, शराब धड़ल्ले से बिक रही है। इलाके में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। कोई व्यक्ति विरोध करता है तो नशेड़ी धमकाना शुरू कर देते हैं। उन्होंने इलाके में नशे के खिलाफ मुहिम चलाने की भी मांग की है।

# शराब बनाने को जमीन देने वाले पर भी होगी कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर



राजीव चौहान।

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में कच्ची शराब के धंधे को ध्वस्त करने के मकसद से अब जिला आबकारी विभाग शराब बनाने के लिए अपनी जमीन देने वाले भूखंड स्वामी के खिलाफ भी कार्रवाई करने जा रही है। इसको लेकर जिला आबकारी अधिकारी ने आबकारी निरीक्षक को छापामार कार्रवाई के दौरान भूखंड मालिक को भी चिह्नित करने का आदेश दिया है।

सोमवार को जिला आबकारी अधिकारी राजीव चौहान ने बताया कि 14 अक्टूबर को कार्यभार संभालने के बाद जब कच्ची शराब के खिलाफ मुहिम चलाई तो एक बात सामने आई कि शराब माफिया घने जंगलों के बीच स्थित भूखंड पर शराब बनाने का धंधा संचालित करते हैं। ज्यादातर मामलों में जिस जमीन पर कच्ची शराब का उत्पादन हो रहा है वह जमीन माफिया की नहीं, बल्कि किसी और व्यक्ति की निकल रही है। ऐसे में अवैध शराब उत्पादन पर अंकुश लगाने के लिए अब आबकारी विभाग शराब माफिया के अलावा भूखंड स्वामी को भी सह अभियुक्त बनाएगी।

उन्होंने बताया कि शराब अधिनियम के तहत माफिया व भूखंड स्वामी के विरुद्ध कारावास की सजा दिलाने का प्रयास करेगी। साथ ही ऐसे भूखंड स्वामियों को चिह्नित किया जाए।

### कच्ची शराब के खिलाफ चलाया अभियान

**काशीपुर :** आबकारी आयुक्त और जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी टीम ने अवैध मदिरा निर्माण और बिक्री के अड्डों के समूल विनष्टीकरण के लिए अभियान चलाया। सोमवार को जिला आबकारी अधिकारी राजीव सिंह चौहान के नेतृत्व में आबकारी अपराध निरोधक क्षेत्र तीन काशीपुर टीम द्वारा ग्राम बरखेड़ी, मानपुर रोड किनारे चल रहे कच्ची शराब के अवैध अड्डों को नष्ट किया गया। टीम ने अवैध शराब निर्माण कर रही 4 भट्टियों को मौके पर नष्ट कर 220 लीटर अवैध शराब खाम बरामद कर 10 हजार किलोग्राम लहन को मौके पर नष्ट किया। साथ ही चार अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम में कार्यवाही की गई।



काशीपुर में बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# रेलवे पेंशनर्स का गोरखपुर में होगा वार्षिक अधिवेशन

**काशीपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक रेलवे स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में सेक्रेट्री एसएस सिन्हा ने बताया कि काशीपुर शाखा के 8 पेंशनर के नोजल इंक्रीमेंट का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसके अलावा और भी मामले विचाराधीन हैं।

सोमवार को बैठक की अध्यक्षता कर रहे मजदूर यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि आगामी नौ नवंबर को भारत पेंशनर समाज का तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन गोरखपुर में होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी गुप्ता, ट्रेजरार राजीव पाल ने बताया कि वर्तमान में मेंबर्स की संख्या 75 हो गई है। इस अवसर पर तीन सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों रामकली, छोटेलाल, वसीर अहमद को उनके जन्मदिन पर माला पहनाकर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# बाजपुर नगर में भारी वाहनों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध

संवाददाता, बाजपुर





जसपुर में बड़े वाहनों व ई रिक्शाओं की नो एंट्री के लिए की गई बेरिकेडिंग।

**अमृत विचार:** दीपावली पर्व पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने पांच दिवसीय ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। पर्व पर नगरीय क्षेत्र में भारी वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही मुख्यमार्ग पर हल्द्वानी बस अड्डा से लेकर मुड़िया तिराहा तक सड़क किनारे नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। गुरुद्वारा साहिब, ब्लाक परिसर व इंटर कालेज खेल मैदान में वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ई-रिक्शा संचालन के लिए भी रूटों का निर्धारण किया गया है।

सोमवार को एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह व कोतवाल नरेश चौहान ने व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जानकारी दी तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं पर्व सकुशल संपन्न करवाने में पुलिस को सहयोग करने की बात कही। बताया गया कि धनतेरस एवं दीपावली पर्व के दृष्टिगत 29 अक्टूबर (मंगलवार) से दो नवंबर तक यह ट्रैफिक प्लान/डायवर्जन लागू रहेगा जिसके तहत कस्बा बाजपुर में कोई भी बड़ा वाहन प्रवेश नहीं करेगा। बाजपुर-दोराहा रूट पर भारी वाहन की सुबह सात से रात्रि 11 बजे तक नो-इंट्री रहेगी। हल्द्वानी नैनीताल की ओर जाने वाले वाहनों को दोराहा से छोई मोड़ एवं मुड़िया कलां से केशोवाला की ओर तथा नैनीताल हल्द्वानी से बाजपुर एवं दोराहा की ओर जाने वाले वाहनों को बरहैनी एवं बेरिया रोड से दोराहा की ओर टायवर्ट किया जाएगा। कहा कि नगर में कोई भी चौपहिया वाहन सड़क के किनारे खड़ा नहीं होगा, इसके लिए इंटर कालेज बाजपुर व खंड विकास कार्यालय परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है, यदि कोई भी नियमों का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ई-रिक्शाओं का रूट भी निर्धारित किया गया है जिसमें बरहैनी से बाजपुर आने वाले सभी ई-रिक्शा लेवड़ा पुल तक, दोराहा से आने वाले ई-रिक्शा रेलवे क्रासिंग तक, बेरिया से आने वाले एसडीएम कोर्ट तक व रामराज रोड पर चलने वाले ई-रिक्शा मंडी गेट तक ही संचालित हो पाएंगे। बाजार में अनावश्यक घूमने वाले ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, ईओ मनोज दास, प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग, जमालुद्दीन, कौसर अली, शमशाद हुसैन, अंकित कुमार, बच्ची सिंह, बृजेश यादव, प्रमोद राजहंस, राजदीप तिवारी, दिनेश कुमार गर्ग, यशपाल राजहंस, राजेश पाठक, तेज प्रकाश शर्मा, ऋषिपाल, वरुण वशिष्ठ, अमन वर्मा, सौरभ गुप्ता, वंश गुप्ता, बबलू, संजय रूहेला, परवेज अहमद, सादक हुसैन, विमल शर्मा, सिंह स्वरूप भारती, शेर सिंह, विजयपाल, सद्दाम आदि मौजूद रहे।

### बढ़ती भीड़ के मद्देनजर बड़े वाहनों की नो एंट्री

**जसपुर :** लोग दीपावली के त्यौहार की तैयारी में जुटे हैं, जिससे बाजार में भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पुलिस ने बाजार में बढ़ती भीड़ को देखकर सुरक्षा की दृष्टि से बाजार में जाने वाले चौपहिया वाहनों व ई–रिक्शाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रवेश द्वारों पर बेरिकेडिंग की गई है। चौकसी के लिए नगर के प्रवेश द्वारों सुभाष चौक लकड़ी, मंडी चौराहा, धर्म कांटा चौराहा, गांधी पार्क मोहल्ला, मोहल्ला पट्टी चौहान आदि स्थानों पर पुलिस बल तैनात है।

# जाफरपुर गोलीकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

▸▸ 12 अक्टूबर की रात्रि में हुआ था गोलीकांड

**अमृत विचार:** 12 अक्टूबर की रात्रि जाफरपुर में हुए गोलीकांड के एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 12 अक्टूबर की रात्रि को जाफरपुर पेट्रोल पंप के समीप दो गुटों में फिल्मी स्टाइल में गोली बारी की घटना हुई थी। दोनों ओर से 50 से अधिक राउंड फायर हुए थे। इससे इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया। पुलिस ने अपनी पड़ताल में दोनों गुटों के कई लोगों को चिन्हित कर गिरफ्तार भी किया था, लेकिन कई आरोपी फरार चल रहे थे। उनके ऊपर पांच-पांच रुपये का इनाम घोषित किया गया और यूपी व गदरपुर इलाके के आरोपियों के घरों पर कुर्की की कार्रवाई का नोटिस भी चस्पा किया गया है। रविवार को मिली सूचना के आधार पर थाना दिनेशपुर पुलिस ने खमरिया लालपुर निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खी को थाना ट्रांजिट कैंप इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। गोलीकांड का आरोपी शिमला पिस्तौर स्थित गांव में एक किराए के मकान में रहकर छिपा बैठा था। जहां पुलिस ने दबिश देकर दबोच लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### विवाह समारोह में युवती से अभद्रता

**काशीपुर:** एक युवती ने कुछ युवकों पर विवाह समारोह के दौरान अभद्रता व मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देते हुए पुलिस से शिकायत की है।

पैगा चौकी पुलिस को दी तहरीर में ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी मीनाक्षी ने कहा है कि वह 27 अक्टूबर को ढड़ियाल रोड कनकपुर स्थित एक रिसोर्ट में अपने दोनों भाइयों के साथ एक विवाह समारोह में शिरकत करने गई थी। वहां खाने के दौरान आठ-दस लड़कों ने उस पर आपत्तिजनक कमेंट्स करना शुरु कर दिए। विपिन जाटव व नितेश कुमार ने इन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे अभद्रता करते हुए गाली गलौज पर उतारु हो गए। इन लोगों ने लाठी डंडों व बेल्टों से मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

# जुड़वां भाई के हत्यारोपी की जमानत अर्जी खारिज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** ईंट से प्रहार कर जुड़वां भाई को मौत के घाट उतारने के आरोपी व्यक्ति की जमानत अर्जी प्रथम एडीजे कोर्ट ने खारिज कर दी। आरोपी पिछले पांच माह से जेल में हैं।

30 मई 2024 की सुबह साढ़े आठ बजे मोहल्ला लोहरियान निवासी प्रेम सिंह सागर के बेटे राहुल सागर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके छोटे भाई श्याम सिंह ने अपने जुड़वां भाई राम सिंह के सिर पर ईंट से प्रहार कर और उसे पीट-पीटकर मार डाला है। पुलिस ने आरोपी राम सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। पुलिस के मुताबिक दोनों जुड़वां भाई काफी समय से नशा करने के आदी थे। वारदात से एक दिन पहले श्याम सिंह ने अपनी मां दयावती सागर से पांच हजार रुपये मांगे थे। मां के मना करने पर श्याम उनसे गलत व्यवहार करने लगा।

जब राम सिंह ने उसे टोका तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। आवेश में श्याम ने ईंट और डंडा मारकर राम की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी श्याम सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। वह पिछले पांच माह से जेल में हैं। आरोपी की ओर से उसकी जमानत के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिस पर सुनवाई करते हुए प्रथम एडीजे रितेश कुमार श्रीवास्तव ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी।

# मधुमक्खियों ने राहगीरों पर किया हमला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग पर मधुमक्खियों ने राहगीरों पर हमला बोल दिया। इस दौरान हमले में काशीपुर के प्रॉपर्टी डीलर समेत करीब कई लोग घायल हो गए। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

ठाकुरद्वारा रोड स्थित ढांडी नदी पुल के पास काफी समय से मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता लगा हुआ है। अक्सर यहां से गुजरने वाले लोगों पर मधुमक्खियां हमला कर देती हैं। वहीं रविवार शाम अचानक मधुमक्खियों ने राहगीरों पर हमला बोल दिया। हमले में काशीपुर निवासी रईस अहमद, उनका बेटा फरनाज, फरदीन और जुनैद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है।





खुशखबरी

पंत विवि ने मडुआ की बाहरी परत हटाने के लिए विकसित किया यंत्र, पेटेंट भी हासिल

# अब मडुआ से बन सकेंगे मूल्यवर्धित उत्पाद

संवाददाता, पंतनगर



डॉ. नवीन चंद्र शाही



डॉ. अनुपमा सिंह



डॉ. खान चंद



डॉ. टीपी सिंह।

**अमृत विचार :** औषधीय गुणों से भरपूर मडुआ मात्र अनाज नहीं रह जाएगा, अब इससे मूल्यवर्धित उत्पाद भी बनाए जाएंगे। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने डिहलर सहित पर्लर यंत्र विकसित किया है। इसके लिए विवि को पेटेंट भी हासिल हो गया है।

उत्तराखंड के लगभग 88 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में करीब 1.3 लाख मीट्रिक टन मडुवा (रागी) का उत्पादन किया जाता है। मडुवा में विटामिन और खनिज पदार्थ प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, परंतु इसकी बाह्य त्वचा खुरदरे वैक्सी पदार्थ की बनी होती हैं, जो खाने के लिए उपयुक्त नहीं होती है। मडुवा को खाने योग्य बनाने के लिए ऊपरी त्वचा को हटाना अनिवार्य है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने मडुवा के लिए डिहलर सहित पर्लर का विकास किया है। मडुवा के लिए विकसित इस डिहलर सहित पर्लर से मडुवा का मूल्यवर्धन किया जा सकता है। उत्तराखंड के मडुवा उत्पादक किसानों को इसका भरपूर लाभ मिल सकेगा। वैज्ञानिकों को इस मशीन को विकसित करने में दो वर्षों का समय लगा। जिसमें अधिष्ठात्री प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डॉ. अलकनंदा अशोक और निदेशक शोध डॉ. एएस नैन की अहम भूमिका रही है। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान और विवि के बौद्धिक संपदा प्रबंधन केंद्र के सीईओ डॉ. जेपी मिश्रा ने वैज्ञानिकों को पेटेंट मिलने पर बधाई दी है।

### इन वैज्ञानिकों ने विकसित किया यंत्र

**पंतनगर :** इस संयंत्र को विकसित करने में पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों डॉ. नवीन चंद्र शाही, पूर्व वैज्ञानिक डॉ. अनुपमा सिंह व डॉ. खान चंद (पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस एवं फूड इंजीनियरिंग विभाग) और डॉ. टीपी सिंह (कृषि एवं शक्ति अभियांत्रिकी विभाग) सहित पोस्ट हार्वेट प्रोसेस विभाग के छात्र शिवशंकर वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### दीपावली पर सभी फ्लाइटें हुईं फुल

**पंतनगर:** दिवाली पर ट्रेन और बसों सहित फ्लाइटें भी फुल जा रही हैं। इसी क्रम में पंतनगर एयरपोर्ट से संचालित सभी फ्लाइटें भी फुल जा रही हैं।

दिल्ली-पंतनगर के बीच संचालित इंडिगो एयर की दो फ्लाइटें पिछले एक माह से फुल जा रही हैं। कंपनी ने इस हवाई मार्ग पर अपने यात्री किराए में 30 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी की है। लगभग यही हाल दिल्ली- पंतनगर-वाराणसी के बीच सप्ताह में तीन दिन संचालित अलायंस एयर का भी है। उसने भी यात्रियों के बढ़ते रूझान को भुनाने के लिए अपने किराए में बढ़ोत्तरी कर दी है। जबकि देहरादून-पिथौरागढ़-पंतनगर के बीच संचालित फ्लाई बिग की 19 सीटर हवाई सेवा भी फुल जा रही है।

## सार-संक्षेप



किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़।

### विधायक बेहड़ ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**किच्छा :** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में विधायक निधि से करीब 57 लाख रुपये की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण किया। नगर के तमाम वार्डों में क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य कराए जाने पर विधायक बेहड़ का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। सोमवार को विधायक तिलक राज बेहड़ सर्वप्रथम वार्ड नंबर 2 आजाद नगर स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। जहां उन्होंने माथा टेका। जन संवाद अभियान के अंतर्गत विधायक बेहड़ ने आजाद नगर में क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप आदि मौजूद रहे।




शिविर को संबोधित करते सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा।

### शिविर में 217 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**रुद्रपुर :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) में एक दिवसीय मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। सोमवार को आयोजित शिविर में जवाहर लाल नेहरू जिला हॉस्पिटल से ईएनटी सर्जन डॉ. कीर्ति, कात्यायनी मेडिकल सेन्टर से डॉ.रश्मि जेवियर, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय से मनोचिकित्सक डॉ. ईश डल्ला और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वसुधा उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने शिविर में उपस्थित 217 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसमें हृदय रोग के 55, मानसिक रोग के 55, जन्मजात बहरापन के 35, अन्य बीमारियों के 72 बच्चे की जांच की गई। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.हरेंद्र मलिक, डॉ. एसपी सिंह, जिला प्रबंधक हिमांशु, जिला लेखा अधिकारी डीएस भंडारी, जिला बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रबंधक जावेद, पूरण मल आदि उपस्थित रहे।



खटीमा में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ प्रबंधन।

### नोजगे में अंतर सदनीय बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल खटीमा (टिवंकल मैम) में अंतर सदन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बालक और बालिकाओं की प्रतियोगिता के अंडर 14 बालक सिंगल में ग्रीन हाउस के आठवीं के हिमांशु थापा प्रथम रहे जबकि डबल में रेड हाउस के शिवांश चौहान और विशाल गुरुंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के सिंगल में ग्रीन हाउस की कक्षा 10 वीं की आरती थापा और डबल में ग्रीन हाउस की निशा दत्ता व पावनी थापा प्रथम रहे। अंडर 17 सिंगल बालक में ग्रीन हाउस के कक्षा 11वीं के गौरव पाण्डे और डबल में ग्रीन हाउस के नितेश जोशी व दिनेश कुमार प्रथम रहे। बालिक वर्ग अण्डर 17 सिंगल में ब्लू हाउस की कक्षा 11 वीं की आकांक्षा तिरवा और डबल में ब्लू हाउस की हरमन कौर व कशिश धामी प्रथम रहे। प्रबन्धिका ट्विंकल दत्ता द्वारा बच्चों को मेडल व पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



एक लाख रुपये का चेक प्राप्त करते सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थी।

### टीम आरोग्यरस ने जीती व्यंजन प्रतियोगिता

**पंतनगर :** एआईसीटीई-अमृत ग्रैंड फिनाले (श्रीअन्न आधारित पाक कला प्रतियोगिता) में पंतनगर विवि की शिप्रा सिंह, पूजा जोशी, आभा रावत व स्टैंजिन यूडोन की टीम 'आरोग्यरस' ने प्रतियोगिता जीत ली। उन्हें मुख्य कोर्स लंच एवं डिनर कैटेगरी में श्रीअन्न 70 प्रतिशत से अधिक मात्रा के प्रभावशाली स्कोर के साथ एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया गया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में खाद्य विज्ञान और पोषण विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना कुशवाहा, डॉ. नीतू डोभाल एवं पीएचडी छात्रा आयुशी जोषी के नेतृत्व में आरोग्यरस टीम ने कठोर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से अपने कौशल को निखारा। उन्होंने विभाग की प्रयोगशाला में व्यंजन बनाकर और यूटयूब वीडियो पर बीते जनवरी में अपनी प्रविष्टि साझा कर प्रतियोगिता में प्रवेश किया।

## डीएम ने बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश, नदियों में जा रहे उद्योगों के प्रदूषित पानी की हो जांच, घर-घर से कूड़ा उठाने को कहा

# काशीपुर में एसटीपी कार्य को दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नगर निगम काशीपुर की एसटीपी कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता पेयजल ने बताया कि काशीपुर एसटीपी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, टेस्टिंग कार्य प्रगति पर है। उन्होंने शेष एसटीपी कार्य को दिसंबर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निकायों को घर-घर से कूड़ा उठान करने के साथ ही सेग्रिगेशन करने के निर्देश दिए।

सोमवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला गंगा समिति की बैठक दिए। उन्होंने कहा कि कल्याणी नदी के पुनर्जीवन एवं अपने मूल स्वरूप में लाने के लिए जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, नगर निगम एवं सिंचाई विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र में जिन औद्योगिक इकाइयों का प्रदूषित पानी सीधे नदियों में जा रहा है। इसके लिए उन्होंने आरएम सिडकुल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग व नगर निकाय संयुक्त रूप से टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए।



रुद्रपुर में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनेगी पटेल जयंती

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 29 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी जाएगी। सुबह 7 बजे से पुलिस लाइन से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जायेगा। सुबह 11 बजे सभी कार्यालयों में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली जाएगी। रन फॉर यूनिटी में खिलाड़ी, पुलिस, स्कूली विद्यार्थियों सहित समाज के सभी वर्गों को शामिल किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। सोमवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तहसील स्तर पर भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन कराएंगे। साथ ही सभी कार्यालयों में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली जाएगी। उन्होंने खेल व पुलिस विभाग को रन फॉर यूनिटी के लिए सभी तैयारियां करने के साथ ही यातायात व्यवस्था करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को पुलिस लाइन व रन फॉर यूनिटी के साथ मय चिकित्सक व औषधियों सहित एम्बुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, एसपी सिटी मनोज कत्याल, पीडी हिमांशु जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अभय सक्सेना, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत वर्चुअल के माध्यम से जुड़े थे।

# दिवाली से पहले पालिका कर्मियों की हड़ताल

## अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर पहुंची दो सदस्यीय टीम से कर्मचारियों का हुआ समझौता, आंदोलन स्थगित

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** धनतेरस एवं दीपावली से दो दिन पहले देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले पालिका परिषद में कार्यरत समस्त संविदा/ दैनिक एवं आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। आनन-फानन में पालिका प्रशासन ने आंदोलनरत कर्मचारियों के साथ वार्ता कर दो बिंदुओं पर समझौता किया। इसके बाद कर्मचारियों ने त्योहारों के दृष्टिगत अपनी हड़ताल स्थगित कर दी।

उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पालिका परिषद में हड़ताल की। जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि विगत 22 अक्टूबर को उनके द्वारा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह को एक ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें नगर पालिका में समस्त दैनिक/ संविदा/ अंशकालिक /आउटसोर्स कर्मचारियों के विनियमितीकरण के संबंध में अभिलेख एवं पुराने रिकार्ड दुरुस्त किए जाने के संबंध में कहा कि उनके द्वारा विगत 14 अक्टूबर को ज्ञापन के माध्यम से आउटसोर्स कर्मचारियों का वर्तमान ठेका निरस्त कर नवीन निविदा निकालने की मांग की गई थी। इस पर पालिका प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे कर्मचारियों में रोष है। इस पर अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह ने कहा कि त्योहार के समय अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की धमकी तथा हड़ताल शुरू किया जाना किसी दृष्टि से उचित नहीं है, क्योंकि नगर की साफ सफाई की व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है।

सोमवार को कर्मचारियों द्वारा पालिका परिसर में हड़ताल शुरू किए जाने के बाद अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह के निर्देश पर लिपिक मोहम्मद ताहिर मलिक एवं विजयंत कुमार की टीम कर्मचारियों के बीच पहुंची और तमाम मुद्दों पर चर्चा के बाद दो बिंदुओं पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। समझौते के बाद हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा कर दी। मौके पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अध्यक्ष विनोद कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरन, कैलाश वाल्मीकि, नितिन वाल्मीकि, राहुल, माइकल, मुकेश कुमार, रमेश कुमार, दीपक दास, सूरज, मोहित कुमार, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।



नगर पालिका किच्छा में टीम से वार्ता करते पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

## प्रतिबंधित 30 जिंदा कछुओं के साथ एक गिरफ्तार

**दिनेशपुरः** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रतिबंधित 30 कछुओं के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उससे बरामद मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया है।

रविवार की रात्रि पुलिस ने सुंदरपुर तिराहे से डेढ़ किलोमीटर आगे आरोपी परमानंद बाछाड निवासी ग्राम- सुंदरपुर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर एक जूट के कट्टे में 30 जिंदा कछुए बरामद हुए। पुलिस ने परमानंद बाछाड को विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक लोकेश रावत, अपर उप निरीक्षक अनवर अहमद, का. श्याम सुंदर, कमलेश नेगी, गोविंद आर्य शामिल थे।

**सूचना**

मेरे DLNo. UK0420040001214 में मेरा नाम दीपक सिंह अधूरा अंकित है। मेरा पूरा वास्तविक नाम दीपक रावत एवं पिता जी का नाम श्री गोपाल सिंह रावत है। मेरा ड्राईविंग लाईसेंस कहीं वाद विवाद में लंबित नहीं है। **- दीपक रावत पुत्र श्री गोपाल सिंह रावत निवासी गोविंदपुरम बिठोरिया नंबर-1 हल्द्वानी, जिला नैनीताल।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ श्याम चरण पुत्र श्री गोपाल दत्त निवासी ग्राम खज्यूरॉ पोस्ट- भगोती, तहसील रानीखेत जिला अल्मोड़ा ने ग्राम हिम्मतपुर डोटियाल तहसील रामनगर जिला नैनीताल में कृषि भूमि 0.514 हैक्टेयर दि. 12-11-2002 को क्रय की थी। तदसय विक्रेतागणो द्वारा मुझे उक्त भूमि के क्रय/विक्रय से सम्बंधित पूर्व रजिस्ट्रियां भी दी थी। जिसमे से एक रजिस्ट्री जो श्री बची राम करगेती पुत्र श्री जयकिशन ग्राम हिम्मतपुर डोटियाल तहसील रामनगर जिला नैनीताल द्वारा श्री जावेद अख्तर एडवोकेट पुत्र श्री दुला खां निवासी ईदगाह मौहल्ला खताड़ी रामनगर जिला नैनीताल आदि के नाम 0.143 हैक्टेयर रकवा की गई थी। जिसकी रजिस्ट्री सब रजिस्ट्रार हल्द्वानी के यहाँ 23-04-1998 को पुस्तक संख्या-1 के खंड 476 में पृष्ठ 331-342 में क्रमांक-1371 पर दर्ज है। वास्तविक रूप में कही गुम हो गई है। जो काफी ढूढने पर भी नही मिली इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति या एतराज है या अन्य कोई जानकारी है तो मुझे एक सप्ताह के अंदर सूचित कर सकते है। **श्याम चरण पुत्र श्री गोपाल दत्त ग्राम खज्यूरॉ,पोस्ट भगोती तहसील रानीखेत जिला अल्मोड़ा हाल- रानीखेत रोड रामनगर जिला- नैनीताल**

# टीटी में विनोद, बैडमिंटन में दीपक बिष्ट बने चैंपियन

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचारः** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में टेबिल टेनिस (पु.) वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के सिंगल्स में कुल 60 प्रतिभागियों ने एवं डबल्स में 22 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सिंगल्स में शिवालिक भवन के विनोद गर्जोला ने सिल्वर जुबली के वंश भनशाली को 11-6, 11-7 एवं 11-6 से सीधे सेटों में पराजित किया। इसके अलावा डबल्स में विनोद गर्जोला व राहुल आनंद की जोड़ी ने वंश भनशाली व अमन मेर की जोड़ी को 11-4, 11-9 व 11-9 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

इसके अलावा स्टीवेंसन स्टेडियम के मल्टीपरपज हॉल में बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरूष व महिला वर्ग का आयोजन किया गया। इसमें पुरुष वर्ग सिगल्स के फाइनल मुकाबले में सिल्वर जुबली के दीपक बिष्ट ने शिवालिक भवन के विशांत काम्बोज को हराया। जबकि पुरुष वर्ग के डबल्स में रजत आर्य व गौरव कुमार की जोड़ी ने लोकेश पाण्डे व विशांत काम्बोज की जोड़ी को हराकर चैम्पियन घोषित किए गए। महिला वर्ग के सिगल्स में गोल्डन जुबली की कृष्णा ने मंदाकिनी भवन की प्रांजला बिष्ट को हरा दिया। जबकि डबल्स मुकाबले में मानसी रावत व पूजा मेहरा की जोड़ी ने कृष्णा व प्रेरणा प्राची की जोड़ी को हरा कर चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। बैडमिंटन के मिक्सड डबल्स फाइनल में आयुष जोशी व मानसी रावत की जोड़ी ने यजेश व कृष्णा की जोड़ी को हरा कर मुकाबला जीत लिया। प्रतियोगिताओं के आयोजन में प्रभारी एवं सह निदेशक, डा. जीएस बोहरा तथा टीटी के स्टाफ काउन्सलर डॉ. वीरेंद्र सिंह, बैडमिंटन प्रभारी व सह निदेशक डॉ. भाष्कर तिवारी, स्टाफ कांउसलर संतोष कुमार यादव व डॉ. रश्मि तिवारी व शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों द्वारा उक्त आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

# रिवरडेल में कार्यक्रमों की धूम

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल का 24वां वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय दीवान सिंह रावत और एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।

रविवार देर सायं हुए वार्षिकोत्सव में प्रबंधक हरमंदर सिंह बरार, सचिव इंद्रप्रीत सिंह सिद्धू, प्रधानाचार्य परमीन कौर, उपप्रधानाचार्य इंद्रजीत कौर ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्रों ने बैंड वादन, सरस्वती वंदना, डिस्को, बालीवुड, बंगाली, वैस्टर्न, शास्त्रीय (क्लासिकल), फिलिपिन, कुमाऊंनी नृत्य, ट्राइबल, गिद्दा प्रस्तुत किया। महिला सशक्तिकरण के महत्व को दर्शाकर विद्यालय की निर्देश स्वर्गीय जसबीर कौर को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर टीडीसी डायरेक्टर अमरजीत सिंह, मुकुल माहेश्वरी, प्रीत कुमार मौजूद रहे।



रिवरडेल स्कूल में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते प्रबंधक हरमंदर सिंह बरार।



वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

### हिमालय सुपर 600 टीएमटी बार्स का निर्माण शुरू

**बाजपुर :** उत्तराखंड में बहुमंजिल इमारतें बनाने के लिए उत्तर भारत का पहला विश्वनीय हिमालय सुपर 600 टीएमटी बार्स का निर्माण बाजपुर के औद्योगिक क्षेत्र में शुरू हो गया है। अब जंग व भूकंप रोधक सरिया के लिए लोगों को दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। सोमवार को उत्तरांचल इस्पात के प्रबंध निदेशक राजीव जिंदल, ऋषभ जिंदल ने इस ब्रांड को सार्वजनिक किया। इस मौके पर अर्पित अग्रवाल, विनय चौधरी, बिजेंद्र सिंह, प्रतीक यादव, मनीष अग्रवाल, विजय चौहान, प्रकाश पांडेय, मानवेंद्र दास, धर्मेंद्र, विनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।



# मजदूर किसान पंचायत में प्रशासन को दी चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** बोनस और न्यूनतम वेतन समेत विभिन्न मांगों को लेकर डॉल्फिन कंपनी के चार महिला श्रमिक समेत छह श्रमिकों का आमरण अनशन जारी है। इसको लेकर मजदूर-किसान पंचायत आयोजित हुई। इस दौरान पंचायत ने प्रशासन को चेतावनी दी कि प्रशासन 30 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे तक समस्याओं का समाधान कर दे अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे।

सोमवार को गांधी पार्क में श्रमिक संयुक्त मोर्चा ऊधमसिंह नगर, संयुक्त किसान मोर्चा, आम आदमी पार्टी और डॉल्फिन मजदूर संगठन के बैनर तले मजदूर किसान पंचायत का आयोजन हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि न्यूनतम वेतन भुगतान अधिनियम और बोनस भुगतान अधिनियम के तहत न्यूनतम वेतन और न्यूनतम बोनस नहीं देना अपराध है। अनशनकारी पिंकी गंगवार ने पंचायत में लिखित अपील जारी कर कहा कि उनका शरीर साथ नहीं दे रहा है, लेकिन उनका हौसला बहुत मजबूत है और वो अंतिम सांस तक संघर्ष जारी रखेंगी।

श्रमिक संयुक्त मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष दलजीत सिंह ने सिडकुल की यूनियनों से अपील करते हुए कहा कि सभी यूनियनें सावधान रहें, अनशनकारियों पर नजर बनाकर रखें और 30 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे पूरी शिफ्ट के साथ इसी पंचायत स्थल पर पहुंचें। इस अवसर पर दिनेश चंद्र, जनार्दन सिंह, सतपाल ठुकराल, जावेद मलिक, किरन पांडे, मुकुल, रजनी जोशी, रविंदर कौर, सुब्रत कुमार विश्वास, विशाल पटेल, महेश, हरीश अधिकारी, आरडी मिश्रा, रिंकू बाबा, अमित बत्रा, जनरेल सिंह, हृदेश शाक्य, राजेश, किशोर कुमार, हरेंद्र सिंह, अनीता अन्ना, गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर के गांधी पार्क में पंचायत करते श्रमिक। ● अमृत विचार

### दीपावली के बाद निकाय चुनाव के प्रत्याशी का ऐलान करेगी सपा

**काशीपुर :** समाजवादी पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा कि निकाय चुनाव में दिग्गज नेताओं को ही समाजवादी पार्टी अपना प्रत्याशी बनाएगी। इस बार अन्य पार्टियों से गठबंधन नहीं रहेगा। समाजवादी पार्टी मजबूती के साथ अपने दम पर चुनाव मैदान में उतरेगी। सोमवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा के नेतृत्व में गिरीताल रोड स्थित सपा कार्यालय पर पार्टी की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार रहें। निकाय चुनावों में पार्टी की जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी लगन से जुटना होगा। कहा कि समाजवादी पार्टी आज हिंदुस्तान की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी भूमिका दर्ज कर चुकी है। जिलाध्यक्ष छाबड़ा ने कहा कि जिले में पार्टी सभी निकाय सीटों पर दीपावली के बाद ही अपने प्रत्याशियों की घोषणाओं का ऐलान करेगी।

**कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल**

संख्या : 5631/सक/एलिम्को शिविर-विज्ञप्ति/2024-25 **विज्ञप्ति** दिनांक : 28 अक्टूबर, 2024

**जिले के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपना पंजीकरण अवश्य कराये।**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की एडिप (दिव्यांगजनो हेतु) एवं राष्ट्रीय व्योश्री योजना (वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक हो) के अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग नैनीताल के सहयोग से निम्नांकित स्थानो में एलिम्कों कानपुर के पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजन / बृद्धजन को आवश्यकतानुसार उपयुक्त सहायक उपकरणों हेतु परीक्षण/चिन्हांकन किये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बृद्धजनों व दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग जैसे व्हील चियर्स, बैसाखी, कान की मशीन, नजर के चश्मे, वॉकिग स्टिक (Walking Stick), ट्राईपोड (Tripod) फोल्डिंग वॉकर, व्हील चियर्स कमोड सहित, फुट केयर किट, चेयर / स्टूल कमोड सहित, लम्बोसैकल बेल्ट, सरवाइकल कॉलर, स्पाइनल स्पोर्ट आदि दिये जाने हेतु परिक्षण/चिन्हांकन करेंगें, तत्पश्चात् नाप/चिन्हांकित किये गये लाभार्थियों को सहायक उपकरण का बृहत् शिविर के माध्यम से निःशुल्क वितरण किया जायेगा। Motorized Tricycle परीक्षण हेतु अर्हता केवल लोकोमोटिस दिव्यांगजन जिनका दिव्यांगता का प्रतिशत 80 या उससे अधिक होना आवश्यक है। आवेदक द्वारा 03 वर्षों के दौरान भारत सरकार / राज्य सरकार या अन्य सामाजिक योजना के अन्तर्गत कोई सहायक उपकरण प्राप्त न किया हो, पात्र होगें। शिविर की तिथि/स्थान का विवरण निम्न है। शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से सॉय 03 बजे तक किया जायेगा :-

| क्र.सं. | चिन्हिकरण शिविर का स्थान | शिविर की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कालेज हल्दूचौड | 06 नवम्बर, 2024 |
| 2 | विकास खण्ड रामनगर | 07 नवम्बर, 2024 |
| 3 | महात्मा गाँधी इण्टर कालेज बरेली रोड हल्द्वानी | 08 नवम्बर, 2024 |

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त शिविरों का अधिक से अधिक संख्या में निःशुल्क लाभ प्राप्त करने हेतु अपने नजदीक निवास कर रहे दिव्यांगजनों एवं बृद्धजनों को अवगत कराने का कष्ट करें। बृद्धजनों के परीक्षण हेतु आधार कार्ड की छायाप्रति, मोबाईल नम्बर एवं दिव्यांगजनों के परीक्षण हेतु यू०डी०आई०डी० कार्ड, मोबाईल नम्बर का होना अनिवार्य है। योजनान्तर्गत आवेदक का स्वः प्रमाणित आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। शिविरों के संबध में अधिक जानकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बेस अस्पताल, हल्द्वानी के दूरभाष नम्बर 8439391331 एवं 05946-250220 पर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(दीपॉकर घिल्डियाल)
जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल

(अशोक कुमार पाण्डे)
मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल

(वन्दना)
जिलाधिकारी, नैनीताल

## सार-संक्षेप


प्रतियोगिता के बाद पदक के साथ खिलाड़ी व अन्य।

### साई के पांच खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

**काशीपुर :** पिथौरागढ़ में हुई राज्य स्तरीय सब जूनियर आमंत्रण बॉक्सिंग प्रतियोगिता में साई के पांच मुक्केबाजों ने अपने पंच का दम दिखाकर पांच स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया। साथ ही प्रतियोगिता में मोहित भंडारी को बेस्ट बॉक्सर घोषित किया। वहीं साई ने ओवर ऑल चैंपियनशिप भी अपने नाम की। 24-27 अक्टूबर तक स्पोर्ट्स स्टेडियम पिथौरागढ़ में हुई राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में साई सेंटर के मुक्केबाजों ने भी प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के 40 किग्रा भार वर्ग में सुजल कुमार, 43 किग्रा में सुजल कुमार, 46 किग्रा में अमन कुमार, 49 किग्रा में मोहित भंडारी तथा 58 किग्रा में अमित कुमार पाल ने स्वर्ण पदक जीते। सभी मुक्केबाज साई के बॉक्सिंग कोच मुकेश चंद्र बेलवाल, सिकंदर पटेल, वरुण शर्मा से प्रशिक्षण ले रहे हैं।


गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब।

### नानकमत्ता गुरुद्वारे में दीपावली मेले की तैयारी पूर्ण

**नानकमत्ता :** श्री नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे में दीपावली मेले की तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं। गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी कई वर्षों से मेले का आयोजन कराती आ रही है। मान्यता है कि यहां पंजा साहिब में गुरु नानकदेव के पवित्र चरण पड़ते ही पीपल का सूखा वृक्ष हरा-भरा हो गया था। साथ ही कुएं के पानी के स्थान पर दूध हो गया था। नानकपंथी पहले से मांगी गयी मान्यताओं के अनुसार बाऊली साहिब (फौड़ी गंगा) में अपने शिशुओं के बालों का मुंडन कराते हैं और गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेक कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। मेले के दौरान दुकानदार और स्थानीय व्यापारी युद्ध स्तर पर दुकानें सजाने में लगे हैं।

### मोहसिन को बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल

**खटीमा :** डिफेंस एकेडमी के नवीं के छात्र मोहसिन रजा ने उत्तराखंड राज्य स्तरीय बॉक्सिंग सब जूनियर प्रतियोगिता 2024-25 में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। उत्तराखंड राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन पिथौरागढ़ में किया गया था। डिफेंस एकेडमी खटीमा के कोच ललित पांडे व कुनाल द्वारा छात्रों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए बॉक्सिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं मोहसिन रजा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र वासियों ने उनको शुभकामनाएं दी हैं।


मेडल के साथ मोहसिन रजा।


काशीपुर में भाजपा नेता का स्वागत करते दुकानदार।

### दुकानें लगाने के लिए की वैकल्पिक व्यवस्था

**काशीपुर :** दीवाली पर्व पर शहर में कुछ लोग प्रतिवर्ष जेल रोड पर पांच दिनों तक अस्थायी रूप से दुकान लगाकर त्योहार से संबंधित सजावटी व देवी देवताओं की प्रतिमाओं की बिक्री करते हैं। लेकिन इस बार वहां पार्किंग कांप्लेक्स का निर्माण कार्य होने की वजह से दुकानें लगाने की अनुमति नहीं मिल रही थी। भाजपा नेता दीपक बाली ने दुकानदारों के पक्ष में प्रशासन से वार्ता कर वैकल्पिक व्यवस्था कराते हुए दुकानें लगाने की अनुमति दिला दी। रविवार शाम भाजपा नेता बाली ने समाजसेवी गगन कांबोज, विकास शर्मा खुट्टू, अमरीश अग्रवाल एडवोकेट के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर बाजार का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा नेता बाली ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दीवाली बाजार की दुकानों से जमकर खरीदारी करें।

### वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

**जसपुर :** गांव नारायणपुर निवासी तारावती पत्नी सदन सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि 16 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 :00 बजे तेज रफ्तार से आ रहे एक दोपहिया वाहन के चालक ने गांव के पास सड़क के किनारे दूरी पर खड़े उसके पति को टक्कर मार दी। इससे उसके पति के सिर में चोट आ गई और उसका पति बेहोश हो गया। अभी भी उसके पति को होश नहीं आया है। उसका इलाज काशीपुर के एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है। महिला ने मांग की है कि उसके पति को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल करने वाले वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।


वाहन संचालन को लेकर जागरूक करते परिवहन विभाग के अधिकारी।

### स्कूलों में वाहन संचालन को लेकर किया जागरूक

**काशीपुर :** तराई इंडपेंडस स्कूल वेलफेयर सोसायटी ने अल्कोहल हाइड्रोमीटर व ब्रेथलाइजर जागरूक अभियान चलाया। इस दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों ने स्कूल वाहनों के चालकों को जागरूक किया। साथ ही स्कूल प्रबंधकों को वाहन चालकों की जांच करने को कहा। सोमवार की शाम एक होटल में तराई इंडपेंडस स्कूल वेलफेयर सोसायटी की ओर से अल्कोहल हाइड्रोमीटर एवं ब्रेथलाइजर जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एआरटीओ विमल पांडेय ने बताया कि स्कूलों के संचालित वाहनों के चालकों को अल्कोहल हाइड्रोमीटर से चेक किया जाए। इससे जो चालक अल्कोहल का सेवन करते हैं, वह इस यंत्र के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन समिति की जानकारी में आ जाए। एसपी अभय सिंह, बीबी भट्ट, राहुल पैगिया, ललित रौतेला, अनुराग सिंह, चेतन अरोरा, उमा वात्सल्य मौजूद रहे।

# धनतेरस के लिए सजे बाजार, व्यापारियों के चेहरे खिले

## जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट, ड्रोन से हो रही निगरानी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** आज धनतेरस पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए मुख्य बाजार में बर्तन बाजार से लेकर ज्वैलर्स, कपड़ा बाजार सज गया है। बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। बाजार में लोगों की भीड़ को देखते हुए व्यापारियों के चेहरे में खिल उठे हैं।

सोमवार को शहर के मुख्य बाजार में लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। व्यापारी भी अपनी दुकानों को सजाने में लगे हैं। ताकि लोग उनकी दुकानों की ओर आकर्षित होकर सामान की खरीदारी करें। बाजार में बर्तन बाजार से लेकर ज्वैलर्स, कपड़ा बाजार तक सज चुके हैं। वहीं व्यापारियों का कहना है कि धनतेरस पर्व में बाजार में भीड़ अधिक उमड़ने की संभावना है। साथ ही कारोबार भी अधिक होने की उम्मीद है।


रुद्रपुर के मुख्य बाजार में सजा बर्तन का बाजार। ● अमृत विचार

वहीं पुलिस प्रशासन ने भी लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस गश्त के साथ ही जवानों की तैनाती कर दी है। शहरी क्षेत्र के साथ ही मुख्य बाजार में गांधी पार्क को पार्किंग स्थल बनाया गया है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि धनतेरस और दीपावली को लेकर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था कर दी गयी है। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जाएगी।


बाजपुर में हस्तनिर्मित सजावटी उत्पादों से सजी दुकान। ● अमृत विचार

### दीपावली को लेकर सज गए बाजार

**बाजपुर :** जब दीपावली की बात आती है तो अपने मंदिर जैसे घर को सजाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य होता है। ऐसे कई आधुनिक नए तरीके हैं जिनके माध्यम से आप अपनी भक्ति को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित कर सकते हैं। इस वर्ष दिवाली पर घर की सजावट के लिए, फूलों वाली झालर की सजावट और रोशनी से हल्की सजावट कर एक अच्छा विकल्प दे सकते हैं। दीवारों, दरवाजों और हॉलवे के लिए तोरण नामक लटकती हुई सजावट झालरें जो नए रुप में बाजार में उपलब्ध हैं। वहीं घर की सजावट के लिए फूल, बंदनवार, रंग-बिरंगी लाइट्स, मोमबत्तियां, लालटेन, फर्श की रोशनी, स्पॉटलाइट, लैंप, उर्ली को भी खरीदा जा सकता है। प्रवेश द्वार से सजावट की शुरुआत करेंफ्लोटिंग दीये जला, रंगोली, दीवारों के किनारों को पेपर से कंडील बना, शीशे की बोतल में लाइटिंग करें, झालर से सीलिंग को जगमग कर एंवॉल हैंगिंग पर देवी-देवताओं की तस्वीरें टांगें। शनिदेव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंकज गिफ्ट के मालिक पंकज चानना बताते हैं कि इस बार तोरण, पत्तियों, और फूलों की सजावटी मालाएं नए डिजायन में आई हैं जो कि भारत में निर्मित हैं और धोने के बाद भी खराब नहीं होती हैं एक बार लेने के बाद वर्ष भर अन्य आयोजनों में घर सजाने काम आ सकती हैं। वहीं मेटल की झालर, प्राकृतिक फूलों के गमले व फूल मंदिरों के लिए आकर्षक सजावट का सामान लोगों की पहली पसन्द बनता जा रहा है। महन्त बंटी ठक्कर बताते हैं कि धन और सफलता के संरक्षक देवता लक्ष्मी और गणेश के सम्मान में दिवाली के त्योहार के लिए घरों को सजाया जाता है।

### खटीमा में भी सज गईं दुकानें, ग्राहकों का हो रहा इंतजार

**खटीमा :** धनतेरस और दीपावली पर्व को लेकर नगर की छोटी से लेकर बड़े सभी प्रतिष्ठान सामानों से सजे हुए हैं। उन्हें ग्राहकों का इंतजार है। धान की कटाई के चलते भले ही बाजार में ग्राहक कम नजर आ रहे हैं लेकिन व्यवसायियों को उम्मीद है कि आज धनतेरस के दिन से बिक्री होगी। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक की छोटे-बड़े प्रतिष्ठान स्वामी दीपावली पर अच्छी बिक्री के लिए दुकानों को सजाकर ग्राहकों के इंतजार में बैठे हैं और ग्राहक भी पहुंच रहे हैं। लेकिन अभी तक व्यापारी उम्मीद से कम ग्राहकों से चिंतित हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि धनतेरस से दीपावली और भैया दूज तक भारी संख्या में ग्राहक बाजार में आएंगे और खरीदारी करेंगे। इधर नगर क्षेत्र में ग्राहकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भारी वाहनों का नगर में प्रवेश प्रात: 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक बंद कर दिया है। वही खड़ंजा मार्केट, आजाद मार्केट, सब्जी मंडी और चूड़ी बाजार आदि क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर दुपहिया वाहनों का प्रवेश भी बंद कर दिया है।

## दीपावली पर ऑटोमोबाइल सेक्टर में आया उछाल

- सात करोड़ का राजस्व प्राप्त करने का है लक्ष्य
- दीपावली से तीन दिन पूर्व छह करोड़ 26 लाख राजस्व किया प्राप्त

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** दीपावली पर्व के मौके पर ऑटोमोबाइल सेक्टर में बिक्री में उछाल देखने को मिल रहा है। शोरूम में कई ऑफर और कैश बैक की सुविधा दी जा रही है। दीपावली से तीन दिन पूर्व अब तक काशीपुर परिवहन विभाग में 15 सौ से अधिक वाहन पंजीकृत हो चुके हैं। वहीं अधिकारियों ने अगले तीन दिनों में और अधिक वाहन बिकने की उम्मीद जताई है।

दीपावली को लेकर धनतेरस से एक दिन पूर्व ऑटोमोबाइल सेक्टर के बाजार में भी उछाल के आसार दिख रहा है। शोरूम सज-धजकर तैयार हैं और बडे-बडे. होर्डिंग लगाकर ऑफरों के बाजार से लोगों को आकर्षित किया जा रहा है।

वहीं काशीपुर एआरटीओ कार्यालय में अब तक 15 सौ से अधिक वाहन पंजीकृत हो चुके हैं। जिसमें 1028 प्राइवेट जबकि 250 से अधिक कॉमर्शियल वाहन पंजीकृत हो चुके हैं।

### सात करोड़ का राजस्व प्राप्त करने का था लक्ष्य

**काशीपुर :** काशीपुर एआरटीओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार विभाग को दीपावली पर्व के मौके पर सात करोड़ रुपए के राजस्व का लक्ष्य मिला था। वहीं धनतेरस से एक दिन पूर्व विभाग ने छह करोड़ 26 लाख रुपए का लक्ष्य प्राप्त किया है।

इस वर्ष लोगों में दीपावली पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक 15 सौ से अधिक वाहनों का पंजीकरण हो चुका है। अगले तीन दिन में और अधिक वाहनों के बिकने की संभावना है।
**- विमल पांडेय**, एआरटीओ, काशीपुर।


काशीपुर में एक शोरूम में बिकने के लिए खड़ी बाइकें। ● अमृत विचार


खटीमा में दीपावली पर सजी दुकानों पर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**काशीपुर :** चामुंडा विहार कॉलोनी स्थित अनमोल फाउंडेशन बाल देखरेख संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की मुख्य ट्रस्टी मीनाक्षी चौहान ने बताया कि महिला और बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार व जिला प्रोबेशन अधिकारी ऊधम सिंह नगर के निर्देश पर इंटीग्रिटी की संस्कृतिः राष्ट्र की समृद्धि के लिए सोमवार से यह कार्यक्रम शुरू हुआ है। इसका उद्देश्य नागरिकों में सतर्कता, निष्ठा की भावना जगाना और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने दीपावली के लिए दीपक, झालर, रंगोली आदि बनाए। वहां पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नोडल अधिकारी सतीश कुमार चौहान, मीनाक्षी चौहान, मेघा बिष्ट, निधि, हेमलता, रीना शर्मा, पारुल, चित्रा आदि मौजूद रहे।

# दीपावली महोत्सव में खूब बांधा समां

- हास्य कलाकार लच्छू पहाड़ी ने लोगों को खूब गुदगुदाया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** मधुबन स्वायत्त सहकारिता समिति के दो दिवसीय दीपावली महोत्सव का समापन हो गया है। गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मेले की सराहना करते हुए विधायक पांडे ने कहा कि इस तरह के आयोजन से महिलाओं को बाजार का एक अच्छा अनुभव प्राप्त होगा।

मधुबन समिति अध्यक्ष उमा जोशी ने बताया कि मेले में हस्तनिर्मत विभिन्न प्रकार के उत्पादों के साथ ही खाद्य पदार्थों, पकवानों की खूब बिक्री हुई है। जिसमें रेशम से बने सजावट के सामान, मां नंदा-सुनंदा के फोटो, केदारनाथ धाम आकर्षक का केंद्र रहे। भाजपा नेता गौरव शर्मा ने कहा कि आज की मातृशक्ति सशक्त हो रही है और सशक्त मातृ शक्ति का जीता जाता उदाहरण आज राष्ट्रीय आजीविका मिशन की महिलाएं बनी हुई हैं। युवा भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह नामधारी ने भी महिलाओं के हौसले की सराहना की। कुमाऊंनी लोक गायक राकेश कनवाल, सीमा विश्वकर्मा, वैशाली तोलिया, दिव्यांग कलाकार निर्मला मेहता की टीम ने सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही पहाड़ी हास्य कलाकार लच्छू पहाड़ी के साथ सभी ने बहुत मनोरंजन किया।

इस मौके पर विजयपाल जाटव, मयंक तिवारी, उमेश सती, खीम सिंह दानू, प्रेम मुगली, कुलदीप चौधरी, चंचल चौधरी, नरेंद्र चौधरी, साकेत सिंघल, डालचंद, डा.मोहन पांडे, धर्मेंद्र बसेड़ा, सुरेंद्र जैन, काव्यश्री जैन, पूरन सिंह, प्रताप सिंह, सूरज सिंह, नारायण दत्त जोशी, दिलीप सिंह, प्रवीण देउपा आदि मौजूद रहे।


बरहैनी में दीपावली महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते गदरपुर विधायक अरविंद पांडे। ● अमृत विचार

## दिवाली विद माय भारत स्वच्छता अभियान चलाया

**काशीपुर, अमृत विचार :** चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा जिला समन्वयक एवं नोडल अधिकारी धर्मेंद्र सिंह बसेरा एवं महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत के निर्देशन में स्वयंसेवियों ने मुख्य बाजार व सत्येंद्र चन्द्र गुड़िया मार्ग पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने राजकीय चिकित्सालय में सेवा से सीखें कार्यक्रम के तहत महिला वार्ड में मरीजों को फल वितरित किए। वहां एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.दीपिका गुड़िया आत्रेय, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. वंदना सिंह, डॉ. गीता मेहरा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रंजना, डॉ. पुष्पा धामा, डॉ. मीनाक्षी पंत, डॉ. मंगला, सृष्टि सिंह मौजूद रही।

# हस्तनिर्मित उत्पाद खरीदने उमड़े लोग

- खटीमा में पांच दिवसीय व्यापार मेले का आयोजन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा स्वीकृत ले मैसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा जागृति सेवा समिति की देखरेख में पांच दिवसीय उत्तराखंड व्यापार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ खटीमा के विधायक भुवन चंद्र कापड़ी एवं नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने संयुक्त रूप से किया। मेले में उत्तराखंड के 60 हस्त शिल्पियों को निशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए गए।

मेले में दोपहर दो से रात्रि नौ बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नानकमत्ता के विधायक राणा एवं खटीमा के विधायक कापड़ी ने कार्यक्रम की सराहना की। संस्थाध्यक्ष लक्ष्मीकांत लोहनी ने बताया कि समूहों व पंजीकृत हस्तशिल्पियों का खटीमा में प्रथम बार वृहद मेला आयोजन हुआ। मेले में हस्तशिल्पियों एवं समूहों द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयास किए गए। यहां लगे स्टालों में थारू जनजाति के डलिया, टोकरी, कुमाऊनी ऐपण, अचार, धूपबत्ती, अगरबत्ती, बेत व बास के फर्नीचर, स्टोन आर्ट, टेराकोटा से निर्मित सामान सहित हस्त निर्मित सामानों का प्रदर्शन शिल्पियों द्वारा किया गया। मेले के मुख्य आकर्षण बच्चों के विभिन्न प्रकार के झूले रहें। जिनका बच्चों ने जमकर आनंद लिया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उत्तराखंड सरकार के सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों ने अपनी बेजोड़ कला प्रस्तुत की। युवा एवं शिक्षक कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। संस्था अध्यक्ष लोहनी ने बताया कि अगले वर्ष मार्च में लगने वाले वृद्ध मेले में लगभग 120 हस्तलिपियों को निशुल्क स्टॉल लगाने का मौका दिया जाएगा। मेले का संचालन ओमकार सिंह ने किया। मेले में ईशा विश्वकर्मा, अशोक खडका, राज गुप्ता, तनय लोहनी, निर्मला पांडे, भावना भट्ट, अमित, राहुल आदि मौजूद रहे।



व्यापार मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बाल कलाकार। ● अमृत विचार

### रोनित डांस एकेडमी के बच्चों ने किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खटीमा :** प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें पत्रकारों ने आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठाया। क्रदय फार्म पर आयोजित समारोह में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। इस शानदार नाइट का शुभारंभ विधिवत रूप से क्लब अध्यक्ष जितेंद्र पारूथी, महामंत्री असद जावेद एवं स्वतंत्र प्रकाश आजाद एवं कोषाध्यक्ष करन सतवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद रोनित डांस एकेडमी के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देश-विदेश में अपनी गायकी के दम पर धूम मचाने वाले शैरी सिंगर ने इस दौरान अपनी गजलों और गीतों के माध्यम से ऐसा समां बांधा कि श्रोतागण थिरकने पर मजबूर हो गए। इस दौरान प्रेस क्लब से जुड़े साथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया गया। संचालन दीपक फुलेरा ने किया। अध्यक्ष जितेंद्र पारुथी, महामंत्री असद जावेद एवं स्वतंत्र प्रकाश आजाद, गुरपाल सिंह खिंडा, रंजन अग्रवाल, संरक्षक प्रवीण कोहली, हीरा राजपूत, विनीत राणा, नवीन जोशी आदि मौजूद रहे।


खटीमा में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

## सार-संक्षेप



ब्लॉक सभागार में उपस्थित महिला समूह। ● अमृत विचार

### नौ स्वयं सहायता समूह को नौ लाख का ऋण बांटा

**खटीमा :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत खंड विकास अधिकारी एनसी उपाध्याय की देखरेख में ऊधमसिंह नगर जिला सरकारी बैंक सायंकालीन शाखा द्वारा नौ महिला समूह को नौ लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया। शिविर में प्रत्येक समूह को एक-एक लाख रुपये स्वीकृत किए गए। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी उपाध्याय ने कहा कि महिला समूह बैंक से लिए गए ऋण से अपनी आजीविका चलाकर आत्मनिर्भर बन सकती है। नौ समूह से 90 महिला जुड़ी है। महिला समूह इस राशि से खाद, बीज, गाय आदि छोटे-मोटे रोजगार संबंधी कार्य कर सकेंगे। शाखा प्रबंधक नीतू धामी ने कहा कि दिए गए ऋण से अपनी आजीविका चलाने के साथ ही बैंक की रकम लौटाने का सफल प्रयास करेंगे। एक दिन ऋण मुक्त रोजगार चल सकेगा। बीएमएम ताफिक मियां ने अतिथियों का आभार जताते हुए रोजगार संबंधी जानकारी दी।




दिनेशपुर में स्वच्छता अभियान चलाते एनडीआरएफ की टीम व व्यापारी।

### एनडीआरएफ ने व्यापारियों संग चलाया स्वच्छता अभियान

**दिनेशपुर :** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने व्यापारियों के साथ नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। टीम ने व्यापारियों से नगर को स्वच्छ रखने के लिए पर्यावरण मित्रों का सहयोग करने का आह्वान किया। सोमवार को 15 वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल इंस्पेक्टर कपिल के नेतृत्व में टीम व व्यापारियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। इंस्पेक्टर कपिल के नेतृत्व में 15 जवानों व व्यापारियों ने स्वच्छता अभियान में व्यापारियों से नगर को स्वच्छ रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा नियुक्त पर्यावरण मित्रों की मदद से कूड़ा-कचरा एक स्थान पर डालने व कूड़ादान का उपयोग करने की सलाह दी। अभियान में एनडीआरएफ एचसी रतनलाल मीणा, कां. विचित्रा व वसीम अहमद, देवभूमि व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, महामंत्री प्रसन्नजीत शाह, उद्योग व्यापार मंडल महामंत्री घनश्याम अग्रवाल, दीपक मक्कड़, सत्यप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष बने राजीव

**रुद्रपुर :** वरिष्ठ सदस्य जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ऊधमसिंह नगर नवीन चंद्र चंदोला ने बताया कि उत्तराखंड शासन द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष के रूप में राजीव कुमार खरे को नियुक्त किया है। इसके साथ ही जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का कोरम पूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि आयोग ने 25 अक्टूबर से सुचारू कार्य प्रारंभ कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद वादकारियों व अधिवक्ताओं में हर्ष है।

# छात्रों में मारपीट, परिजनों पर गिरी गाज

## पंत विवि के एक छात्र के परिजन का जागधार तबादला, दो के परिजनों को काम से हटाया

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** बड़ी मार्केट में प्रौद्योगिकी के सीनियर छात्रों से मारपीट के आरोपी जूनियर छात्रों के परिजनों पर गाज गिरी है। विवि प्रशासन ने सोमवार को एक छात्र के परिजन (नियमित कर्मी) का तबादला तत्काल प्रभाव से केवीके जागधार कर दिया। वहीं दो छात्रों के परिजनों (ठेका कर्मी) के टोकन निरस्त कर उन्हें काम से हटा दिया है।

शनिवार को रिफ्रेशर पार्टी के बाद शाम को बड़ी मार्केट में प्रौद्योगिकी के जूनियर छात्रों ने बाहरी मित्रों के सहयोग से सीनियर छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। जिसमें चार छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं। साथी छात्रों से मारपीट से आक्रोशित सिल्वर जुबली और विश्वेसरैया भवन के लगभग ढाई सौ छात्रों ने सुरक्षा विभाग का घेराव किया। साथ ही छात्रावास में प्रदर्शन के बाद देर रात छात्र सड़कों पर उतर गए और बड़ी मार्केट में सुबह चार बजे तक प्रदर्शन करते रहे। रविवार सुबह 11 बजे छात्रों का हुजूम फिर बड़ी मार्केट पहुंचा और उन्होंने पूरी मार्केट को बंद करवा दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस व विवि के अधिकारियों ने छात्रों को वार्ता के लिए प्रशासनिक भवन बुलाया। जहां पहुंचे छात्रों ने गेट पर तीन बजे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान विवि में अवकाश के चलते कुलपति सहित कई उच्चाधिकारी पंतनगर में नहीं थे। सोमवार को कुलपति की विवि प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई आपातकालीन बैठक में मौजूदा स्थिति और तथ्यों व सुबूतों के आधार पर मंथन हुआ। इसके बाद आरोपी जूनियर प्रौद्योगिकी छात्र तक्षील सिंह के पिता (शोध निदेशालय में लेखाकार) जितेंद्र कुमार सिंह का तबादला तत्काल प्रभाव से केवीके जागधार कर दिया गया। साथ ही दूसरे आरोपी जूनियर प्रौद्योगिकी छात्र पारस तिवारी की मां पूर्णिमा तिवारी (ठेका कर्मी) सहायक वार्डन मंदाकिनी भवन और पिता प्रमोद कुमार तिवारी (ठेका कर्मी) टेक कॉलेज की वर्कशॉप में मैकेनिक का टोकन निरस्त कर दिया गया। इसके अलावा तीसरे आरोपी जूनियर प्रौद्योगिकी छात्र अंकित कुमार के सुरक्षा विभाग में चालक पिता नरेंद्र चिंडालिया (ठेका कर्मी) सहित विवि चिकित्सालय में ड्रेसर चाचा राजेंद्र चिंडालिया (ठेका कर्मी) का भी टोकन निरस्त कर दिया गया है।

### कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने की एसआईटी जांच की मांग

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने मीडिया को बयान जारी कर कहा कि विवि में छात्रों के बीच मारपीट कुलपति की नाकामी है। कुलपति को आरएसएस और भाजपा के कार्यक्रमों से ही फुर्सत नहीं मिलती है कि वह छात्रों की ओर ध्यान दें। जब से यह कुलपति आए हैं विवि की गरिमा और यहां अनुशासन दिन-ब-दिन गिरती जा रही है। उन्होंने से मांग की है कि मामले की एसआईटी से जांच कराई जाए। इसमें जो भी छात्र, उसके परिजन या बाहरी लोग दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ताकि भविष्य में कोई भी छात्र ऐसा करने से पहले सोंचे।

"विवि में छात्रों के बीच हुई मारपीट में आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। -**डॉ. विवेकानंद**, अपर निदेशक प्रशासन, पंत विवि

### परिजन ने कुलपति से की रैगिंग की शिकायत

मारपीट के आरोपी छात्र तक्षील सिंह के पिता जितेंद्र सिंह ने कुलपति और निदेशक प्रशासन को रैगिंग में चोटिल बेटे की फोटो और वीडियो सहित एक शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने बताया कि सीनियर छात्रों ने उनके बेटे की रैगिंग के दौरान उसके कपड़े उतरवाए और गले में बेल्ट डालकर मुर्गा बनाने सहित भिन्न-भिन्न जानवरों की आवाजें निकलवाईं। हद तो तब हो गई, जब उन्होंने अश्लील हरकत करने को कहा।

### नोजगे के छह विद्यार्थी शूटिंग स्पर्धा के लिए चयनित

**खटीमाः** डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 20 से 29 तक आयोजित 43वीं नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल के दीपेश चंद्र ने 371, आयरा अल्वी ने 359 स्कोर कर राष्ट्रीय यूथ, जूनियर एवं सीनियर कैटेगरी में जगह बनाई। वहीं सुकीरत सिंह, अरनव सक्सेना, ऋषभ चंद और मनस्वी गौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रबंधिका सुरेंद्र कौर ने उन्हें बधाई दी।

# होर्डिंग लगाने के विवाद में भाजपा नेता को धमकी

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** आवास-विकास क्षेत्र में फ्लेक्स होर्डिंग लगाने को लेकर हुए विवाद में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं उसके पिता सहित एक भाजपा कार्यकर्ता के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिव्यांश लूथरा के पिता गौरव लूथरा ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 4 बजे उनका पुत्र दिव्यांश लूथरा घर पहुंचा। उसने बताया कि उसके द्वारा आवास विकास क्षेत्र में लगाई गई फ्लेक्स पर स्थानीय निवासी युवक ने गुपचुप तरीके से अपनी फ्लेक्स लगा दी थी। इसके बाद उसने फ्लेक्स को उतार कर युवक की दुकान पर भेज दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे गुस्साए आरोपी द्वारा लगातार फोन कर पुत्र दिव्यांश लूथरा के साथ गाली-गलौज कर गोली मारने की धमकी दी जा रही है। वह अपने घर पर पुत्र दिव्यांश के साथ बात कर रहे थे, इसी दौरान आरोपी युवक ने दोबारा फोन कर गाली गलौज शुरू कर दी। गौरव लूथरा ने बताया कि इस दौरान उन्होंने पुत्र का फोन लेकर आरोपी युवक को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आरोपी युवक लगातार उनके साथ भी अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देता रहा। गौरव लूथरा ने पुलिस को आरोपी की कॉल रिकॉर्डिंग सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। इसी मामले में वार्ड नंबर 11 निवासी फैजान मलिक ने भी आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर गाली गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिव्यांशु लूथरा एवं भाजपा कार्यकर्ता फैजान मलिक ने कोतवाली पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप




बाजपुर में मेडल व प्रमाण पत्र के साथ स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### एशियन क्रासमिंटन में दशमेश का बेहतर प्रदर्शन

**बाजपुर :** क्रासमिंटन एसोसिएशन भारत की ओर से तीन दिवसीय तृतीय एशियन क्रासमिंटन का आयोजन नोएडा के इंडस वैली स्कूल में हुआ। इसमें श्रीदशमेश स्कूल बाजपुर के आठ विद्यार्थियों ने विराट सिंह, वंश सिंह, आदया सालरिया, जानिया सालरिया, सुखरीत कौर, अरूषि, राहिमा, मौ.जैद, देवांश ने शिरकत की। बालिका 12 आयुवर्ग में आदया सालरिया प्रथम, 18 आयु वर्ग में जानिया सालरिया प्रथम, सुखरीत कौर, आरूषि तृतीय, बालिका 16 आयु वर्ग में राहिमा शब्बुर तृतीय, बालक 14 आयुवर्ग में मो.जैद तृतीय, रवंश सिंह ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। बालक 12 आयुवर्ग में विराट सिंह ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर स्कूल के सेक्रेटरी रंजीत सिंह गिल, प्रधानाचार्य संदीप सलारिया, कोच राघवेंद्र सिंह, नवीन मिश्रा, प्रमोद शर्मा, उत्तराखंड क्रासमिंटन एसोसिएशन के सचिव शिवराज आर्य ने उज्जवल भविष्य की कामना की।



मेधावी छात्र अपने अंकपत्र और मेडल के साथ। ● अमृत विचार

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मेधावी सम्मान

**खटीमा :** महाराणा प्रताप जनजाति राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खटीमा में 2023-24 एवं 22-23 सत्र के उत्तीर्ण एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए कौशल दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम डीजीटी कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार एवं डीजीयू प्रशिक्षण विभाग उत्तराखंड के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लीलावती राणा अध्यक्ष जनजाति आयोग ने संस्था के टॉपर क्रमशः अभिषेक राणा ट्रेड फिटर 92.16%, कुमारी शिवानी राणा स्टेनो 92.16 प्रथम को सम्मानित किया। साथ ही योगेश सिंह राणा, आकाश सिंह राना मैकेनिकल डीजल 91.50% द्वितीय, रौनक सिंह कोपा 91% तृतीय को भी मेडल एवं अंकपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। संस्थान अधीक्षक वीरेन्द्र कुमार, हरिश्चंद्र फुलेरा, संजय रावत, अंकित कुमार, मनीष कुमार, मुकेश राणा, प्रमोद पोखरिया, शैलेश कुमार, रीता राणा, प्रतिभा राणा, भावना देवी, त्रिलोक चंद्र जोशी, सुंदर प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## धर्म दर्शन

### दीपावली अनेक सांस्कृतिक धाराओं की अन्तर्भुक्ति



दीपावली को राम के अयोध्या-आगमन से जोड़ा जाता है, यह लोकमान्यता का ही एक रूप है किन्तु बात इतनी ही नहीं है, इसके आगे की भी है। समुद्रमंथन का अभिप्राय दीपावली से जुड़ा हुआ है, जिससे राजा बलि की कथा का सूत्र जुड़ता है। धन्वन्तरि के अमृतकलश का सूत्र भी समुद्रमंथन (दीपावली के पर्व) के साथ है। लक्ष्मी का प्रादुर्भाव भी समुद्रमंथन से जुड़ा हुआ है।

हिन्दू होलीडेज एंड सेरिमोनियल्स में रायबहादुर बीए गुप्ता ने महाराष्ट्र के लोकजीवन का उल्लेख किया है कि वहां स्त्रियां चावल के आटे से या गोबर से राजाबलि की मूर्ति बनाती हैं और उसकी पूजा करके कहती हैं कि राजा बलि का साम्राज्य पुनः प्राप्त हो। राजा बलि का उल्लेख ब्रज के गीतों में भी आता है। समुद्रमंथन का अभिप्राय राजाबलि से ही जुड़ा है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दूसरी बात यम का दीपक और यम संबंधी अनुष्ठान भी यमद्वितीया दीपावली के विस्तार में मौजूद हैं। यम का सूत्र वैदिक काल से जुड़ जाता है।

तीसरी बात बहुत स्पष्ट है और वह यह कि ब्रज की लोकपरंपरा में गोवर्द्धन-पूजा दीपावली के विस्तार में विद्यमान है। भागवत की कृष्णकथा में इन्द्रपूजा के स्थान पर गोवर्द्धन-पूजा की प्रतिष्ठा हुई। ब्रज में इससे पहले दीपावली के दिन इन्द्रपूजा होती थी, यह बात सूरदास जी ने बहुत विस्तार से लिखी है।


दीपावली के और अधिक विस्तार में जाएं तो हमको जेम्स फ्रेजर का गोल्डनबाउ नजर आता है। जिन्होंने ईसापूर्व के समय में मिश्र में दीपावली की प्रथा का उल्लेख किया है, जो ओसिरिस की पत्नी ईसिस के सम्मान में किया जाता था। प्लूटार्क तथा हेरोडोटस ने इसका वर्णन किया है। वहां जौ बोने का अनुष्ठान उसी प्रकार से जुड़ा है, जैसे हमारे यहां खील का संबंध दीपावली से है। ईसिस का गायों के प्रति गहरा प्यार है। उसका रूप गाय का रूप है। डॉ. सत्येन्द्र ने ईसिस को अदिति से जोड़ा है, उनका कहना है कि ऋग्वेद में अदिति को भी धेनु कहा गया है। उन्होंने ओसिरिस और यम की समानता भी बतलायी है। ओसिरिस भी आत्माओं का देवता है।

गणेश-लक्ष्मी का संबंध यक्षसंस्कृति से भी है और इस संबंध को लेकर कुमारस्वामी ने विस्तार से लिखा है। जक्खरती शब्द दीपावली से जुड़ा हुआ है। इतना व्यापक पर्व केवल एक सांस्कृतिक-धारा से ही नहीं जुड़ा हुआ है, कितनी ही सांस्कृतिक-धाराओं की अन्तर्भुक्ति दीपावली के महापर्व में हैं।

### ज्योति पर्व



धन्वन्तरि जयंती देखते-देखते धनतेरस में बदल गई। घर आंगन की मरम्मत, साफ-सफाई, अनुपयोगी व टूटे-फूटे घर गृहस्थी के कबाड़, बर्तन पहले भी बाहर किए जाते थे, पर बाजारवाद ने धनतेरस को क्रय विक्रय के रिकार्ड से जोड़ दिया है। धन्वन्तरि जयंती और धनतेरस का फर्क साफ है। शरद ऋतु से शिशिर ऋतु के संक्रमण काल की स्वास्थ्य संबंधी संभावित समस्याओं के प्रति हम शायद ही सचेत हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

"तमसो मां ज्योतिर्गमय" का गंभीर संदेश देने वाला पर्व बाहरी जगमग व चकाचौंध तक सिमट रहा है। दुर्गा शप्तशती सहित अन्य शास्त्रीय ग्रंथों में अनोखी माहात्म्य वाली तीन रात्रियों का उल्लेख है, कालरात्रि, महारात्रि, और मोहरात्रि। शिवरात्रि पर्व महारात्रि और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रात्रि मोहरात्रि कही गई है। श्रीकृष्ण के जन्म के समय कंस की सारी सुरक्षा व्यवस्था ऐसी मोहग्रस्त हुई कि किसी को कुछ पता ही नहीं चला। दीपावली की रात्रि कालरात्रि कही गई है। काल का बोध हमे सचेत करता है कि अपने-अपने क्षेत्र में कार्यरत रहते हुए हमारे जीवन की सार्थकता अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने में है। यह पर्व साधन, साधना, साध्य और सिद्धि के स्वमूल्यांकन व तदनुसार सुधार का अवसर है। हमारे बाबा इस बात को अपने सामने सुनिश्चित करते थे कि एक विद्यार्थी के रूप में हम दीपावली की रात्रि सोने से पहले मां सरस्वती की वन्दना करें और पन्द्रह बीस मिनट के लिए ही सही, कोई न कोई पाठ्य पुस्तक अवश्य पढ़ें। सभी वर्ग के लोग अपने-अपने क्षेत्र में आगामी वर्ष में शुभ-लाभ के लिए अपने अपने इष्ट व अभीष्ट की आराधना करते थे। इस पर्व पर बाहरी प्रकाश के साथ आंतरिक मानसिक व आध्यात्मिक प्रकाश की भी समीक्षा का प्रयास किया जाए। दीपावली पर्व के पश्चात चित्रगुप्त महाराज हमारा कार्मिक एकाउंट अपडेट करते हैं, यह भी ध्यान रखना चाहिए।


### वर्ग पहेली-236

**बाएं से दाएं**

1. 1. अत्यंत निर्धन, कंगाल 2. भुखमरी से पीड़ित, दुर्भिक्ष-पीड़ित 3. जिसका सब कुछ लुट गया हो 4. पराश्रित, परावलंबी।
4. 1. ज़ोर से डांटना, झिड़कना, लानत-मलामत करना 2. वस्तु आदि की धूल झटकना, झाड़ना 3. निचोड़े हुए कपड़े को झटके से ऊपर से नीचे हिलाना।
5. 1. सुंदर एवं रमणीय देश 2. किसी कार्य के निष्पादन के लिए उपयुक्त स्थान।
6. 1. दोनों हथेलियों के टकराने या आघात से उत्पन्न ध्वनि, ताली 2. लकड़ी, कांसे आदि का बना हुआ एक वाद्य, मजीरा, झींका, झांझ।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटी कील 2. कांटा 3. मछली फंसाने वाली नुकीली अंकुसी या बंसी 4. कुएं में गिरी हुई चीजों (बाल्टी आदि) को निकालने के लिए बनाया गया अंकुसियों का गुच्छा। (मु.)-लगाना : मुख्य तार में कंटिया फंसाकर चोरी से या अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना।
2. 1. मौके का फ़ायदा उठाने की प्रवृत्ति, मौकापरस्ती 2. अवसर के अनुकूल बरतने की प्रवृत्ति।
3. 1. कीड़ों को मारने वाली दवा 2. फ़सल आदि में छिड़काव के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा।, कीटाणुओं या कीड़ों को मारने वाला।
5. 1. होश, चेतना 2. स्मरण, याद 3. ज्ञान।



**वर्ग पहेली -235 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 न | | | 2 क |
| 3 अ | ल | गा | गु | जा | री |
| | | धि | | | ल |
| 4 ज | ठ | रा | म | य | |
| ग | | ज | | | |
| झं | | | 5 का | रं | ड |
| 6 प | र | बा | बा | | |

### सुडोकू-149

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 4 | 7 | 2 | | | | 8 |
| | 5 | 2 | | | 1 | | | |
| | 3 | | | 8 | | | | 2 |
| | 4 | | | 5 | | | 9 | |
| 2 | 1 | | | | | | 6 | 5 |
| | 7 | | | 6 | | | 3 | |
| 6 | | | | 3 | | | 7 | |
| | | | 9 | | | 5 | 8 | |
| 1 | | | | 7 | 8 | 4 | | 6 |

**सुडोकू - 148 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 9 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 | 4 |
| 1 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 |
| 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 3 | 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 |
| 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 10.31 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**आज का पंचांग**




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 06.34 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज आप अपने काम को लेकर विशेष रूप में सक्रिय रहेंगे। परिवार में शुभ कार्यों का आयोजन होगा। यदि नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो आप काफी भाग्यशाली रहने वाले हैं। आज का दिन काफी शुभ रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव चलता रहेगा।

**वृष** — आज परिवार में आपसी सामंजस्य अच्छा रहेगा। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध काफी मधुर रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। सहकर्मी आपके प्रति ईर्ष्या की भावना रख सकते हैं। गैस और एसीडिटी की समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज व्यवसाय की स्थिति बहुत ही शानदार रहेगी। लाभकारी योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। प्रियजनों से मुलाक़ात होगी। अवसाद और तनाव की स्थिति बन सकती है। मानहानि होने की आशंका रहेगी।

**कर्क** — आज जॉब में आपका प्रभाव और महत्व बढ़ेगा। कारोबार में प्रगति होती रहेगी। आपका मूड रोमांचक कार्यों की तरफ बार-बार प्रवृत्त होता रहेगा। स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फण्ड में निवेश कर रहे लोगों को संभलकर निवेश करना चाहिए अन्यथा बड़ा आर्थिक घाटा हो सकता है।

**सिंह** — आज जीवनसाथी का सहयोग मिलने से तनावमुक्त होंगे। आय वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में समझदारी युक्त निर्णय लेंगे। भाग्य का भरपूर साथ प्राप्त होगा। व्यर्थ के वाद-विवाद से आपको बचना चाहिए।

**कन्या** — आज आपको काफी व्यवहारिक बने रहने की आवश्यकता है। लवमेट्स को कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। पुराना ऋण चुकाने में सफलता मिल सकती है। आपकी नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। आपको महिलाओं के प्रति अपना व्यवहार सीमित रखना चाहिए।

**तुला** — आज प्रेम संबंधों को लेकर परिवार का रूख सहयोगात्मक रहेगा। आत्मविश्वास और पराक्रम में वृद्धि होगी। इन्श्योरेंस आदि से धन लाभ हो सकता है। आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। बड़े अधिकारियों से विवाद हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज परिवार के साथ सुखद समय बिताने के मौके मिलेंगे। आप जिन भी योजनाओं पर काम करेंगे वह सफल होगी। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। मौसम में आ रहा बदलाव आपकी इम्यूनिटी को प्रभावित कर सकता है।

**धनु** — आज धन का निवेश करने के लिए समय अनुकूल है। पुराने साथियों के साथ मुलाक़ात होगी। बड़ी व्यापारिक परियोजनाओं पर काम कर सकते हैं। समाज के प्रतिष्ठित लोगों के साथ महत्वपूर्ण मीटिंग हो सकती है। छाती और गले में कफ संबंधी विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

**मकर** — आज आप कुछ रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। परिवार में शुभ कार्य का आयोजन हो सकता है। अपनी संयमित जीवनशैली का लाभ उठायेंगे। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अधीनस्थ कर्मचारियों पर ज्यादा विश्वास करना भारी पड़ सकता है।

**कुंभ** — आज आप काफी एकाग्रता से काम करेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण संबंधी कार्य कर सकते हैं। बच्चों के व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। आपको व्यायाम और आराम करना चाहिए। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। गलत संगत से दूरी बनाकर रखें।

**मीन** — आज ससुराल पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा। बच्चे अनुशासित और आज्ञाकारी रहेंगे। व्यवसाय में जबर्दस्त सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को करियर में बेहतरीन सफलता मिलेगी। आपको अपने बजट का ध्यान रखना चाहिए।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
वांटेड — सुबह : 09.30
इश्क तेरा — रात : 07.00

**&pictures**
सिंह इज़ ब्लिंग — सुबह : 08.00
फर्रे — रात : 08.00

**SONY PIX**
वाइट हाउस डाउन — सुबह : 08.14
जस्टिस लीग — शाम : 06.51

**ZEE CINEMA**
नमस्ते इंगलैंड — सुबह : 08.45
आचार्य — रात : 08.50

**ZEE ACTION**
परदेशी — सुबह : 10.38
रावण राज — रात : 07.30

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पहला कैदी- तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
दूसराकैदी- बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।
पहला कैदी- वहीं, पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
दूसरा कैदी- वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें, बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

बॉयफ्रेंड : कहां हो तुम?
गर्लफ्रेंड : होटल में हूं बहुत तेज भूख लग रही थी है, इसलिए यहां खाना खा रही हूं, आप कहां हो?
बॉयफ्रेंड : लंगर में...तुम्हारे पीछे लाइन में खड़ा हूं, खीर मेरे लिए भी ले लेना!

# अल्मोड़ा में धनतेरस के लिए सजा बाजार, बढ़ी रौनक

## अल्मोड़ा में इस दीपावली पर व्यापारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद, त्यौहार की खरीदारी के लिए गांवों से भी शहर पहुंच रहे लोग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** धनतेरस को लेकर अल्मोड़ा का बाजार सज गया है। शोरूम, स्वर्णकार और अन्य दुकानें आकर्षक सामान के साथ सज गए हैं। खासकर बर्तनों की दुकानों में धनतेरस को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। कई लोगों ने विभिन्न आइटमों की एडवांस बुकिंग कराई है। व्यापारियों को भी इस धनतेरस पर अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

जिले भर में आज धनतेरस का त्योहार मनाया जाएगा। मान्यत के मुताबिक लोग धनतेरस पर कुछ न कुछ खरीदारी जरूर करते हैं। सोमवार को बाजार में खरीदारी के लिये नगर समेत गांव से भी भारी संख्या में लोग पहुंचने लगे हैं। इस कारण बाजार में काफी रौनक रही। व्यापारियों ने भी धनतेरस को लेकर तैयारी कर ली है। कार और बाइक की बड़ी संख्या में लोगों ने एडवांस बुकिंग कराई है।

स्वर्णकार, इलेक्ट्रिक कारोबारी और वर्तन विक्रताओं के चेहरों पर भी चमक है। पटाखे, लाइट, झालर, मिठाई, खील-खिलौनों की दुकानें भी सज चुकी हैं। व्यापारियों ने बताया कि धनतेरस में अधिकांश लोग खरीदारी करते हैं। कई व्यापारियों ने इलेक्ट्रॉनिक सामनों में छूट दी है।



अल्मोड़ा में धरतेरस पर्व को लेकर थाना बाजार में सजी इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान। ● अमृत विचार

### 250 से अधिक दोपहिया चौपहिया वाहन बुक

धनतेरस के लिए विभिन्न शोरूमों में करीब 250 से अधिक दोपहिया व चार पहिया वाहनों की अब तक बुकिंग हो चुकी है। शोरूम स्वामियों ने बताया कि आज धनतेरस को लेकर सैकड़ों दोपहिया वाहन की डिलीवरी होगी। वहीं, लोअर मालरोड स्थित मारुती शोरूम समेत अन्य कंपनियों के शोरूम पर भी धनतेरस पर चौपहिया वाहन की अच्छी खासी बुकिंग हुई है।

### बर्तन कारोबारियों को भी काफी उम्मीदें

धनतेरस के लिए बर्तनों की दुकानें सज गई हैं। कारखाना बाजार के बर्तन व्यापारी संजीव अग्रवाल टीटू ने बताया कि धनतेरस के दिन धातु से बनी कोई भी वस्तु खरीदना लाभदायक होता है। लोगों ने बर्तनों और धातु से बने अन्य उत्पादों की खरीदारी शुरू कर दी है। उन्होंने धनतेरस पर रिकॉर्ड कारोबार की उम्मीद जताई।

# दीपावली पर्व पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** दीपावली पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी चम्पावत ने जिले में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों की जांच कर नमूने एकत्र करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जनपद के समस्त चिकित्सा केंद्रों में आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे कार्यरत रहेंगी। केंद्रों में पर्याप्त संख्या में चिकित्सा स्टाफ तैनात रहेंगा।

साथ ही किसी भी आकस्मिक स्थिति में निपटने के लिए औषधीय,उपकरण व वेंटिलेटर आदि भी क्रियाशील अवस्था में उपलब्ध रहेंगे।डीएम द्वारा 108और अग्निशमन सेवा को हाई अलर्ट में रहने तथा अग्नि घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने के लिए निर्देशित किया हैं। आतिशबाजी की दुकानों के निकट अग्निशमन प्रबंध सुनिश्चित कराने के साथ ही जल संस्थान द्वारा सभी हाइड्रेंटस, ट्यूबवेल्स व टैंकर के संचालन के लिए भी कार्मिकों की तैनाती के निर्देश दिए हैं।


डीएम नवनीत पांडेय।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग एवं प्रशासन द्वारा दीपावली पर्व के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। मुख्यतया बाजार एवं भीड़ वाले स्थानों में गश्त बढ़ाने के साथ ही यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा है।

# पावर स्टेशन में सर्तकता जागरूकता सप्ताह शुरू

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** टनकपुर पावर स्टेशन में सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास ने किया। इस अवसर पर व्यास ने चिकित्सालय में अधकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठ की प्रतिज्ञा दिलाई।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक विद्युत मोम्मद जावेद, उप महाप्रबंधक डीएस राव, सतर्कता अधिकारी वीके श्रीवास्तव, आनंद राज उपस्थित रहे। उधर टनकपुर पावर स्टेशन में नौवां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। सोमवार को टनकपुर पावर स्टेशन के चिकित्सालय में नौवां आयुर्वेद दिवस मनाया गया।

पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल टनकपुर से आये डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सुरेश कश्यप, पावर स्टेशन के महाप्रबंधक विद्युत मोहम्मद जावेद अंसारी, उप महाप्रबंधक डी.एस.राव, डॉ. मीना प्रसाद आदि उपस्थित रहे।


आयुर्वेदिक दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास।

# कुमाउनी कविता पुरस्कार से नवाजे जाएंगे डॉ. महेंद्र

- कुमाउनी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रचार समिति द्वारा दिया जाएगा सम्मान
- आगामी 10 नवंबर से चम्पावत में आयोजित होगा सम्मेलन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय कुमाऊनी सम्मेलन वर्ष शेर सिंह बिष्ट 'अनपढ़' कुमाउनी कविता पुरस्कार से लेखक डॉ. महेंद्र सिंह महरा 'मधु' नवाजे जाएगे। आगामी दस नवंबर से चम्पावत में होने वाले सम्मेलन में उनका यह सम्मान लिया जाएगा। उनकी इस उपलब्धि पर गृह क्षेत्र में खुशी की लहर है।

कुमाउनी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रचार समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष यह पुरस्कार कुमाउनी साहित्य में उल्लेखनीय कार्य के लिए एक रचनाकार को दिया जाता है। डॉ. महेन्द्र सिंह महरा 'मधु' कुमाउनी काव्य धारा में गजल विधा का प्रारंभ करने वाले रचनाकार के रूप में जाने जाते हैं। कुमाउनी भाषा का प्रथम गजल संग्रह मनैकि बात मनै में रै' के लेखक' डॉ. मधु ने श्रीमद्भगवदगीता का कुमाउनी भाषा का अनुवाद कर प्रश्रम बार डिजिटल प्लेटफार्म में प्रचारित किया। डॉ. मधु हिन्दी कुमाउनी के अतिरिक्त उर्दू बांग्ला व अरबी भाषण के भी जानकार है तथा उनका श्रीमद्भगवदगीता का उर्दू अनुवाद शीघ्र प्रकाशित होने वाला है।


डॉ. महेन्द्र सिंह महरा।

# छात्र नेता के खुद को आग लगाते ही मौके पर मची अफरा-तफरी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर टाइगर ग्रुप के अध्यक्ष प्रत्याशी दीपक लोहनी ने खुद पर पेट्रोल छिड़क आग लगा दी।

छात्र के कदम को देखते हुए वहां मौजूद छात्रों में अफरा तफरी मच गया। आनन फानन में झुलसे छात्रनेता को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक छात्रनेता के गर्दन, हाथ और पेट का कुछ हिस्सा आग से झुलसा है। चिकित्सकों ने बताया कि छात्र खतरे से बाहर है।


अल्मोड़ा में सोमवार को पुलिस ने आत्मदाह की चेतावनी देने वाले युंका से जुड़े छात्र नेता को गिरफ्तार किया। ● अमृत विचार

### बेबस नजर आया पुलिस बल

**अल्मोड़ा :** छात्रों की आत्मदाह की चेतावनी के बाद चौघानपाटा में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस के सामने ही छात्र ने आत्मदाह का प्रयास किया। इससे घंटों तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। छात्रों के उग्र प्रदर्शन के आगे पुलिस और प्रशासन की टीम बेबस नजर आई।

### छात्रों की अवाज दबाने का काम कर रही सरकार

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** युवा कांग्रेस प्रदेश संगठन मंत्री अधिवक्ता गोपाल भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार छात्र राजनीति व छात्रों की आवाज को दबाना चाहती हैं। कहा कि हम तब तक संघर्ष जारी रखेंगे जब तक चुनाव की तिथि घोषित न हो जाए। चेतावनी दी कि अभी तो छात्र महाविद्यालय परिसर स्तर पर विरोध जता रहे हैं। इसके बाद स्कूल भी बंद किए जाएंगे और प्रदेशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### छात्राओं ने उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

**रानीखेत :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव तिथि घोषित करने की मांग पर छात्र नेताओं की हड़ताल जारी है। उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। महाविद्यालय प्रशासनिक भवन के दरवाजे के बाहर छात्र नेता मनीष बिष्ट, मनोज सिंह कोरंगा,अक्षय कुमार, सौरभ अधिकारी, संध्या रावत व गुंजन बिष्ट ने धरना प्रदर्शन किया। अनशनकारियों के समर्थन में अन्य छात्र-छात्राएं भी धरने पर डटे रहे। दोपहर समय गांधी चौक पर छात्र-छात्राओं ने उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला जलाते हुए उच्च शिक्षा मंत्री और विश्वविद्यालय व महाविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। तदुपरांत सदर बाजार में जुलूस निकाला। गौरतलब है कि हाईकोर्ट द्वारा छात्र संघ चुनाव कराने संबंधी याचिका निस्तारित किए जाने के बाद राज्य भर में महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं का ग़ुस्सा राज्य सरकार के विरुद्ध फूट पड़ा है। रानीखेत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भी चार दिन से छात्र आंदोलित हैं।


रानीखेत में गांधी चौक पर उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत का पुतला दहन करते छात्र।

# जीबी पंत पर्यावरण संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

- अधिकारियों और कर्मचारी ने ली भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाने की शपथ
- स्कूली चात्र-छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, कोसी-कटारमल में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित हुआ। इस दौरान जागरूकता निर्माण के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाने को लेकर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जेसी कुनियाल ने सतर्कता जागरूकता थीम 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'से अवगत कराया और संस्थान के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और शोधार्थियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों और स्कूली बच्चों आदि विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा सतर्कता के लिए जागरूक किया जाएगा।

इस मौके पर अधिवक्ता रोहन कपकोटी, डॉ. आशीष पांडे आदि वैज्ञानिक, कर्मचारी और शोधार्थी मौजूद रहे।



जीबी पंत संस्थान में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम मौजूद अधिकारी-कर्मचारी।

# रानीखेत में बाइक सवार कैंट कर्मचारी पर झपटा गुलदार

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** खिरखेत-पंतकोटली के बीच ग्वाड़ स्टेट के पास रविवार तड़के गुलदार ने बाइक सवार कैंट कर्मचारी पर हमला कर दिया। 16 अक्टूबर की शाम को भी गुलदार इसी जगह पर बाइक सवार क्षेत्र पंचायत सदस्य और उनके मित्र पर हमला कर चुका है।

दहशतज़दा ग्रामीणों ने वनविभाग से हमलावर गुलदार से निजात दिलाने की मांग की है। बीते दिवस सुबह करीब साढ़े पांच बजे छावनी परिषद रानीखेत में पेयजल कर्मचारी तारा चंद्र पंत बाइक से अपनी ड्यूटी पर रानीखेत की ओर आ रहे थे। तभी ग्वाड़ स्टेट के पास गुलदार ने उनपर हमला कर दिया। ताराचंद्र पंत ने किसी तरह अपना बचाव किया और रानीखेत चिकित्सालय में अपना उपचार कराया। ग्वाड़ स्टेट पर गुलदार द्वारा हमला करने की इस माह में यह दूसरी घटना है। क्षेत्र में शावकों के साथ सक्रिय मादा गुलदार मवेशियों को भी अपना निशाना बनाता रहा है। इधर ताराचंद्र पंत की पत्नी सामाजिक कार्यकत्री प्रीति पंत ने संयुक्त मजिस्ट्रेट को घटना की जानकारी देते हुए गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने के लिए वनविभाग को निर्देशित करने की मांग की।

वहीं वनक्षेत्र अधिकारी तापेश मिश्रा ने बताया कि घायल व्यक्ति को नागरिक चिकित्सालय ले जाकर उपचार कर घर भेज दिया गया है। क्षेत्र में गुलदार की गतिविधियों के लिए ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही वहां गश्त बढ़ा दी गई है।

## उत्तर प्रदेश

# घरेलू कलह में पिता ने 5 साल के बेटे की कुल्हाड़ी से काट दी गर्दन

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

### लगाई आग

- खुद को कमरे में बंद कर आग लगाई, पुलिस ने दबोचा
- चित्रकूट के मऊ थाने के दुबारी गांव में हुई घटना

**अमृत विचार:** मऊ थाने के दुबारी गांव में सोमवार तड़के घरेलू कलह में एक ग्रामीण ने कमरा बंद करके अपने पांच वर्षीय बेटे की गर्दन कुल्हाड़ी से काटकर धड़ से अलग कर दी। बच्चे की मां और भाई-बहन कमरे के बाहर से चिल्लाते रहे पर उस पर कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद पिता ने खुद को कमरे में बंद कर आग लगा ली।

किसी तरह आग बुझाकर उसे बाहर निकाला गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पिता ने बताया कि हत्यारोपी का मानसिक संतुलन खराब है। दुबारी गांव के निवासी नत्थू निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा राजकुमार अपने चारों बच्चों अनुज (10), कोमल (8), कुंती देवी (6) और सत्यम (5) के साथ रविवार रात कमरे में सोया था जबकि वह, मां मैकी, पत्नी श्यामकलिया उर्फ पतिया, राजकुमार की पत्नी शिवकुमारी बाहर आंगन में सोये थे। तड़के लगभग तीन बजे कमरे से चीखपुकार की आवाज सुनाई पड़ी तो सभी की नींद खुली। कमरे में झांककर देखा तो राजकुमार कुल्हाड़ी लेकर बच्चों पर झपट रहा था। परिजनों ने बाकी बच्चों को तो खपरैल के रास्ते ऊपर खींच लिया पर सत्यम अंदर कमरे में ही रह गया। इसके बाद राजकुमार ने सत्यम की गर्दन कुल्हाड़ी से काटकर अलग कर दी और इसके बाद कमरे में आग लगा दी। गांववालों ने किसी तरह आग बुझाकर राजकुमार को पकड़ा। सूचना मिलते ही सीओ जयकरण सिंह, एसओ विनोद कुमार राय और भारी पुलिस बल पहुंचा।

## खेल-खिलाड़ी

### धौलादेवी ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता जारी, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# कबड्डी में अंडोली और ध्याड़ी का दबदबा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** धौलादेवी ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता जारी है। सोमवार को अलग-अलग आयु वर्ग में बालक-बालिका वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें खिलाड़ियों ने दखमख दिखाया। भनोली तहसील के मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय शिक्षक संघ धौलादेवी ब्लॉक अध्यक्ष राजू महरा ने किया।

प्रतियोगिता के अंडर 20 बालक वर्ग की सौ मीटर दौड़ में अर्जुन राम, दो सौ मीटर में राहुल कुमार, चार सौ मीटर में दीप चंद्र, बालिका वर्ग की सौ मीटर दौड़ में प्रीति, दो सौ मीटर में तनुजा भैसोड़ा ने बाजी मारी। जबकि चक्का क्षेपण में पिंकी टम्टा और अक्षय बिष्ट अव्वल रहे। वहीं, कबड्डी में न्याय पंचायत अंडोली और बालिका वर्ग में ध्याड़ी न्याय पंचायत ने अपना दबदबा बनाया।

सभी अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर यहां खेल समन्वयक राजेन्द्र नयाल, प्रधानाध्यापक बसंत कुमार भट्ट, डॉ. बृजेश डसीला, नितेश कांडपाल, रमेश पांडे, किशन सिंह मेहता, महेश पंत, धर्मेंद्र सिंह, कमल धौनी, महेंद्र भैसोड़ा पूनम बिष्ट, तुलसी बिष्ट, गिरीश मेलकानी, ममता बलोदी, हरीश चौहान, नवीन कांडपाल, विनोद जोशी, लोकेंद्र सिंह, मीना चंद्रा आदि मौजूद रहे।


धौलादेवी न्याय पंचायत खेल महाकुंभ में अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

# श्रीराम राज्याभिषेक की लीला का मंचन

**बनबसा :** संस्कृतिक रामलीला कमेटी फागपुर के तत्वावधान में आयोजित रामलीला अंतिम दिवस रावण वध से राम के राज्याभिषेक तक की लीला का मंचन हुआ। अंतिम दिवस रावण वध, राम द्वारा विभीषण को लंका का राजा बनाना, राम का सीता, लक्ष्मण और वानर सेना के साथ अयोध्या लौटना, अयोध्या में भगवान राम का राज्याभिषेक तक की लीला का मंचन हुआ। कमेटी द्वारा रामलीला मंचन में अभिनय करने वाले सभी पात्रों को पुरस्कृत किया गया। कमेटी के अध्यक्ष मनोज कालाकोटी ने सभी का आभार जताया और सभी से भगवान राम के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। यहां कमेटी के उपाध्यक्ष कैप्टन गोविन्द मेहरा, मनोज करमाकर, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण राम, कल्याण राम, हेमन्त प्रसाद, प्रधान हर्ष बहादुर रहे।

# महाकुंभ में पुलिस के आंख-कान बनेंगे युवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** महाकुंभ में सुरक्षा की जिम्मेदारी सिर्फ पुलिस की ही नहीं है, बल्कि युवा भी अब पुलिस के आंख और कान बनकर काम करेंगे। पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग पर भी जोर दिया जा रहा है। खासतौर पर युवा वर्ग को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वह आसपास होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखें और अगर उन्हें कहीं कोई गड़बड़ दिखाई दे तो, तत्काल पुलिस को सूचित करें।

महाकुंभ के आयोजन को लेकर पुलिस की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। पूरे महाकुंभ को सात स्तरीय सुरक्षा चक्र में विभाजित किया गया है। इसके अलावा आईसीसीसी के माध्यम से एआई से लैस सीसीटीवी कैमरों द्वारा संदिग्धों की निगरानी किए जाने की व्यवस्था की गई है तो वहीं मेला क्षेत्र में 10 प्रकार के सुरक्षा ऑपरेशन भी चलाने की तैयारी है। इसी क्रम में सुरक्षा व्यवस्था को फूल प्रूफ बनाने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग का भी सहारा लिया जा रहा है। सोशल मीडिया और अन्य साधनों से प्रयागराज के जनमानस के साथ संवाद स्थापित किया जा रहा है कि उन्हें कहीं भी किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसमें युवाओं को खासतौर पर सम्मिलित किया जा रहा है, क्योंकि बड़ी संख्या में युवाओं का मूवमेंट स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी के साथ-साथ प्रयागराज के विभिन्न स्थानों पर होता है।

# बरेली के पूर्व मेयर कुंवर सुभाष पटेल का निधन

**बरेली, अमृत विचार:** भाजपा के वरिष्ठ नेता और शहर के पूर्व मेयर कुंवर सुभाष पटेल का अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद सोमवार तड़के निधन हो गया। दिन भर नेकपुर स्थित उनके निवास पर शोक श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। शाम को सिटी श्मशान भूमि पर उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए भी भारी भीड़ उमड़ी। कुंवर सुभाष पटेल हृदय रोग से ग्रसित थे। पिछले सप्ताह ही दिल्ली में इलाज कराकर लौटे थे। रविवार रात हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां रात 3 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। जनसंघ से राजनीति की शुरुआत करने वाले सुभाष पटेल ने आरएसएस में सक्रिय रहने के साथ भाजपा में जिलाध्यक्ष, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता जैसे पदों की जिम्मेदारी संभाली थी।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन – तुलसी 2460, राज श्री 1790, फॉर्चून कि. 2265, रविन्द्र 2355, फॉर्चून ली. 2085, जय जवान 1990, सचिन 2060, सूरज 2015, अवसर 2085, राग गोल्ड 2200, गृहणी ली 2065, क्लासिक (किलो) 2190, मीर 2185, चक्र टिन 2230, ब्लू 2235, आशीर्वाद मस्टर्ड 2235, स्वास्तिक 2430 | किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायन 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सौंठ 41000, (प्रतिकिो) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 | चावल – (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4700, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जैनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सुमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 | दाल दलहन मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छोटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना दाल 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सब्बा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 11200, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11700, अरहर पटका छोटा 15000–15500, अरहर कोरी छोटी 15800 | चीनी – डालमिया 4090, पीलीभीत 4070, नवाबगंज 4060, बहेड़ी 4070 |

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5400 मसूरी- 5100 बासमती- 9300 परमल- 3800 दाल दलहन : काला चना- 8800 साबुत चना दाल- 9300 मूंग साबुत- 10500 राजमा- 11500- 15300 दाल उड़द- 10300 साबुत मसूर दाल- 7300 मसूर दाल- 8600 उड़द साबुत- 11300 काबुली चना- 12400-14500 अरहर दाल- 12500-14000 लोबिया/ करमानी- 8300 सोयाबीन- 5100 मूंगफली- 11400 मटर (सूखी)- 5600 मक्का- 3900

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 80800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 79800 |
| सिल्वर (पक्की) | 982 (अनुमानित) |

# पांच दिन बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 603 अंक चढ़ा

### वैश्विक स्तर पर मजबूती और घरेलू निवेशकों की लिवाली से बाजार में दिखी तेजी

- कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी बाजार धारणा को मिला बल
- सेंसेक्स में आईसीआईसीआई बैंक का शेयर तीन प्रतिशत चढ़ा



मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में पांच सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई का सेंसेक्स 603 अंक चढ़ा। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख और घरेलू संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली के बीच आईसीआईसीआई बैंक में खरीदारी से बाजार में तेजी आई।

सेंसेक्स 602.75 अंक यानी 0.76% चढ़कर 80,005.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,137.52 अंक तक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 158.35 अंक यानी 0.65% की बढ़त के साथ 24,339.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी बाजार धारणा को बल मिला। सेंसेक्स में आईसीआईसीआई बैंक तीन प्रतिशत चढ़ा। निजी क्षेत्र के बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में 14.5% बढ़कर 11,746 करोड़ रहने की सूचना से उसका शेयर चढ़ा। जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स और भारतीय स्टेट बैंक लाभ में रहे। वहीं एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और मारुति को नुकसान हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पिछले सप्ताह बिकवाली के बाद बाजार में तेजी आई। बैंकों के सकारात्मक परिणाम और पश्चिम एशिया में तनाव को लेकर चिंता कुछ कम होने से कच्चे तेल के दाम में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि चौतरफा तेजी आगे भी बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि और कंपनियों के परिणाम बेहतर हों।

# ईएलएसएस : टैक्स बचत और निवेश का बेहतरीन उपाय

इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) फंड एक अद्वितीय निवेश साधन है, जो आपको शेयर बाजार में निवेश के माध्यम से लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही, यह एक टैक्स सेविंग विकल्प भी है, जिसमें आप आयकर अधिनियम के तहत 1.5 लाख तक की राशि पर छूट प्राप्त कर सकते हैं। ईएलएसएस में निवेश करने पर आपको तीन साल की लॉक-इन अवधि का सामना करना पड़ता है, जो आपको दीर्घकालिक सोच को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। इस फंड में निवेश करने से आप विविधता, उच्च रिटर्न की संभावना और टैक्स लाभ प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, इसके साथ कुछ जोखिम भी जुड़े होते हैं, जैसे बाजार के उतार-चढ़ाव। इस लेख में, हम ईएलएसएस के लाभ और जोखिमों पर चर्चा करेंगे, ताकि आप एक सूचित निर्णय ले सकें।



### क्या है ईएलएसएस?

- **निवेश का उद्देश्य :** ईएलएसएस का मुख्य उद्देश्य दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि करना है। यह मुख्य रूप से शेयर बाजार में निवेश करता है, इसलिए इसमें अधिक रिटर्न की संभावना होती है।
- **टैक्स लाभ :** ईएलएसएस में निवेश करने पर आपको 80सी के तहत 1.5 लाख तक की राशि पर टैक्स छूट मिलती है।
- **लॉक-इन अवधि :** ईएलएसएस में निवेश करने पर आपको 3 साल की लॉक-इन अवधि का सामना करना पड़ता है, जिसका अर्थ है कि आप अपने निवेश को कम से कम 3 साल तक नहीं निकाल सकते।

### कैसे करें निवेश?

- **फंड का चयन :** विभिन्न ईएलएसएस फंड्स की तुलना करें और अपने निवेश लक्ष्यों के अनुसार उपयुक्त फंड का चयन करें।
- **केवाईसी प्रक्रिया :** निवेश के लिए केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें। इसमें पहचान और पते के प्रमाण की आवश्यकता होती है।
- **निवेश का तरीका :** आप एकमुश्त या सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

### निवेशकों का लाभ

- **दीर्घकालिक वृद्धि :** ईएलएसएस फंड में निवेश करने से आपको दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि की संभावना मिलती है।
- **विविधता :** शेयर बाजार में विविधता से निवेश करने के कारण यह जोखिम को कम करता है।

### जोखिम

- **उच्च उतार-चढ़ाव :** चूंकि यह शेयर बाजार में निवेश करता है, इसलिए यह बाजार के उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील होता है।
- **विपणन जोखिम :** फंड के प्रबंधन और निवेश की रणनीतियों के कारण आपके रिटर्न प्रभावित हो सकते हैं।

# महत्वपूर्ण खनिज के लिए आयात निर्भरता कम करने की जरूरत

- लिथियम, कोबाल्ट एवं निकल जैसे खनिजों का भारत करता है आयात
- आईईईएफए की तरफ से जारी किए गए रिपोर्ट में किया गया जिक्र

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत अपने ऊर्जा बदलाव की रफ्तार को तेज करने के लिए महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर निर्भर है। लिथियम, कोबाल्ट एवं निकल के लिए देश पूरी तरह आयात पर निर्भर है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की महत्वपूर्ण खनिजों की मांग 2030 तक दोगुनी से अधिक होने की उम्मीद है जबकि घरेलू खनन कार्यों को उत्पादन शुरू करने में एक दशक से अधिक समय लग सकता है। रिपोर्ट कहती है कि भारत को इन जरूरी खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को संतुलित करने और संभावित व्यापार जोखिमों को कम करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गई आयात रणनीति अपनाने की जरूरत है।

# सऊदी अरब में ऊर्जा, डिजिटल ढांचा और विनिर्माण में सहयोग पर चर्चा करेंगे गोयल



- केंद्रीय मंत्री दो दिवसीय यात्रा पर रियाद में होने वाले फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल बुनियादी ढांचे और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। वह मंगलवार (आज) को रियाद जाएंगे।

मंत्रालय ने कहा कि गोयल रियाद में फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) में हिस्सा लेंगे जो महत्वपूर्ण मंच है जो वैश्विक नेताओं, निवेशकों तथा नवप्रवर्तकों को एक साथ लाता है। उनकी भागीदारी भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि, सतत विकास पर उसके ध्यान, कृत्रिम मेधा (एआई) और नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल बुनियादी ढांचे व उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में अपार अवसरों पर प्रकाश डालेगी। एफआईआई की बैठक से इतर प्रमुख वैश्विक निवेशकों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। वह ऊर्जा बदलाव, डिजिटल परिवर्तन और व्यापार सुविधा में सहयोगात्मक प्रयासों पर चर्चा करने के लिए वाणिज्य मंत्री, उद्योग एवं खनिज संसाधन मंत्री, निवेश मंत्री और ऊर्जा मंत्री सहित प्रमुख सऊदी मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

# बैंकिंग प्रतिनिधियों का कमीशन 0.30 प्रतिशत बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** बैंकिंग प्रतिनिधि संसाधन परिषद (बीसीआरसी) ने वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए एजेंट की तरफ से दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं के एवज में उनका कमीशन बढ़ाने की मांग की है। बैंकिंग प्रतिनिधि उद्योग और बीसीआरसी एजेंट को दिए जाने वाले कमीशन में कम-से-कम 0.30 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पिछले कई वर्षों से कमीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जबकि वित्तीय समावे में तेजी आने से एजेंट का खर्च बढ़ा है। आमतौर पर एजेंट को बैंक और कुछ अन्य संस्थान कमीशन का भुगतान करते हैं। बीसीआरसी के मुताबिक, बचत बैंक खाते खोलने पर बैंकिंग प्रतिनिधि को पांच से 20 रुपये, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में लाभार्थी को नामांकित करने के लिए दो रुपये, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लिए 15-30 रुपये और अटल पेंशन योजना के लिए 80-100 रुपये का कमीशन मिलता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### आईपीएस बताकर कारोबारी से 1 करोड़ ठगने वाला गिरफ्तार

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में खुद को आईपीएस बताकर ए करोबारी से एक करोड़ ऐंठने के आरोप में 37 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी गौरव आर मिश्रा कथित तौर पर पुलिस की वर्दी पहनता था, लालबत्ती वाली गाड़ी में घूमता था और उसने भारतीय रेलवे बोर्ड में महानिरीक्षक का फर्जी पहचान पत्र भी बनवाया था। 2008 में आरोपी का शिकायतकर्ता से परिचय हुआ। उसने कारोबारी को रेलवे का ठेका दिलाने का झांसा दिया और एक करोड़ ऐंठ लिए।

### मणिपुर : वसूली के आरोप में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** इंफाल वैली में स्थित कई उग्रवादी संगठनों के तीन सदस्यों को जनता से वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि कांगलेई यावोल कन्ना लुप (केवाईकेएल), कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोयोन) और कांगलेइ पाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वॉर ग्रुप) के एक-एक उग्रवादी को इंफाल वेस्ट और बिष्णुपुर जिलों से गिरफ्तार किया गया। नोयोन के उग्रवादियों की पहचान थोंगम नाओबा मेइती (21) और हुइद्रोम प्रभास सिंह उर्फ नोनिल (23) के रूप में हुई है। एक अन्य उग्रवादी की पहचान केसीपी (पीपुल्स वॉर ग्रुप) के ओइनम अमर सिंह उर्फ जॉय (47) के रूप में की गयी है।

### महिला से 94 लाख ठगने में 3 लोगों और कंपनी पर केस

**ठाणे।** पुलिस ने नवी मुंबई में 40 वर्षीय महिला से 94 लाख ठगने के आरोप में तीन लोगों तथा एक वित्तीय कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी ने महिला व्यवसायी को इस बात का यकीन दिलाया कि उसकी निजी कंपनी को अमरावती की कंपनी से निविदा मिलनी है और इसके लिए ऋण लेना जरूरी है। वाशी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता की कंपनी की मशीनरी गिरवी रखी व 94, 86,728 रुपये का ऋण लेकर हड़प लिया।

### महाराष्ट्र में साढ़े पांच करोड़ रुपये का सोना-चांदी जब्त

**कोल्हापुर, सतारा।** महाराष्ट्र में सतारा पुलिस ने सोमवार सुबह पुणे-बैंगलोर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तासवडे टोल नाका पर एक कार में सतारा से कराड ले जाया जा रहा 5.50 करोड़ रुपये का सोना और चांदी जब्त किया। सतारा जिले की तालबीड पुलिस ने बताया कि राज्य में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस तासवड़े टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच कर रही थी। पुलिस ने शक के आधार पर एक कार को रोका और कार की जांच की तो पुलिस को 4.90 करोड़ रुपये का सोना और 57 लाख रुपये की चांदी मिली, जिसे कार के साथ जब्त कर लिया गया।

# भाजपा के 25 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : कांग्रेस से आए दो नेताओं और फडणवीस के सहयोगी को मिला टिकट

- भाजपा अब तक 146 उम्मीदवारों की कर चुकी है घोषणा

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

भाजपा ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी, जिसमें कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए दो नेताओं और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निजी सहायक को टिकट दिए गए हैं। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए भाजपा अब तक 146 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

सूची के मुताबिक जितेश अंतापुरकर को डेगलुर से टिकट मिला है। उन्होंने 2021 में कांग्रेस से उपचुनाव जीता था और उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का करीबी माना जाता है। चव्हाण कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए है। भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा था। कांग्रेस नेता एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल की पुत्रवधू अर्चना पाटिल चाकुरकर को लातूर शहर सीट से उतारा गया है। वह कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुई है। कई वर्षों तक फडणवीस के निजी सहायक रहे सुमित वानखेड़े आर्वी से उम्मीदवार होंगे। बोरीवली से भाजपा विधायक सुनील राणे की जगह संजय उपाध्याय मैदान में है जबकि विधान पार्षद प्रवीण दटके नागपुर मध्य से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रंजीत देशमुख के बेटे आशीष को नागपुर के सावनेर से टिकट मिला है। मौजूदा विधायक भारती लावेकर को वर्सोवा से फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। तीसरी सूची में लावेकर और अर्चना पाटिल-चाकुरकर सहित चार महिलाएं हैं। अन्य दो सदस्य स्नेहा दुबे जिन्हें पालघर की वसई से और साई प्रकाश दहाके को वाशिम के कारंजा से उम्मीदवार बनाया गया है।

### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोपरी-पचपखाड़ी विस सीट से किया नामांकन

**ठाणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को आनंद दिघे को श्रद्धांजलि देने और रोडशो निकालने के बाद ठाणे के कोपरी-पचपाखड़ी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन किया। शिंदे का मुकाबला शिवसेना (यूबीटी) के प्रत्याशी केदार दिघे से है, जो आनंद दिघे के भतीजे हैं। शिंदे के साथ शिवसेना, राकांपा नेता और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले भी मौजूद थे। शिंदे ने आईटीआई केंद्र में अपराह्न डेढ़ बजे के बाद नामांकन किया। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो रही है।



कोपरी-पचपखाड़ी सीट से अपना नामांकन करते मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे।

### महायुति ठाणे की सभी तीन सीट जीतेगी: फडणवीस

**ठाणे।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महायुति ठाणे की सभी तीन विधानसभा सीट पर जीत हासिल करेगा। इन सीट में कोपरी-पचपखाडी, ओवला-मजीवाडा और ठाणे शहर की सीट है। ठाणे शहर सीट से भाजपा के मौजूदा विधायक संजय केलकर के नामांकन के बाद फडणवीस ने कहा कि ठाणे हमेशा भाजपा का गढ़ रहेगा। महायुति सभी सीट जीतेगा- दो सीट पर शिवसेना और एक सीट पर भाजपा को विजय मिलेगी।

# अगले साल की शुरुआत में जनगणना की संभावना

- जाति के संबंध में अभी तक नहीं लिया गया है कोई फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

काफी विलंब के बाद दशकीय जनगणना कवायद और राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) को अद्यतन करने का काम 2025 की शुरुआत में प्रारंभ होने की संभावना है और इसके आंकड़े 2026 तक घोषित किए जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस कवायद के बाद भविष्य का जनगणना चक्र बदल जाएगा। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है कि सामान्य जनगणना के साथ-साथ जाति आधारित जनगणना भी की जाएगी या नहीं। देश में 1951 से हर 10 साल में जनगणना की जाती रही है, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण 2021 में जनगणना का काम नहीं हो सका। अभी तक इसके अगले कार्यक्रम के बारे में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

### जनगणना पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि जनगणना से जुड़े विषयों पर स्पष्टता के लिए जल्द सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि जनगणना के साथ ही जाति जनगणना कराना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। रमेश ने एक्स पर कहा कि महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यकाल के विस्तार देने को अभी अधिसूचित किया गया है। 2021 में होने वाली जनगणना, जो लंबे समय से विलंबित है, अब आख़िरकार जल्द ही करवाई जाएगी।

# भाजपा ने संविधान को किया कमजोर

वायनाड (केरल), एजेंसी

प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए प्रचार करते हुए भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में संविधान को कमजोर किया जा रहा है। एआईसीसी महासचिव ने मीनांगडी में आयोजित नुक्कड़ सभा में मणिपुर हिंसा का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि देश में अल्पसंख्यकों पर योजनाबद्ध हमले हो रहे हैं। आपने इस सरकार को गुस्से और घृणा का प्रसार करते कई बार देखा है। प्रियंका ने दावा किया कि एक के बाद एक नीतियां आम लोगों के बजाय प्रधानमंत्री मोदी के मित्रों के पक्ष में बनाई जा रही हैं। प्रियंका ने अपने भाई राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ 22 अक्टूबर को रोडशो के बाद नामांकन किया था। राहुल गांधी के इस्तीफा देने से वायनाड सीट पर उपचुनाव हो रहा है। राहुल ने वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से जीत हासिल की थी।



वायनाड में चुनाव प्रचार करतीं प्रियंका गांधी।

# वक्फ भूमि को लेकर किसानों को जारी नोटिस लेंगे वापस : मंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में किसानों की भूमि को वक्फ की संपत्ति के तौर पर चिह्नित करने के आरोप सामने आने के बाद राज्य के कानून और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने सोमवार को कहा कि उन्हें जारी नोटिस वापस लिए जाएंगे और उपायुक्त इस गलती की जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की भूमि को वक्फ की संपत्ति में परिवर्तित करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है और अगर कोई गलती हुई है तो उसे दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पाटिल ने कहा कि जो गलती हुई है, उसे ध्यान में रखते हुए जारी किए गए नोटिस वापस लिए जाएंगे। इसकी जांच की जानी चाहिए कि गलती क्यों हुई और उसके बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई के बारे में निर्णय लिया जाएगा। जिले के उपायुक्त जांच करेंगे और नोटिस लेने के लिए कार्रवाई शुरू करने में कुछ दिन लगेंगे।

# एमवीए में 95% सीटों पर सहमति : शरद

मुंबई, एजेंसी



राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने नामांकन से एक दिन पहले सोमवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) में राज्य की 288 सीटों में से 95% पर सहमति बन गई है। पवार ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उनकी लड़ाई प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों में फूट डलवाने वाले और अपनी विचारधारा से समझौता करने वाले लोगों के खिलाफ है।

उन्होंने दावा किया कि सत्ता में बैठे लोगों ने जनता की समस्याएं हल नहीं की। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर है। एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं।

### सोलापुर दक्षिण सीट को लेकर राउत ने कांग्रेस को चेताया



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने सोमवार को कांग्रेस को सोलापुर दक्षिण सीट पर उम्मीदवार उतारने पर चेतावनी दी। शिवसेना यूबीटी ने पहले ही इस सीट पर उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। राउत ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से इस तरह की हरकतों के कारण उनकी पार्टी भी इस तरह की चीजें कर सकती है, जिसकी वजह से एमवीए के लिए समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नई सूची में सोलापुर दक्षिण से दिलीप माने को उम्मीदवार बनाया है। ऐसा तब हुआ जब हमने पहले ही उसी सीट से अमर पाटिल को मैदान में उतार दिया है।

# बांद्रा भगदड़ : सीसीटीवी में दिखा कैसे ट्रेन में चढ़ने को मची थी होड़

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा टर्मिनस पर मची भगदड़ के सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहे हैं, जिनमें अनारक्षित एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों की भीड़ धक्का-मुक्की करती दिख रही है। शनिवार देर रात को हुई भगदड़ में 10 लोग घायल हो गए थे। यह फुटेज कथित तौर पर बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफार्म नंबर एक के उत्तरी छोर पर लगे कैमरे से ली गई है। फुटेज की तस्वीरें शनिवार को देर रात दो बजकर 44 मिनट पर हुई भगदड़ के दौरान उस अफरातफरी को दिखाती हैं जो रेलवे यार्ड से 22 कोच वाली अनारक्षित बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस के आने पर मची थी। फुटेज में नजर आ रहा है कि जब यात्री अनारक्षित ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे, तो कुछ यात्री फिसल गए जिससे भगदड़ मच गई।

# पंजाब के मानसा में पेट्रोल पंप के पास विस्फोट

**चंडीगढ़।** पंजाब के मानसा जिले में पेट्रोल पंप के पास विस्फोट हुआ। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना रविवार रात मानसा रोड के पास स्थित पेट्रोल पंप पर हुई। पेट्रोल पंप मालिक को संदेश मिला, जिसमें पैसे की मांग की गई। विस्फोट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि यह विस्फोट कैसे हुआ। विस्फोट के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा पुलिस की एक टीम ने सोमवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# अदालत ने इंजीनियर रशीद की जमानत पर आदेश किया स्थगित

- कोर्ट ने कहा- अब रशीद सांसद हैं इसलिए मामला जनप्रतिनिधियों के विशेष अदालत में जा सकता है

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की अदालत ने जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के बारामूला से सांसद इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर आदेश स्थगित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चूंकि अब वह सांसद हैं, इसलिए उनका मामला जनप्रतिनिधियों से संबंधित विशेष अदालत में जा सकता है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने कहा कि चूंकि रशीद अब सांसद हैं ऐसे में उनके मामले में सुनवाई करना इस अदालत के अधिकार क्षेत्र में है या नहीं और क्या मामले को जनप्रतिनिधियों से संबंधित विशेष अदालत में स्थानांतरित किया जाए या नहीं। जज ने रशीद की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा था। जज 13 नवंबर को सुनवाई के क्षेत्राधिकार के मुद्दे पर समीक्षा करेंगे।

# सोनीपत में युवक की पीट-पीट कर हत्या

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत जिले के खानपुर कलां गांव में युवक की अज्ञात लोगों ने पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना रविवार रात शामड़ी रोड स्थित राजकीय विद्यालय के पास हुई। पीड़ित मोनू उर्फ मूसा (28) है। बाइक और कार से आए लोगों ने हमला किया, जिससे वह जमीन पर गिर गया तो वे भाग गए। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचित किया, मोनू को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# कर्नाटक : एमयूडीए धनशोधन में ईडी ने की फिर छापेमारी

- एजेंसी ने सिद्धारमैया के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

**बेंगलुरु।** ईडी ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में सोमवार को फिर छापे मारे। ईडी ने इसी मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बेंगलुरू और मैसुरु में सात-आठ परिसरों पर छापे मारे गए हैं। इसमें बेंगलुरू स्थित बिल्डर और उससे जुड़े कुछ लोगों के परिसर हैं। एजेंसी ने इस मामले में 18 अक्टूबर को छापेमारी की थी और मैसूरु स्थित एमयूडीए कार्यालय तथा बेंगलुरु में कुछ स्थानों पर छापे मारे थे। उसने पिछले सप्ताह बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय में एमयूडीए के कुछ कनिष्ठ अधिकारियों से भी पूछताछ की थी।

# पीसीबी के साथ मतभेद के कारण पाकिस्तान के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने दिया इस्तीफा

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ मतभेद पैदा होने के कारण अपनी नियुक्ति के छह महीने के अंदर ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 56 वर्षीय कर्स्टन को पीसीबी ने इस साल अप्रैल के आखिर में मुख्य कोच नियुक्त किया था।

पीसीबी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आज घोषणा की कि जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के कोच होंगे। गैरी



- अचानक लिए गए इस फैसले का कर्स्टन ने नहीं बताया कारण, छह महीने में ही छोड़ दिया पद


कर्स्टन ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि टेस्ट टीम के कोच गिलेस्पी ने पीसीबी से स्पष्ट कर दिया है कि वह चार नवंबर से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर ही सीमित ओवरों की टीम के कोच पद की जिम्मेदारी संभालेंगे तथा उनकी इन प्रारूप में स्थायी कोच बनने में दिलचस्पी नहीं है। सूत्र ने कहा गिलेस्पी ने बोर्ड को सूचित कर दिया है कि जिम्बाब्वे के खिलाफ और उसके बाद होने वाले सीमित ओवरों के मैचों के लिए उन्हें कोई दूसरा कोच नियुक्त करना होगा। पीसीबी ने कर्स्टन के अचानक लिए गए इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया लेकिन सूत्रों ने पुष्टि की कि ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम का चयन करने और नया कप्तान नियुक्त करने के लिए उनकी राय नहीं लिए जाने से नाखुश थे।

# भारत के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के लिए योजना में इंग्लिस : बेली

सिडनी, एजेंसी

मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को संकेत दिया कि फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलिया के सफेद गेंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस अगले महीने होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज टेस्ट पदार्पण करने की योजना में शामिल हैं।

भारत 21 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट की शृंखला में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा जिसे पिछले चार मौकों पर हार का सामना नहीं करना पड़ा है। बेली ने कहा इसमें कोई शक नहीं है कि इस समय वह वाकई शानदार फॉर्म में है। मुझे लगता है कि वह बल्लेबाज के तौर पर जिस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं, उसे देखते हुए वह साल में विभिन्न शृंखलाओं में शामिल हो



- मुख्य चयनकर्ता ने दिए संकेत टेस्ट खेल सकते हैं जोश इंग्लिस 21 से पर्थ में शुरू होगी पांच मैचों की शृंखला

सकते हैं। अगर गर्मियों में पूरे वर्ष सही मौका मिलता है और वह जिस स्थान पर प्रदर्शन करने के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त हैं, मुझे लगता है कि उसे शामिल किया जा सकता है। इंग्लिश वनडे और टी-20 में ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर हैं, उन्होंने पिछले सात शेफील्ड शील्ड मैच में चार शतक जड़े हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट विकेटकीपर एलेक्स कैरी शानदार फॉर्म में हैं और इंग्लिस एक विशेषज्ञ मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर उभरे हैं।

## पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने घोषित की टीम, बार्टलेट, नाथन और स्पेंसर की वापसी

सिडनी, एजेंसी

- मैक्सवेल, स्टोइनिस, जम्पा और जोश को भी 14 नवंबर शुरू हो रहे मुकाबलों के लिए चुना

ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने पाकिस्तान के साथ घरेलू मैदान पर होने वाली तीन मैचों की टी-20 शृंखला के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। तेज गेंदबाज तिगड़ी जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस और स्पेंसर जॉनसन की चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी हुई है। साथ ही सफेद के नियमित खिलाड़ी मैक्सवेल, स्टोइनिस, जम्पा और जोश इंग्लिस को भी 14 नवंबर को ब्रिस्बेन में शुरू होने वाली शृंखला के लिए चुना गया है।

22 नवंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली महत्वपूर्ण पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी के मद्देनजर ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट सितारों को पाकिस्तान के साथ होने वाली टी-20 शृंखला में जगह नहीं दी गई है। इसलिये ऑस्ट्रेलियाई टीम को पाकिस्तान सीरीज के लिए एक नया कप्तान खोजने की जरूरत होगी। चयनकर्ताओं को पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार टीम की अगुआई करने के लिए एक नए खिलाड़ी को नियुक्त करने का मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के चयन अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा खिलाड़ियों के इस समूह ने टी-20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि वे इस शृंखला के दौरान अपने अंतर्राष्ट्रीय अनुभव को और बेहतर बनाएंगे।

## खेल डायरी

### भारतीय रैकेटलॉन स्पर्धा में चौफला ने जीता रजत

**मुंबई।** भारत के विक्रमादित्य चौफला को यहां अखिल भारतीय रैकेटलॉन ओपन में संयुक्त अरब अमीरात के मोहम्मद कुबा से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के सर्वोच्च रैंक वाले रैकेटलॉन खिलाड़ी चौफला को कई विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने का अनुभव है। इस प्रतियोगिता में भारत के आदित पटेल तीसरे स्थान पर रहे। रैकेटलॉन टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वैश जैसे चार रैकेट खेलों का संयोजन है। महिला वर्ग में नाहिद दिवेचा चैंपियन बनीं जबकि शिखा बरासिया और तारा भंडारे क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।



### थाईलैंड में सातवें स्थान पर रहे भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस

**बैंकॉक।** भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस यहां अंतर्राष्ट्रीय सीरीज थाईलैंड के अंतिम दौर में दो अंडर 68 का कार्ड खेलकर संयुक्त सातवें स्थान पर रहे जिससे एशियाई टूर पर वह दूसरी दफा शीर्ष 10 में शामिल रहे। संयुक्त अरब अमीरात में बसा यह गोल्फर हालांकि दूसरे और तीसरे दौर में क्रमश: 63-64 का जादू दोहराने में असफल रहा। रेहान का कुल स्कोर 16 अंडर हुआ। रेहान ने 14वें से 17वें होल के बीच में तीन से कुल चार बर्डी लगाई। अन्य भारतीयों में गगनजीत भुल्लर (67) संयुक्त 19वें स्थान पर और करणदीप कोचर (67) संयुक्त 24वें स्थान पर रहे।

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 66वें स्थान पर

**इंचियोन (कोरिया)।** भारत के शुभंकर शर्मा का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह अंतिम दो दौर में 76 के समान स्कोर के साथ डीपी वर्ल्ड टूर की जेनेसिस गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 66वें स्थान पर रहे। शुभंकर ने पहले दो दौर में 71 और 68 का स्कोर बनाया था। कोरिया के बियोंग हुन आन ने हमवतन टॉम किम को प्ले ऑफ में हराकर अपना दूसरा डीपी विश्व टूर खिताब जीता।

### जैक ड्रेपर ने जीता एटीपी वियना ओपन का खिताब

**वियना।** ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने रूस के कारेन खाचानोव को 6-4, 7-5 से हराकर वियना ओपन का खिताब जीता। रविवार को हुए मुकाबले में ड्रेपर ने पहला सेट जीता और दूसरे सेट में 4-0 की बढ़त बनाई। ड्रेपर ने लय के साथ खेलते हुए अपना पहला एटीपी 500 खिताब और दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। मैच के बाद ड्रेपर ने कहा मुकाबला बहुत कड़ा था, लेकिन मैं दृढ़ था और मानसिक रूप से मजबूत था। सौभाग्य से मैं जीत पाया। अपना पहला एटीपी 500 जीतना, अविश्वसनीय लगता है। मैं खुश हूं और स्वयं पर और अपनी टीम पर गर्व। वहीं खाचानोव ने कहा कि मुझे सकारात्मक रहना है और मेहनत करनी है।

### दो मुकाबलों से 10 जनवरी को शुरू होगा आईडब्ल्यूएल-2

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन ओडिशा एफसी 10 जनवरी 2025 को इंडियन वुमेन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन ईस्ट बंगाल से भिड़ेगी जबकि इसी दिन गोकुलम केरल एफसी का सामना पदार्पण कर रहे श्रीभूमि एफसी से होगा। इस लीग का आयोजन अपने और विरोधी की मेजबानी में होने वाले मुकाबलों के प्रारूप के आधार पर होगा। एआईएफएफ द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार लीग 13 अप्रैल तक चलेगी। पिछले सत्र की दूसरे टीयर की लीग की चैंपियन कोलकाता की श्रीभूमि एफसी और उप विजेता ओडिशा की एनआईटीए फुटबॉल अकादमी को आईडब्ल्यूएफ में प्रमोट किया गया है जिससे लीग के दूसरे सत्र में आठ टीम हिस्सा लेंगी। लीग में हिस्सा लेने वाली टीमों में ईस्ट बंगाल एफसी, श्रीभूमि एफसी, ओडिशा एफसी, एनआईटीए एफए, सेतु एफसी, गोकुलम केरल एफसी, होप्स एफसी और किकस्टार्ट एफसी शामिल हैं।

# शृंखला कब्जाने के लिए भारतीय महिला टीम को करना होगा बल्लेबाजी में सुधार

## न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला 1-1 की बराबरी पर, दूसरा मैच 76 रनों से हारी थी टीम इंडिया

अहमदाबाद, एजेंसी

भारतीय महिला टीम तीन मैचों की शृंखला के आखिरी एकदिवसीय में मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ जब मैदान में उतरेगी तो शृंखला जीतने के लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारतीय बल्लेबाजी रविवार को दूसरे वनडे में लक्ष्य का पीछा करते समय बुरी तरह से फ्लॉप हो गई थी। जीत के लिए 260 रन का पीछा करते हुए भारत ने 108 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे। राधा यादव (48) और साइमा ठाकोर (29) ने नौवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर टीम को शर्मनाक हार से बचाया। भारतीय टीम 183 रन पर आउट हो गई।

इससे पहले शृंखला के शुरुआती मैच में भी भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर टीम को 59 रन से जीत दिलाई। शृंखला के शुरुआती दो मैचों में किसी भी भारतीय बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं जड़ा है। भारत को शृंखला के निर्णायक मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर की तिकड़ी को दमखम दिखाना होगा। मध्यक्रम में जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और तेजल हसबनीस अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे है। भारत को सबसे ज्यादा परेशानी मंधाना की खराब लय से हो रही है। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाजों में से एक मंधाना पिछले कुछ मैचों से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। वह शृंखला के शुरुआती दो मैचों में अब तक दहाई के आंकड़े में भी नहीं पहुंची है।

वहीं दूसरी तरफ भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। टीम ने शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की पारी को 168 रन पर समेट दिया था। दूसरे मैच में न्यूजीलैंड की टीम 14 ओवर में बिना किसी नुकसान के 259 रन बनाने के बाद बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी लेकिन गेंदबाजों नेराधा (चार विकेट) की अगुवाई में अच्छी वापसी करते हुए उनकी पारी का 259 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड के लिए पिछले मैच में सूजी बेट्स (58) और कप्तान डिवाइन (79) ने शानदार बल्लेबाजी से टीम को मनोबल बढ़ाने वाली जीत दिलाई।



**मैच : दोपहर 1:30 बजे**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी हेमलता, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), सयाली सतगारे, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, तेजल हसबनीस, साइमा ठाकोर, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल।

**न्यूजीलैंड :** सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, एडेन कार्सन, लॉरेन डाउन, इज़ी गेज़ (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, पॉली इंगलिस, फ्रान जोनास, जेस केर, एमेली केर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहु।

# बिहार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए महिला टीम की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 के लिए 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। इस टूर्नामेंट के मैच 11 से 20 नवंबर तक बिहार के नव-विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले जायेंगे। भारतीय टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा।

कप्तान सलीमा टेटे और उप कप्तान नवनीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला हॉकी टीम की अपने खिताब की रक्षा करने उतरेगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी अनुभवी सविता और उभरती प्रतिभा बिचू देवी खारीबाम के बीच होगी। डिफेंस की कमान मजबूत लाइन-अप के हाथों में होगी, जिसमें उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम और वैष्णवी विट्ठल फाल्के शामिल हैं। मिडफील्ड में कप्तान सलीमा टेटे को नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनीता टोप्पो और लालरेमसियामी का साथ मिलेगा, जो अपने शानदार खेल के



- भारतीय हॉकी टीम 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ शुरू करेगी अपना अभियान

लिए जानी जाती हैं। फॉरवर्ड लाइन-अप में नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग की मौजूदगी से टीम में जोश भरा हुआ है।

खास बात यह है कि सुशीला और ब्यूटी डुंगडुंग ने सफलतापूर्वक अपना रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद टीम में वापसी की है। टीम के चयन और टूर्नामेंट की तैयारी पर सलीमा टेटे ने कहा एक और बड़े टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक अविश्वसनीय एहसास है, खासकर मौजूदा चैंपियन के रूप में। हमारा लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जैसा हमने पिछले वर्ष दिखाया था। भारत 11 नवंबर को शाम 7:30 बजे मलेशिया के खिलाफ बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर अभियान की शुरुआत करेगा।

## रणजी ट्रॉफी : रिंकू और राणा चमके, यूपी ने कसा शिकंजा

**मुल्लांपुर।** उत्तर प्रदेश ने रिंकू सिंह और नीतिश राणा के अर्धशतकों से सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन पंजाब के खिलाफ शिकंजा कस दिया।

सलामी बल्लेबाज माधव कौशिक की करियर की सर्वश्रेष्ठ 163 रन की पारी के बाद उत्तर प्रदेश ने चार और अर्धशतक जड़कर पहली पारी नौ विकेट पर 556 रन के विशाल स्कोर पर घोषित की और पंजाब पर 346 रन की बढ़त बना ली। स्टंप तक पंजाब की टीम दूसरी पारी में एक विकेट पर 49 रन पर जूझ रही थी और 297 रन से पिछड़ रही है। राणा और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए 120 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी बनाई। राणा ने 106 गेंद में 66 रन की आक्रामक पारी खेली जबकि रिंकू ने 131 गेंद में 68 रन बनाए। सौरभ ने 67 गेंद में 69 रन की पारी खेली जबकि शिवम शर्मा ने 58 गेंद में नाबाद 50 रन की पारी खेलकर पंजाब के आक्रमण को हताश किया।

# लिवरपूल ने आर्सेनल को बराबरी पर रोका

लंदन, एजेंसी

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह के शानदार खेल की मदद से लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में दो बार पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करके आर्सेनल को 2-2 से बराबरी पर रोका।

मैच के अंतिम क्षणों में जब लिवरपूल जब पीछे चल रहा था तब सलाह ने 81वें मिनट में दूसरा बराबरी का गोल किया। लिवरपूल ने इस तरह से अपना शानदार अभियान जारी रखा। लिवरपूल के प्रीमियर लीग में अब नौ मैच में 22 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से केवल एक अंक पीछे है। मैनचेस्टर युनाइटेड के साथ कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है और उसे वेस्ट हैम से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। अन्य मैचों में चेल्सी ने न्यूकैसल को 2-1 से जबकि क्रिस्टल पैलेस ने टोटेनहम को 1-0 से हराया।



मोहम्मद सलाह

- मैनचेस्टर यूनाइटेड को वेस्ट हैम ने 2-1 से हराया चेल्सी ने भी जीता अपना मुकाबला

### आत्मघाती गोल कर हारा एटलेटिको मैड्रिड

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड को स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में आत्मघाती गोल के कारण रियल बेटिस से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। मैच समाप्त होने में जब पांच मिनट से भी कम समय बचा था तब डिफेंडर जोस मारिया जिमेनेज के आत्मघाती गोल ने एटलेटिको की लगातार दूसरी हार तय कर दी। एटलेटिको मैड्रिड पिछले छह मैचों में केवल एक मैच जीत पाया है। ला लिगा में एटलेटिको शीर्ष पर चल रहे बार्सिलोना से 10 अंक पीछे है। ओसासुना ने रियल सोसिदाद पर 2-0 से और लेगानेस ने सेल्टा विगो पर 3-0 से जीत दर्ज की।

## हाइलो ओपन: मालविका करेंगी टीम की अगुवाई

**सारब्रुकेन (जर्मनी)।** भारतीय खिलाड़ी मालविका बंसोड़ और सतीश कुमार करुणाकरण मंगलवार से जर्मनी के सारब्रुकेन में होने वाली हाइलो ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे।

शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत की अनुपस्थिति में सारलैंडहाले इंडोर एरिना के बैडमिंटन कोर्ट में भारतीय युवा खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। पिछले वर्ष की क्वार्टरफाइनलिस्ट और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज मालविका बंसोड़ को आगामी संस्करण के लिए महिला एकल वर्ग में छठी वरीयता प्राप्त है। वहीं विश्व के 44वें नंबर के खिलाड़ी सतीश कुमार करुणाकरण को पुरुष एकल में है और वह मालविका के बाद दूसरे वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी है।

## बॉलीवुड हलचल

### वांटेड से मिली सिंघम बनाने की प्रेरणा : रोहित



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार रोहित शेट्टी का कहना है कि सलमान खान की सुपरहिट फिल्म वांटेड से उन्हें सिंघम बनाने प्रेरणा मिली। रोहित शेट्टी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। फिल्म सिंघम अगेन में सलमान खान के कैमियो को लेकर भी काफी चर्चा है। रोहित शेट्टी ने बताया है कि सलमान खान की फिल्म वांटेड देखने के बाद उन्हें सिंघम बनाने की प्रेरणा मिली थी। एक थ्रोबैक वीडियो में रोहित शेट्टी कहते नजर आ रहे हैं कि, मैं तुम्हे बता दूं की मैने सिंघम, वांटेड की वजह से बनाई। यह वह दौर था जब मल्टीप्लेक्स चलन में आया था। यह 2009 की बात है, मैं ऑल द बेस्ट बना रहा था। पीवीआर अभी-अभी खुला था, नया-नया। और उस समय कोई भी बड़े पैमाने पर एक्शन फिल्म नहीं बना रहा था और वांटेड एक अंडरडॉग थी जो आई।मेरा मानना था कि मास एंटरटेनर बनाने का समय वापस आ गया है, क्योंकि अभी मल्टीप्लेक्स में भी सीटिया और ताली बजने लगी है और फिर, हमने 2011 में सिंघम बनाई।

### दिल-लुमिनाटी इंडिया टूर के दूसरे दिन दिलजीत दोसांझ ने मचाई धूम

नई दिल्ली। दिलजीत दोसांझ के नई दिल्ली में आयोजित दिल-लुमिनाटी इंडिया टूर के दूसरे शो में प्रशंसकों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी और उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए बड़े सपने देखने का संदेश दिया। गायक दोसांझ ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दो घंटे के कार्यक्रम में लगभग 40,000 दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने पंच तारा, डू यू नो, गोट, प्रॉपर पटोला, हस हस, लेमनेड, किन्नी किन्नी, नैना, इक कुड़ी, क्लैश, लवर, खुट्टी और पटियाला पैग जैसे गीत प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय राजधानी में उनका लगातार दूसरा बहुप्रतीक्षित संगीत कार्यक्रम शाम 7:44 बजे शुरू हुआ, जिसमें वह सफेद धोती-कुर्ता, पगड़ी और एविएटर चश्मा पहने मंच पर दिखाई दिए। उन्होंने शो की शुरुआत लोकप्रिय गीत बॉर्न टू शाइन से की। दिलजीत ने दिन के अपने पहले कार्यक्रम के बाद खचाखच भरे स्टेडियम में कहा मैं चाहता हूं कि आप सभी बड़े सपने देखें। कृपया जितना संभव हो उतना बड़ा सपना देखें। हम अपने सपनों को पूरा करने के लिए पैदा हुए हैं। बड़े सपने देखो दोस्तो। अगर मैं कर सकता हूं, तो आप भी कर सकते हैं। मैंने बहुत ज्यादा पढ़ाई नहीं की है, लेकिन अगर मैं लोगों को पंजाबी में बात करने के लिए मजबूर कर सकता हूं, तो आप कुछ भी कर सकते हैं। दिल-लुमिनाटी इंडिया टूर का आयोजन सारेगामा लाइव और रिपल इफेक्ट स्टूडियो ने किया और जोमैटो लाइव इसके टिकट पार्टनर हैं। दोसांझ (40) ने प्रशंसकों को सद्भाव का संदेश भी दिया। चाहे कोई श्वेत हो, अश्वेत हो, हिंदू हो, मुस्लिम हो, सिख हो, ईसाई हो, हम सब एक समान हैं। मैं जहां भी जाता हूं, मैं यही संदेश देता हूं। स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर 70 वर्ष से अधिक उम्र तक के प्रशंसक मंच पर दिलजीत का जादू देखने के लिए द्वारका और गुरुग्राम तक से आए थे। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की तैयारी कर रही एक प्रशंसक ने कहा मैं बचपन से दिलजीत की प्रशंसक रही हूं। वह बहुत बढ़िया गाते हैं। वह देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। बच्चों समेत कुछ ऐसे भी लोग थे, जिन्होंने अपने पसंदीदा स्टार की तरह धोती-कुर्ता, पगड़ी और एविएटर चश्मा पहन रखा था। अमरीक सिंह संधू (69) अपनी बेटी और दो पोते-पोतियों के साथ धैर्यपूर्वक मंच पर दोसांझ के आने की प्रतीक्षा करते हुए दिखे। संधू ने कहा मैं दिलजीत और उनकी कला का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। मुझे प्रतीक्षा करने में कोई परेशानी नहीं है। मैं यहां अपने बच्चों के साथ हूं। दिलजीत ने शनिवार को नई दिल्ली में अपने दिल-लुमिनाटी टूर 2024 के भारतीय चरण की शुरुआत की थी। इससे पहले वह अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, आयरलैंड, जर्मनी, फ्रांस, इटली और नीदरलैंड जैसे देशों में दुनिया भर के प्रशंसकों का मनोरंजन कर चुके हैं। वह अब जयपुर, हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, पुणे और कोलकाता समेत देश भर के नौ अन्य शहरों की यात्रा करेंगे। उनके भारत दौरे का समापन 29 दिसंबर को गुवाहाटी में होगा।





### वनवास को सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक मानते हैं नाना





**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपनी आने वाली फिल्म वनवास को अपनी अबतक की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक मानते हैं। नाना पाटेकर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म वनवास को लेकर चर्चा में हैं। नाना पाटेकर ने रविवार को अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म वनवास से जुड़ा एक पोस्टर शेयर किया है। इसमें वह घाट पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर में लिखा है, अपने ही देते हैं, अपनों को वनवास। नाना पाटेकर ने कैप्शन देते हुए लिखा, वनवास की पूरी यात्रा मेरे लिए बहुत यादगार रही है। ये आज तक की मेरी सबसे बेस्ट फिल्मों में से एक है। बस दो दिन बाद 29 अक्टूबर को टीजर रिलीज होगा। नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा की मुख्य भूमिका वाली फिल्म वनवास को अनिल शर्मा ने निर्मित और निर्देशित किया है। यह फिल्म ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा वर्ल्ड वाइड रिलीज की जाएगी। फिल्म वनवास 20 दिसंबर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### तुर्की के दक्षिणी प्रांत में भूकंप के तीव्र झटके

**अंकारा।** तुर्की के दक्षिणी प्रांत अदाना में भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये हैं। तुर्की आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार रविवार शाम करीब 05:07 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गयी। भूकम्प का केंद्र कोज़ान जिले में लगभग 20.13 किलोमीटर की गहराई में था।

### ओली नवंबर अथवा दिसंबर में कर सकते हैं चीन की यात्रा

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली नवंबर अथवा दिसंबर में चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाने की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक उच्चस्तरीय सूत्र का हवाला देते हुए माई रिपब्लिका अखबार ने बताया कि विदेश मंत्रालय ऐसे समय में ओली की प्रस्तावित चीन यात्रा की तैयारी कर रहा है जब सरकार अपने कार्यकाल के पहले 100 दिन पूरे कर रही है।

### चाड में सैन्य अड्डे पर हुए हमले में 40 सैनिक मारे गए

**डकार।** चाड के पश्चिमी भाग में एक सैन्य अड्डे पर रविवार रात अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया, जिसमें कम से कम 40 सैनिक मारे गए। चाड के राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। चाड के राष्ट्रपति इदरीस डेबी ने सोमवार सुबह सैन्य अड्डे का दौरा किया और हमलावरों का पता लगाने के लिए सैन्य अभियान शुरू करने की घोषणा की।

### पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में मारे गए 4 आतंकवादी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो सैन्य अभियानों में चार आतंकवादी मारे गये। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने रविवार को एक बयान में कहा कि पहली मुठभेड़ प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में हुई और भीषण गोलीबारी के बाद दो आतंकवादी मारे गए। एक अन्य ऑपरेशन में प्रांत के खैबर जिले में दो आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए।

### नाइजीरिया में रिहायशी इमारत ढही, सात की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया की राजधानी अबुजा के उपनगरीय इलाके में इस सप्ताहांत एक इमारत ढहने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। अबुजा शहर के आपातकालीन विभाग के प्रवक्ता नकेची ईसा ने कहा, हमने तलाश अभियान एवं बचाव कार्य रोक दिया है, क्योंकि हमने खुदाई की और मलबे में कोई भी नहीं बचा। नाइजीरिया में पिछले दो वर्षों में एक दर्जन से अधिक ऐसी घटनाएं दर्ज की गई हैं।

### पाकिस्तान में मानवाधिकार की प्रमुख अधिवक्ता गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की प्रमुख मानवाधिकार अधिवक्ता ईमान जैनब मजारी-हाजिर और उनके पति हादी अली को सरकारी कामकाज में हस्तक्षेप के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच हाल ही में संपन्न हुए टेस्ट मैच के दिन ईमान और अली ने लगाए गए अवरोधकों को हटाने का प्रयास किया था।

# उ. कोरिया ने रूस की मदद को भेजे 10,000 सैनिक

ब्रसेल्स, एजेंसी

● अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय की प्रवक्ता ने जानकारी दी

उत्तर कोरिया ने अगले कुछ हफ्तों में यूक्रेन में लड़ने के लिए लगभग 10,000 सैनिक रूस भेजे हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन की प्रवक्ता सबरीना सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। सिंह ने कहा कि इनमें से कुछ सैनिक लड़ाई के लिए पहले ही यूक्रेन के नजदीक पहुंच चुके हैं।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमारी चिंता बढ़ रही है क्योंकि रूस इन सैनिकों का इस्तेमाल युद्ध में या रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के खिलाफ युद्ध अभियानों में सहायता के लिए करना चाहता है। सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन पहले ही सार्वजनिक रूप से चेतावनी दे चुके हैं कि यदि उत्तर कोरिया के सैनिकों का इस्तेमाल युद्ध के मैदान में किया जाता है, तो उन्हें युद्धरत पक्ष माना जाएगा, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने कहा है कि उत्तर कोरिया के कुछ सैनिक पहले ही रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में तैनात किए जा चुके हैं, जहां रूस यूक्रेनी सैनिकों को पीछे धकेलने के लिए संघर्ष कर रहा है।

## इराक ने संयुक्त राष्ट्र से की इजरायल की शिकायत

**बगदाद।** इराक ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव और सुरक्षा परिषद से ईरान पर हमला करने के लिए इजरायल द्वारा इराक हवाई क्षेत्र और संप्रभुता का उल्लंघन करने को लेकर शिकायत की है। इराक सरकार के प्रवक्ता बसीम अल-अवदी ने सोमवार को कहा कि इराक अपने हवाई क्षेत्र या भूमि का उपयोग अन्य देशों, विशेष रूप से पड़ोसी देशों (जिनके साथ इराक परस्पर सम्मान और हित साझा करता है) पर हमलों के लिए नहीं होने देगा। उन्होंने कहा, इराकी सरकार देश की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# अद्वितीय और आकर्षक समुद्री जीव जेलीफिश

जेलीफिश एक अद्वितीय और आकर्षक समुद्री जीव है जो कई प्रकार के रंग और आकार में पाया जाता है। ये मुख्य रूप से सागर में पाए जाते हैं और इनकी शारीरिक संरचना बहुत दिलचस्प होती है। विश्व जेलीफिश दिवस हर साल 3 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन जेलीफिश के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके महत्व को समझाने के लिए समर्पित है।



**परजीवी जीवन :** जेलीफिश का जीवन चक्र जटिल होता है और इसमें कई चरण होते हैं। वे कभी-कभी अपने जीवन के विभिन्न चरणों में विभिन्न रूपों में होते हैं।

**प्रभाव :** जेलीफिश का समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण स्थान होता है। उनकी आबादी में बदलाव महासागरों के स्वास्थ्य को दर्शाता है।

**संरचना :** जेलीफिश का शरीर मुख्यत: जेली जैसी सामग्री से बना होता है, जिसे मेसोग्लिया कहते हैं। इनका शरीर बेलनाकार होता है और इनके चारों ओर टेंटेकल होते हैं जो उन्हें शिकार करने और बचाव करने में मदद करते हैं।

**पोषण :** जेलीफिश मुख्य रूप से प्लवक और छोटे समुद्री जीवों का भोजन करते हैं। उनके टेंटेकल में मौजूद नशीले तंतु शिकार को पकड़ने में मदद करते हैं।

**विपत्तियां :** कुछ जेलीफिश प्रजातियां जहरीली होती हैं और उनके डंक से मानवों को चोट पहुंच सकती है। इसलिए, जेलीफिश के साथ संपर्क करते समय सावधानी बरतना आवश्यक है।

# एलडीपी 15 साल के बाद बहुमत से चूकी

## निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चुनाव प्रमुख ने दिया इस्तीफा

टोक्यो, एजेंसी

● नए प्रशासन की स्थापना के बाद शिंजिरो कोइज़ुमी को इशिबा के नेतृत्व में चुनाव प्रमुख नियुक्त किया गया था



जापान की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के चुनाव प्रमुख शिंजिरो कोइज़ुमी ने पार्टी के निराशाजनक चुनाव प्रदर्शन के मद्देनजर प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। स्थानीय समाचार चैनल एनएचके ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस कदम को रविवार को आम चुनाव में पार्टी की महत्वपूर्ण हार की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें एलडीपी को 465 सदस्यीय निचले सदन में केवल 191 सीटें हासिल हुई।


जापान के सत्तारूढ़ गठबंधन एलडीपी और उसके सहयोगी कोमिटो को कुल 215 सीटें मिलीं, जो 15 वर्षों में पहली बार आम चुनाव में बहुमत की सीमा से कम हो गईं, जिससे पहले से ही कई चुनौतियों का सामना कर रही अर्थव्यवस्था में राजनीतिक अनिश्चितता भी आ गई। एनएचके ने कोइज़ुमी के हवाले से कहा कि चुनाव प्रमुख के लिए चुनाव के परिणामों की जिम्मेदारी लेना स्वाभाविक है। प्रसारक ने बताया कि इशिबा ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइज़ुमी के बेटे शिंजिरो कोइज़ुमी ने स्वीकार किया कि पार्टी को मतदाताओं के फैसले के मद्देनजर यह स्वीकार करना चाहिए कि एलडीपी को बदलना होगा। उन्होंने चुनावी हार के लिए राजनीतिक वित्तपोषण घोटाले से संबंधित मुद्दों को जिम्मेदार ठहराया। पार्टी अध्यक्ष पद के लिए उनके पिछले प्रयासों के बावजूद, नए प्रशासन की स्थापना के बाद कोइज़ुमी को इशिबा के नेतृत्व में चुनाव प्रमुख नियुक्त किया गया था।

### कन्ट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी की उल्लेखनीय वृद्धि

**टोक्यो।** एलडीपी और कोमिटो को संसद के शक्तिशाली सदन की 465 सीटों में से कुल 215 सीटें मिलीं, जो बहुमत के लिए आवश्यक 233 सीटों से कम है। इसके विपरीत, मुख्य विपक्षी कन्ट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपने प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय वृद्धि की, चुनाव से पहले 98 सीटों से बढ़कर 148 सीटें हो गईं। परिणाम काफी हद तक मीडिया के पूर्वानुमानों के अनुरूप है क्योंकि एलडीपी के फंडिंग घोटाले पर जनता का आक्रोश बरकरार है।

## ईरान: जेल में बंद नोबेल पुरस्कार विजेता अस्पताल में भर्ती

**दुबई।** जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को ईरान के अधिकारियों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने की अनुमति दे दी है। मोहम्मदी करीब नौ सप्ताह से बीमार थीं। सामाजिक कार्यकर्ता के बारे में एक संगठन ने यह जानकारी दी।



फ्री नार्जेस कोलिशन ने रविवार को एक बयान में कहा कि मोहम्मदी को उपचार के लिए 'चिकित्सकीय फरलो' प्रदान किया जाना चाहिए। बयान में कहा गया कि महीनों तक उनकी उपेक्षा और देखभाल के अभाव के कारण यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न हुई है तथा उन्हें अस्पताल में स्थानांतरित करने से ही इसका समाधान नहीं होगा। मोहम्मदी को ईरान की एविन जेल में रखा गया है, जहां राजनीतिक कैदियों और पश्चिमी देशों से जुड़े लोगों को रखा जाता है। वह पहले से ही 30 महीने की सजा काट रही थीं तथा जनवरी में उनकी सजा में 15 महीने और जोड़ दिए गए थे। ईरान के प्राधिकारियों ने शनिवार को उनके खिलाफ छह महीने की अतिरिक्त सजा जारी की।

# डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए भारतीय अमेरिकियों का झुकाव हुआ कम

वाशिंगटन, एजेंसी



● रिपब्लिकन पार्टी के प्रति झुकाव रखने वाले मतदाताओं के आंकड़े में कोई बदलाव नहीं हुआ

अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी नागरिकों का डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रति झुकाव कम होता दिख रहा है जो पार्टी के लिए एक चेतावनी भरा संकेत है, जबकि रिपब्लिकन पार्टी के प्रति झुकाव रखने वाले मतदाताओं के आंकड़े में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एक नए सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई है।

अनुसंधान एवं विश्लेषण कंपनी यूगॉव के सहयोग से कार्नेगी एंडोवमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस द्वारा आयोजित 2024 इंडियन-अमेरिकन एटीट्यूड्स नामक एक नए सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि भारतीय-अमेरिकियों का झुकाव अब भी डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर दिख रहा है लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में मामूली वृद्धि भी देखी जा रही है। यह विश्लेषण 18 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच 714 भारतीय-अमेरिकी नागरिकों के बीच किए गए राष्ट्रीय स्तर के ऑनलाइन सर्वेक्षण पर आधारित है। सर्वेक्षण के अनुसार, पंजीकृत भारतीय-अमेरिकी मतदाता उत्तरदाताओं में से 61 प्रतिशत हैरिस को वोट देने की योजना बना रहे हैं जबकि 32 प्रतिशत ट्रंप को वोट देने का इरादा रखते हैं। इसमें कहा गया है कि 2020 के बाद से ट्रंप को वोट देने के इच्छुक उत्तरदाताओं की हिस्सेदारी में मामूली वृद्धि देखी गई है। दूसरी ओर, 67 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी महिलाएं हैरिस को वोट देने की योजना बना रही हैं जबकि 53 प्रतिशत पुरुषों का कहना है कि वे हैरिस को वोट देने की योजना बना रहे हैं। अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की आबादी 52 लाख से अधिक है। भारतीय-अमेरिकी समुदाय अब अमेरिका में दूसरा सबसे बड़ा आप्रवासी समूह है।

# ट्रंप की रैली में अभद्र और नस्लीय टिप्पणियां कीं

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● वक्ताओं ने प्यूर्टो रिको को कचरे का तैरता हुआ द्वीप और कमला हैरिस को शैतान करार दिया

अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल डोनाल्ड ट्रंप द्वारा न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में आयोजित एक रैली के दौरान कथित तौर पर अभद्र और नस्लीय टिप्पणियां की गईं। चुनाव के दिन से ठीक एक सप्ताह पहले रविवार रात को आयोजित रैली में वक्ताओं ने प्यूर्टो रिको को कचरे का तैरता हुआ द्वीप बताया और डेमोक्रेटिक उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को शैतान करार दिया।

हैरिस को निशाना बनाते हुए वक्ताओं ने कहा कि पहली महिला एवं अश्वेत महिला राष्ट्रपति बनने की होड़ में लगी महिला ने अपना करियर एक वेश्या के रूप में शुरू किया था। स्टैंडअप कॉमेडियन टोनी हिंचक्लिफ ने कहा, मुझे नहीं पता कि आप लोग यह जानते हैं या नहीं, लेकिन समुद्र के बीच में सचमुच कचरे का एक तैरता हुआ द्वीप है। मुझे लगता है कि इसे प्यूर्टो रिको कहा जाता है।

## गाजा में जारी युद्ध में 43,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए

**काहिरा।** इजराइल के साथ एक साल से जारी युद्ध में 43,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें से आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। गाजा में फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को जानकारी दी कि इस संख्या में वे 96 मृतक भी हैं जो पिछले दो दिनों में गाजा के अस्पतालों में पहुंचे हैं। मंत्रालय का कहना है कि सात अक्टूबर 2023 को युद्ध शुरू होने के बाद से कम से कम 43,020 लोग मारे गए हैं और 101,110 अन्य घायल हुए हैं।

## ब्रिटिश सांसद कथित हमले के वीडियो के बाद निलंबित

**लंदन।** ब्रिटेन में लेबर पार्टी ने अपने एक सांसद को एक वीडियो सामने आने के बाद निलंबित कर दिया जिसमें वह एक व्यक्ति को मारते और उसे पीट पीटकर जमीन पर गिराते दिख रहे हैं। उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के रनकॉर्न एंड हेल्स्बी संसदीय क्षेत्र से सांसद माइक एम्सबरी को शनिवार सुबह हुई इस घटना की जांच होने तक निलंबित कर दिया गया है।

मेल ऑनलाइन को प्राप्त निगरानी फुटेज में 55 वर्षीय एम्सबरी फुटपाथ पर एक व्यक्ति के चेहरे पर मुक्का मारते हुए और उसे पीट पीटकर सड़क पर गिराते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में यह भी साफ नजर आ रहा है कि एम्सबरी जब खुद नीचे गिर गए तब भी उन्होंने व्यक्ति को मारना जारी रखा, जबकि अन्य लोग शोर मचाते और उन्हें रुकने के लिए कहते दिख रहे हैं।

# ईरान ने हमला करने वाले आतंकियों को किया खत्म

तेहरान, एजेंसी

● शनिवार को हुई आतंकवादी घटना में 10 ईरानी कानून प्रवर्तन बलों की हत्या हुई थी

ईरानी सुरक्षा बलों पर घातक हमले के पीछे की आतंकवादी टीम को नष्ट कर दिया गया है। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने रविवार को यह जानकारी दी। आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को हुई आतंकवादी घटना के बाद, जिसमें 10 ईरानी कानून प्रवर्तन बलों की हत्या हुई थी।

आईआरजीसी के ग्राउंड फोर्स के कुद्स बेस की परिचालन और खुफिया इकाइयों ने प्रांतीय खुफिया के सहयोग से पुलिस बल आतंकवादियों के ठिकाने की पहचान करने और लड़ाकू ड्रोन का उपयोग करके उन पर हमला करने में कामयाब रहे।

### एक्स ने खामेनेई का हिब्रू अकाउंट किया ब्लॉक

**तेहरान।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का हिब्रू भाषा का अकाउंट शुरू होने के एक दिन बाद सोमवार को ब्लॉक कर दिया। खामेनेई ने रविवार को हिब्रू भाषा में पोस्ट किया कि इजरायल ने ईरान पर हमला करके गलती की है और अपने क्षेत्र पर हमले के लिए ईरान की संभावित प्रतिक्रिया का संकेत दिया।



## भारत से दवाओं के अवैध आयात के लिए ब्रिटेन में दो को जेल

**लंदन।** भारत से ब्रिटेन में अवैध रूप से दवाओं के बड़े पैमाने पर आयात और वितरण में शामिल होने के दो लोगों को ब्रिटेन में जेल की सजा सुनाई गई है। लंदन शहर की पुलिस ने अनुमानित दस लाख पाउंड के रैकेट को विफल कर दिया तथा कार्रवाई के दौरान 730 किलोग्राम से अधिक शक्तिशाली ओपिओइड और शामक दवाएं जब्त कीं।

सलमान अंसारी (33) को प्रतिबंधित श्रेणी ए, बी और सी की दवाओं की आपूर्ति करने के इरादे से उन्हें रखने के 12 मामलों, दवाओं की आपूर्ति करने की साजिश के एक मामले और धन शोधन के एक मामले में दोषी पाए जाने के बाद छह साल की सजा काटनी होगी। वकास सलीम (33) को शुक्रवार को लंदन में एक मुकदमे के अंत में इसी तरह के आरोपों में दोषी पाए जाने पर ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई।

# दिल्ली में प्रदूषण पर नियंत्रण को तैनात होंगे 10 हजार नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली सरकार नगर में प्रदूषण कम करने से संबंधित उपायों को लागू करने में सहायता के लिए उन 10,000 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को तैनात करेगी, जिन्हें पिछले साल सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को परिवहन विभाग और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) सहित विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा, बस मार्शलों को प्रदूषण की दृष्टि से सर्वाधिक जोखिम वाले 13 क्षेत्रों और अत्यधिक प्रदूषण वाले अन्य क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। वे किसी भी अनियमितता को रोकने के लिए 1,000 पीयूसी (प्रदूषण नियंत्रण) केंद्रों के निरीक्षण में भी सहायता करेंगे। हालांकि, भाजपा ने कहा कि पुनर्नियुक्ति पार्टी के अनुरोध पर हुई है और आतिशी बिना योगदान दिए श्रेय ले रही हैं। भाजपा ने कहा कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की अराजक कार्यशैली के कारण नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का जीवन खतरे में पड़ गया है।

### पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में कमी

**चंडीगढ़।** पंजाब में फसल कटाई के बाद की अवधि में इस साल पराली जलाने की घटनाओं में 50 फीसदी की कमी आई है। पंजाब रिमोट सेंसिंग सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, 15 सितंबर से 27 अक्टूबर तक पंजाब में पराली जाने की 1,995 घटनाएं सामने आईं। जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 4,059 था।

# तूफान ट्रामी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 116 हुई

मनीला, एजेंसी

● एनडीआरआरएमसी ने जानकारी देते हुए बताया कि कम से कम 39 लोग अब भी लापता

फिलीपींस में पिछले सप्ताह आए उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 116 हो गई है। फिलीपींस के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि कम से कम 39 अब भी लोग लापता हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि 'ट्रामी' के कारण दो महीने तक भारी बारिश हुयी जिससे देश के 17 क्षेत्रों में 60 लाख 70 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए। लापता 39 लोगों की तलाश जारी है जो या तो भूस्खलन में दब गए हैं या बाढ़ में बह गए हैं। ट्रामी, इस साल फिलीपींस में आने वाला 11वां तूफान है, जो पूरे फिलीपींस में फैल गया है, जो लुज़ोन द्वीप पर, विशेष रूप से बिकोल और कैलाबरज़ोन क्षेत्रों और मध्य एवं दक्षिणी फिलीपींस के क्षेत्रों में विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के साथ विनाश का निशान छोड़ गया है। बाढ़ के पानी ने राजमार्गों और पुलों को ध्वस्त कर दिया, परिवहन बाधित हो गया और घरों में कीचड़ भर गया। ट्रामी के शुक्रवार को फिलीपींस से बाहर निकलने के तीन दिन बाद भी आपदा पीड़ित भोजन और साफ पानी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कई क्षेत्रों में अब भी पेयजल और बिजली की कमी है।


खगोल विज्ञान | बोइंग उपग्रह टूटने से पृथ्वी के चारों ओर फैला अंतरिक्ष मलबा

# अंतरिक्ष उड़ानों के लिए गंभीर खतरा बना कचरा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष में फैल रहा खतरा अंतरिक्ष उड़ानों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। अब बोइंग उपग्रह टूटने से पृथ्वी के चारों ओर बड़ी मात्रा में बिखरे कचरे से स्थिति अधिक गंभीर हो चली है। मलबे की समस्या बढ़ने से खगोल वैज्ञानिक बेहद चिंतित हो चले हैं।

माना कि ब्रह्मांड अनंत में फैला हुआ है। यहां कचरे के ढेर के ढेर समा सकते हैं, लेकिन हर ऑब्जेक्ट का अपना एक सीमित दायरा है। जिसे बाहर नहीं निकाला जा सकता है। कम से कम निष्क्रिय स्पेसक्राफ्ट का पृथ्वी की ऑर्बिट से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। अंतरिक्ष यानों को अंतरिक्ष में भेजे जाने के शुरुआत के दौरान वैज्ञानिकों के मन में कचरे की समस्या को लेकर शायद विचार नहीं रहे होंगे, यदि होते तो आज ये बड़ी समस्या उत्पन्न नहीं होती। बहरहाल बोइंग उपग्रह इंटेलसैट 33ई 19 अक्टूबर टूट गया और उसके मलबे के टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में बिखर गए। बिखरे हुए टुकड़ों की संख्या 20 बताई गई है। इसने पृथ्वी के चारों ओर फैले कचरे की समस्या को गंभीर बना दिया है। जिससे अंतरिक्ष उड़ानों के लिए गंभीर खतरा हो गया है। इस यान को अगस्त 2016 में अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया था। इस उपग्रह के ध्वस्त होने से यूरोप, मध्य अफ्रीका, मध्य पूर्व, एशिया और ऑस्ट्रेलिया की कई संचार व्यवस्थाएं प्रभावित हुई हैं।



पृथ्वी की आर्बिट में चारों ओर फैला कचरा।

### 13 करोड़ से अधिक हुई कचरे की संख्या

**नैनीताल :** पृथ्वी की कक्षा में मलबे की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) का अनुमान है कि पृथ्वी की कक्षा में 10 सेंटीमीटर से बड़े 40,000 से अधिक टुकड़े हैं, जबकि 1 सेंटीमीटर से अधिक बड़े टुकड़ों की संख्या 13 करोड़ जा पहुंची है। इस समस्या से निपटने के उपाय किए जा रहे हैं।

# पाकिस्तान में तीसरा पोलियो टीकाकरण अभियान शुरू

इस्लामाबाद, एजेंसी

● 16 जिलों में पोलिया के विषाणु का पता चलने के बाद सरकार ने अभियान की घोषणा की

पाकिस्तान के 16 जिलों में पोलिया के विषाणु का पता चलने के बाद सरकार ने देशभर में सोमवार को अपना तीसरा टीकाकरण अभियान शुरू किया, ताकि देश के 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो की गिरफ्त में आने से बचाया जा सके।

अखबार डॉन में प्रकाशित खबर के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले सप्ताह विश्व पोलियो दिवस पर प्रधानमंत्री आवास में आयोजित एक समारोह के दौरान तीसरे अभियान की घोषणा की थी। पाकिस्तान में पोलियो के खिलाफ तीन नवंबर तक टीकाकरण अभियान चलेगा। देश में इस साल पोलियो के 41 मामले सामने आए हैं। अभियान के दौरान, स्वास्थ्य विभागों की विशेष टीम घर-घर जाकर 4.5 करोड़ से अधिक बच्चों को टीका लगाएंगी। खबर के अनुसार, अभियान के दौरान बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। खबर में बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा 16 जिलों से लिये गए नमूनों में पोलियोवायरस टाइप-1 (डब्ल्यूपीवी1) पाए जाने की पुष्टि हुई, जिसके बाद देशभर में तीसरी बार टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। पाकिस्तान के बलूचिस्तान से पोलियो के अब तक 21, सिंध से 12, खैबर पख्तूनख्वा से छह तथा पंजाब और इस्लामाबाद से एक-एक मामले सामने आए हैं।